संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार 27 अप्रैल 2026 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 117 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



जम्मू एयरपोर्ट और कटरा में भारतीय जनता पार्टी परिवार, विशेषकर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का आत्मीय स्वागत किया।

# टीएमसी का घमंड टूटा, भाजपा की जीत तयः प्रधानमंत्री मोदी

## रिकॉर्ड मतदान से होगा बदलाव, 29 अप्रैल को नई मिसाल कायम करने की अपील: मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हुगली।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के हरिपाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान की अपील की। ठाकुरनगर में पहली सभा के बाद मोदी हरिपाल पहुंचे, जहां राज्य भाजपा नेतृत्व ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राजा राम मोहन राय तथा रामकृष्ण परमहंस जैसे बंगाल के महान व्यक्तित्वों को याद किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण में मतदान का रिकॉर्ड टूटा है और 29 अप्रैल को होने वाले अगले चरण में इसे और आगे बढ़ाना चाहिए। राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि नवान्न से सरकार नहीं चलती, बल्कि तृणमूल के गुंडे और मस्तान शासन चला रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने जनता का भरोसा खो दिया है, जिसके कारण लोगों को बार-बार अदालतों का रुख करना पड़ रहा है। शिक्षा घोटाले का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तृणमूल के मंत्रियों ने हजारों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि सरकार संवेदनशील होती तो निष्पक्ष जांच कराती, लेकिन अदालतों को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने पंचायत चुनाव 2023 का हवाला देते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब थी कि अदालत को केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देना पड़ा। प्रधानमंत्री ने संदेशखाली और अन्य घटनाओं का उल्लेख करते हुए महिलाओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है और सत्ता में आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को दोगुना किया है और इसके उपयोग को बढ़ावा दिया है, जबकि तृणमूल सरकार उद्योगों को पनपने नहीं दे रही।



### राज्य में सिंडिकेट राज हावी है, जो किसानों से सस्ते में फसल खरीदकर महंगे दाम पर बेचता है: पीएम मोदी

पीएम ने आरोप लगाया कि राज्य में सिंडिकेट राज हावी है, जो किसानों से सस्ते में फसल खरीदकर महंगे दाम पर बेचता है।
प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए कई घोषणाएं करते हुए कहा कि 75 लाख महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जाएगी ताकि उनकी आय एक लाख रुपये सालाना से अधिक हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाएं 20 लाख रुपये तक का ऋण ले सकेंगी, जिसकी गारंटी सरकार देगी।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस का उल्लेख करते हुए लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की और कहा कि यह चुनाव जंगलराज, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और घुसपैठ से मुक्ति का अवसर है।

### बंगाल में तृणमूल कांग्रेस 'मां, माटी, मानुष' के नारे से भटक चुकी है : प्रधानमंत्री मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तर 24 परगना जिलांतर्गत ठाकुरनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। अपने भाषण में उन्होंने मतुआ समुदाय, महिलाओं, किसानों और युवाओं से जुड़े कई मुद्दों को उठाया और राज्य में परिवर्तन की जरूरत पर जोर दिया। सभा की शुरुआत में प्रधानमंत्री ने जय मां दुर्गा, जय मां काली का उद्घोष किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में इस बार जनता तय करेगी कि सरकार किसकी बनेगी। उन्होंने सभा में आए लोगों द्वारा बनाई गई अपनी तस्वीरों की भी सराहना की और उन्हें अपने पास मंगवाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ने अपने बांग्लादेश दौरे को याद करते हुए कहा कि कुछ वर्ष पहले उन्हें ओराकांडी जाने और मतुआ समुदाय से मिलने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि वह भारत के पहले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने वहां जाकर मंदिर में पूजा की और बड़मा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने हरिचांद ठाकुर और गुरुचांद ठाकुर को नमन करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद जीवन भर प्रेरणा देता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस 'मां, माटी, मानुष' के नारे के साथ सत्ता में आई थी, लेकिन अब वह अपने वादों से भटक चुकी है।



पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मतुआ ठाकुर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# अमेरिका में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान चली गोली, ट्रंप सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाशिंगटनः** वाशिंगटन डीसी में शनिवार शाम अभेद्य किलेबंदी के बीच चल रहे व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान पर कार्यक्रम स्थल के बाहर गोलीबारी होने से हड़कंप मच गया। सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स कार्यक्रम स्थल से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को निकाल कर ले गए। ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस गोलीबारी में एक एजेंट घायल हो गया। डिनर का आयोजन वाशिंगटन हिल्टन होटल के बॉलरूम में किया गया था। सीबीएस न्यूज और अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी होते ही ट्रंप को वहां से तुरंत बाहर निकाला गया। इस वार्षिक मीडिया कार्यक्रम के शुरू होने से पहले ही राष्ट्रपति और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप बॉलरूम पहुंच चुके थे। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि वह जल्द ही व्हाइट हाउस से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। ट्रंप ने लिखा, " वह, प्रथम महिला, उपराष्ट्रपति और कैबिनेट के सभी सदस्य पूरी तरह से सुरक्षति हैं। मैंने इस कार्यक्रम के प्रभारी सभी प्रतिनिधियों से बात कर ली है। डिनर का आयोजन 30 दिनों के अंदर दोबारा किया जाएगा।" ट्रंप ने सीक्रेट सर्विस के एजेंट और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कहा यह सब बहादुर हैं। उन्होंने कहा, " हमलावर को पकड़ लिया गया है।" मौके से हासिल फुटेज में नजर आ रहा है कि गोलियों की आवाज सुनने के बाद ट्रंप और वहां मौजूद लोग अपनी मेजों के पीछे छुप गए। इस दौरान चिल्ला रहे थे, "नीचे झुक जाओ।" इसके बाद सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ट्रंप को तेजी से घटनास्थल से दूर ले गए। फिर एजेंट्स ने कार्यक्रम स्थल को चारों ओर से घेर लिया।



## पंजाब सरकार ने सुरक्षा वापस ली, अब भज्जी के साथ रहेंगे सीआरपीएफ के जवान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में जाने वाले राज्य सभा सांसदों के विरूद्ध शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रविवार को पंजाब सरकार ने क्रिकेटर एवं राज्य सभा सांसद हरभजन सिंह भज्जी को दी गई पंजाब पुलिस की सुरक्षा वापस ले ली। इसके कुछ समय बाद ही उन्हें केंद्र सरकार की तरफ से सीआरपीएफ की सुरक्षा प्रदान कर दी गई। भज्जी से पहले पंजाब सरकार ने राघव चड्ढा की सुरक्षा भी वापस ली थी। हरभजन सिंह को पंजाब सरकार की तरफ से बतौर राज्य सभा सांसद वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी। उनके जालंधर स्थित घर पर तैनात पंजाब पुलिस के जवानों को तुरंत वापस बुला लिया गया है। पंजाब पुलिस की सुरक्षा वापस होने के कुछ समय बाद ही केंद्र सरकार ने भज्जी को सीआरपीएफ की सिक्योरिटी दे दी। उनके घर के बाहर ये जवान तैनात कर दिए गए हैं।



## पहले चरण की बंपर वोटिंग से ममता सरकार का सुपड़ा साफः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नदिया।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच जिले के राणाघाट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि पहले चरण में हुई बंपर वोटिंग से राज्य में बदलाव का संकेत मिल गया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही ममता बनर्जी सरकार का सुपड़ा साफ होता दिखाई दे रहा है और 151 सीटों में से लगभग 110 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भारी बहुमत से जीत की ओर बढ़ रही है। अमित शाह ने कहा कि दूसरे चरण का मतदान बाकी काम पूरा कर देगा और राज्य में भाजपा की सरकार बनने का रास्ता साफ हो जाएगा। सभा में मौजूद मां-बहनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं के खातों में हर महीने तीन हजार रुपये भेजने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को भी तीन हजार रुपये की सहायता उनके खातों में दी जाएगी। अमित शाह ने कहा कि सरकारी बसों में मां-बहनों को कोई टिकट नहीं लेना होगा और वे मुफ्त में सफर कर सकेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्नातक करने वाली बच्चियों को 50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। साथ ही जो बेरोजगार युवा फैक्ट्री लगाना चाहते हैं, उन्हें 15 लाख रुपये का लोन देने की व्यवस्था भाजपा सरकार करेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने पूरे बंगाल में घुसपैठियों को रखा है और राज्य को घुसपैठिया मुक्त बनाना जरूरी है।



**सरकारी बसों में मां-बहनों को कोई टिकट नहीं लेना होगा और वे मुफ्त में सफर कर सकेंगी: अमित शाह**

# प्रदेश में संगठित श्रमिकों के लिए राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का होगा गठनः सैनी




**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्रामः** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भारतीय मजदूर संघ द्वारा ऑटो चालकों एवं ड्राइवरों के लिए श्रम कल्याण बोर्ड के गठन की मांग पर घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार संगठित श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का गठन करेगी। इस बोर्ड के माध्यम से ऑटो चालक एवं ड्राइवरों को भी सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा नियम लागू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है, जिसके तहत कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि 15 जून तक इस प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए सभी पात्र कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री रविवार को गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्य स्तरीय श्रमिक जागरुकता एवं सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे ।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सेवा सुरक्षा नियम लागू करने की घोषणा पहले ही की जा चुकी है, जिसके तहत कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र जारी करने की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि 15 जून तक इस प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए सभी पात्र कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर दिए जाएंगे।

## 51.8 लाख एलपीजी सिलेंडर की हुई आपूर्तिः केंद्र सरकार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी हालात के बीच केंद्र सरकार ने देश में पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। सरकार ने बताया कि 25 अप्रैल को देशभर में 51.8 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई, जबकि कहीं भी गैस एजेंसियों पर कमी (ड्राई-आउट) की स्थिति नहीं है। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, देश में एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मंत्रालय ने लोगों से अपील की है कि वे पेट्रोल, डीजल और गैस की अनावश्यक खरीद से बचें और अफवाहों पर ध्यान न दें। मंत्रालय ने बताया कि मार्च 2026 से अब तक लगभग 5.45 लाख पीएनजी कनेक्शन सक्रिय किए गए हैं, जबकि 2.62 लाख अतिरिक्त कनेक्शनों के लिए आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है। साथ ही 42,500 से अधिक उपभोक्ताओं ने पीएनजी अपनाते हुए एलपीजी कनेक्शन सरेंडर किए हैं। सरकार ने आपूर्ति प्रबंधन को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए हैं। रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। एलपीजी की मांग को संतुलित करने के लिए वैकल्पिक ईंधनों जैसे केरोसिन और कोयले की उपलब्धता भी बढ़ाई गई है। वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को प्राथमिकता के आधार पर अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों को दिया जा रहा है। साथ ही प्रवासी श्रमिकों के लिए 5 किलोग्राम सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई गई है। मंत्रालय ने बताया कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए देशभर में सख्त कार्रवाई जारी है। बीते दिन 2100 से अधिक छापेमारी की गई, जबकि 310 गैस एजेंसियों पर जुर्माना लगाया गया।

# मन की बात : जनगणना दुनिया का सबसे बड़ा अभियानः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में रविवार को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को याद करते हुए उन्हें बहु आयामी प्रतिभा के धनी, लेखक और महान विचारक बताया और कहा कि उन्होंने कई प्रसिद्ध संस्थाओं को आकार दिया। प्रधानमंत्री ने शांति निकेतन की अपनी यात्रा को अविस्मरणीय बताया। 9 मई रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम से देश की ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी दो बड़ी उपलब्धियां साझा की। उन्होंने तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा क्रिटिकलिटी हासिल करने पर वैज्ञानिकों को बधाई दी। साथ ही पवन ऊर्जा क्षेत्र में देश की उत्पादन क्षमता 56 गीगावॉट तक पहुंचने की उपलब्धि का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 133वें एपिसोड में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी उपलब्धि को भारत की परमाणु ऊर्जा यात्रा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह रिएक्टर पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से निर्मित है, जो देश की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता को दशार्ता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने देश के अलग-अलग राज्यों में पवन ऊर्जा क्षमता के विस्तार के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पिछले 1 साल में देश ने 6 गीगावॉट क्षमता बढ़ाई है। इससे देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता 56 गीगावॉट तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के माध्यम से देश में जारी जनगणना को सफल बनाने के लिए जन भागीदारी की अपील की। उन्होंने बताया कि अब तक एक करोड़ 20 लाख मकान का सूचीकरण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से स्वयं फॉर्म भरने के बारे में भी जानकारी दी।



**कार्यक्रम में रविवार को गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को याद करते हुए उन्हें बहु आयामी प्रतिभा के धनी, लेखक और महान विचारक बताया**

## गुवाहटी हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने पर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पवन खेड़ा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गौहाटी उच्च न्यायालय के अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुईयां शर्मा की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मामले में गौहाटी उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। गौहाटी उच्च न्यायालय ने पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उन्होंने राजनीतिक लाभ लेने के लिए एक निर्दोष महिला को विवादों में घसीटा। गौहाटी उच्च न्यायालय के पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय ने पवन खेड़ा को 10 अप्रैल को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी। तेलंगाना उच्च न्यायालय के आदेश को असम पुलिस ने उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी।

### गुरुग्रामः मुख्यमंत्री ने एनएच-48 पर देखी सफाई, अशोक विहार में नाले का निरीक्षण

# नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं में नहीं होनी चाहिए कोई कमीः सीएम सैनी

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम शहर में अलग-अलग स्थानों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में रविवार को श्रमिकों के सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम शहर में अलग-अलग स्थानों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सुबह एनएच-48 और दोपहर को अशोक विहार-भीमगढ़ खेड़ी के समीप लेग-2 ड्रेन का निरीक्षण किया। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मुख्यमंत्री के साथ रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीडब्ल्यू रेस्ट हाउस से भाजपा कार्यालय गुरुकमल जाते हुए एनएच-48 की सर्विस लेन पर अपना काफिला रूकवार सफाई, हरियाली व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर ही सबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गुरुग्राम में नागरिकों की सुविधा से जुड़ी किसी सेवा में कमी नहीं रहनी चाहिए। वे लगातार नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं का फीडबैक ले रहे है और स्वयं निरीक्षण कर जायजा लेंगे। उन्होंने सडकों के किनारे हरियाली व शहर के विभिन्न पार्कों के उचित रखरखाव करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने रविवार की दोपहर अशोक विहार-भीमगढ़ खेड़ी के समीप से गुजर रही लेग-2 ड्रेन का निरीक्षण किया। उन्होंने लेग-2 ड्रेन के गंदे पानी को साफ करने के प्रयासो के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए इस ड्रेन की सफाई निरंतर होनी चाहिए तथा इसके पानी के नियमित रूप से सेंपल लिया जाए। साथ ही ड्रेन के दोनों किनारों की सफाई कर इसका सुदृढ़ीकरण भी किया जाए। इस अवसर पर डीसी उत्तम सिंह, नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया, सीपी विकास अरोड़ा व जीएमडीए और अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



# मन की बात में छत्तीसगढ़ का निरंतर जिक्र गौरव की बातः मुख्यमंत्री साय

□ प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में काले हिरण संरक्षण प्रयासों की सराहना कर बढ़ाया प्रदेश का मान - मुख्यमंत्री श्री साय, जनभागीदारी और नवाचार को राष्ट्रीय मंच पर मिल रही पहचान उत्साहजनक : की बातह्व देश के जनमानस को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम - मुख्यमंत्री, विष्णु देव साय ने इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है, उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों का लगातार जिक्र होना न केवल राज्य की पहचान को सुदृढ़ करता है

**आर्थिक उन्नति**

□ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिलाओं को ड्रोन प्रदान कर आर्थिक उन्नति करने का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में छत्तीसगढ़ में काले हिरण के संरक्षण के प्रयासों का उल्लेख किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों का लगातार जिक्र होना न केवल राज्य की पहचान को सुदृढ़ करता है, बल्कि प्रदेशवासियों के मनोबल को भी नई ऊंचाई प्रदान करता है। मुख्यमंत्री साय ने राजधानी रायपुर के भाटागांव स्थित विनायक सिटी में विशाल जनसमूह के साथ मन की बात की 133वीं कड़ी का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मन की बात आज देश के जनमानस को जोड़ने वाला एक सशक्त माध्यम बन चुका है, जिसके जरिए देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचार, जनभागीदारी और जमीनी स्तर के उत्कृष्ट प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान मिलती है।






## छत्तीसगढ़ राज्यों के लिए भी एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में उभर रहा

पीएम मोद ने कहा कि यह अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में उभर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि बांस को पेड़ की श्रेणी से अलग कर विशेष श्रेणी में शामिल किए जाने के बाद इसके उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं की आय में सकारात्मक बदलाव आया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा पवन ऊर्जा की आवश्यकता और संभावनाओं पर दिए गए विशेष जोर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी इस दिशा में निरंतर और ठोस प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने एक अनूठी पहल करते हुए उपस्थित जनसमूह के साथ घर से लाए गए छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को साझा कर साथ में भोजन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास, अपनापन और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा, विधायक श्री संपत अग्रवाल, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, श्री अजय जामवाल, अखिलेश सोनी, श्री रमेश ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सुशासन की नई मिसाल। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अभिभावक की तरह देशवासियों से संवाद करते हुए न केवल प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाते हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस संवाद के माध्यम से लोगों में सहभागिता की भावना मजबूत होती है और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को नई ऊर्जा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में काले हिरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेख होना राज्य के लिए विशेष सम्मान का विषय है। पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति प्रदेश की प्रतिबद्धता मजबूत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एक अभिभावक की तरह देशवासियों से संवाद करते हुए न केवल प्रेरणादायक कहानियों को सामने लाते हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग को सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस संवाद के माध्यम से लोगों में सहभागिता की भावना मजबूत होती है और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को नई ऊर्जा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में काले हिरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों का राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेख होना राज्य के लिए विशेष सम्मान का विषय है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति प्रदेश की प्रतिबद्धता मजबूत है।

## श्रीनगर में खेल चिंतन शिविर में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव




**रायपुरः** राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों का दो दिवसीय चिंतन शिविर आज श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में प्रारंभ हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण आयोजन में केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, राज्य मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे, विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के खेल मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव यशवंत कुमार इस चिंतन शिविर में भागीदारी कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इस मौके पर कहा कि छत्तीसगढ़ खेलों के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ पूरे देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगा।

श्री साव ने बताया कि आज शिविर के पहले दिन केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के साथ देश में खेलों को नई दिशा देने पर मंथन किया गया। यह पहल न केवल नीतियों को मजबूत करेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को आगे लाने का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

# भारत वैश्विक खेल शक्ति, मजबूत खेल व्यवस्था से ही ओलंपिक में सफलता संभवः अरुण साव

**'गुड गवर्नेंस**

□ उप मुख्यमंत्री ने श्रीनगर में राष्ट्रीय खेल चिंतन शिविर में 'गुड गवर्नेंस इन स्पोर्ट्स' सत्र की अध्यक्षता की



**टीम एक्शन इंडिया**

रायपुरः केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्रालय द्वारा श्रीनगर में आयोजित खेल चिंतन शिविर के दूसरे दिन आज उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने 'गुड गवर्नेंस इन स्पोर्ट्स' पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने इस दौरान छत्तीसगढ़ की खेल योजनाओं एवं भविष्य की रणनीतियों पर बेस्ट प्रेक्टिसेस पर आधारित वीडियो प्रेजेंटेशन भी दिया। खेल मंत्रियों एवं अधिकारियों के समक्ष छत्तीसगढ़ में खेलों और खिलाड़ियों के विकास के लिए लागू बेस्ट गवर्नेंस प्रेक्टिसेस को विस्तार से साझा किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों से सुझाव भी प्राप्त किए। चिंतन शिविर में शामिल अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ की भावी योजनाओं की सराहना करते हुए इसे एक प्रभावी मॉडल बताया। राष्ट्रीय खेल चिंतन शिविर के दौरान दो दिनों तक विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रियों एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों से संवाद कर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। अवसंरचना, प्रतिभा संवर्धन एवं खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करने पर जोर दिया। प्रतिभा, पारदर्शिता और अवसर से ही भारत वैश्विक खेल शक्ति बनेगा। मजबूत खेल व्यवस्था और प्रोत्साहन से ही देश को ओलंपिक खेलों में बड़ी सफलता मिलेगी। चिंतन शिविर छत्तीसगढ़ और पूरे देश में खेलों के समग्र विकास, सुदृढ़ खेल व्यवस्था के निर्माण तथा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# तमिलनाडु और मेघालय में जैव विविधता संरक्षण को केंद्र की पांच वर्षीय परियोजना

**परियोजना**

□ सत्यमंगलम परिदृश्य जिसमें मुदुमलाई बाघ अभयारण्य और सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश में जैव विविधता संरक्षण को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और ग्राम पंचायतों की विकास योजनाओं में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार ने पांच वर्षीय एक परियोजना शुरू की है। इस पहल के तहत स्थानीय समुदायों, पंचायत संस्थाओं और विभिन्न एजेंसियों को जोड़कर संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ आजीविका के अवसर भी विकसित किए जाएंगे। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई जैव विविधता संरक्षण प्रतिबद्धताओं को सुरक्षित करने के लिए संस्थागत क्षमता सुदृढ़ीकरण परियोजना वर्ष 2025 से 2030 तक चलेगी। इस परियोजना को वैश्विक पर्यावरण सुविधा और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से 4.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर की वित्तीय सहायता प्राप्त होगी। यह परियोजना तमिलनाडु और मेघालय के दो महत्वपूर्ण पारिस्थितिक क्षेत्रों में लागू की जाएगी। तमिलनाडु में पश्चिमी और पूर्वी घाटों के संगम क्षेत्र स्थित सत्यमंगलम परिदृश्य जिसमें मुदुमलाई बाघ अभयारण्य और सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य शामिल हैं। इन वन क्षेत्रों से जुड़े समुदायों की भागीदारी से जैव विविधता संरक्षण को ग्राम पंचायत विकास योजनाओं में शामिल किया जाएगा।

# जनगणना के लिए ग्रामीणों को दी जा रही स्वगणना की जानकारी

**जनगणना**

□ ग्राम पंचायतों में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को जनगणना से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है



**टीम एक्शन इंडिया**

**जगदलपुरः** आगामी जनगणना कार्य को सुगम एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। प्रशासन द्वारा विशेष ग्रामसभा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में बैठक आयोजित कर ग्रामीणों को जनगणना से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्रदान की जा रही है। बैठकों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि ऑन लाइन स्वगणना के माध्यम से वे स्वयं अपने परिवार की सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में भर सकते हैं। स्व गणना में परिवार के मुखिया का नाम,मोबाइल नंबर, घर का पता, मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की जानकारी, वाहन, बिजली, पानी की व्यवस्था सहित अन्य जानकारी देने तथा सही जानकारी दर्ज करने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया जा रहा है।स्वगणना भरने से जनगणना करते समय प्रेक्षकगण को सहूलियत होगी और समय भी लगेगा।

ग्रामीणों को यह भी बताया जा रहा है कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विकास योजनाओं का निर्माण और संसाधनों का निर्धारण किया जाता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।

# सोना के भाव में सांकेतिक गिरावट, चांदी में मामूली बढ़ोतरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में सांकेतिक कमजोरी का रुख है। हालांकि देश के दूसरे सरार्फा बाजारों के विपरीत चेन्नई में आज सोने के भाव में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सरार्फा बाजारों में आज चांदी के भाव में भी मामूली तेजी दर्ज की गई है। सोने के भाव में आज हुए उतार-चढ़ाव के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,54,040 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,41,200 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में आए मामूली उछाल के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में आज 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 1,740 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी आ गई।

# तकनीकी क्षमता से परिभाषित होगी राष्ट्रों की शक्ति : जितेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि सामूहिक प्रयासों से भारत न केवल विकसित राष्ट्र बनेगा बल्कि वैश्विक प्रगति को भी नई दिशा देगा। आने वाले दशकों में किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसकी तकनीकी क्षमता से परिभाषित होगी। डॉ. सिंह ने यह बात लॉस एंजिल्स में वर्चुअल माध्यम से आयोजित 'अखिल-आईआईटी पूर्व छात्र सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कही। इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के प्रौद्योगिकी नेता, उद्यमी, निवेशक और शोधकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने



कहा, "भारत को तकनीकी संप्रभुता हासिल करने और वैश्विक स्तर पर अपनी प्रगति को नई दिशा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में नेतृत्व करना होगा।" नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं रहा बल्कि एक वैश्विक नवप्रवर्तक के रूप में उभर रहा है। साल 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार हमारी नींव हैं। अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार, जैव प्रौद्योगिकी में प्रगति और डीप-टेक स्टार्टअप्स का उदय भारत की बढ़ती वैश्विक शक्ति के जीवंत प्रमाण हैं। भारतीय प्रवासियों, विशेष रूप से आईआईटी के पूर्व छात्रों के योगदान की सराहना करते हुए मंत्री ने उन्हें भारत और वैश्विक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। उन्होंने कहा कि निवेश, मार्गदर्शन और नीतिगत भागीदारी के माध्यम से प्रवासी भारतीय देश के विकास पथ को निरंतर मजबूत कर रहे हैं।

**व्यवस्था**

□ निवेश, मार्गदर्शन और नीतिगत भागीदारी के माध्यम से प्रवासी भारतीय देश के विकास पथ को निरंतर मजबूत कर रहे हैं

# भारत सरकार के मिशन कर्मयोगी-साधना सप्ताह में एसईसीएल को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 10 में स्थान



**टीम एक्शन इंडिया**

**बिलासपुर/छत्तीसगढ़ः** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड , कोल इंडिया लिमिटेड की प्रमुख सहायक कंपनी, को मिशन कर्मयोगी - साधना सप्ताह 2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए देश के टॉप 10 परफॉर्मिंग संगठनों में स्थान प्राप्त हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग द्वारा रएउछ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन को प्रशंसा-पत्र प्रेषित किया गया है। प्रशंसा-पत्र में रएउछ की सक्रिय सहभागिता, कोर्स पूर्णता में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा क्षमता निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की गई है । प्रशंसा-पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि साधना सप्ताह (2-10 अप्रैल 2026) के दौरान रएउछ की प्रभावी भागीदारी तथा कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर व्यापक जुड़ाव, संगठन में निरंतर सीखने की संस्कृति एवं क्षमता निर्माण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कर्मयोगी भारत सरकार का एक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसे मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य सरकारी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को सतत सीखने, कौशल उन्नयन एवं क्षमता निर्माण के लिए एकीकृत मंच प्रदान करना ह इसी दिशा में द्वारा कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर कर्मचारियों के कौशल विकास हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, सतत एवं धारणीय विकास तथा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व से संबंधित विषय प्रमुख हैं, जो कर्मचारियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बना रहे हैं। यह सम्मान पूरे एसईएलसी परिवार के लिए गर्व का विषय है। यह हमारे कर्मयोगियों की प्रतिबद्धता, सीखने की ललक एवं उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को दर्शाता है। हम आगे भी क्षमता निर्माण, डिजिटल लर्निंग एवं सतत विकास के क्षेत्र में अपने प्रयासों को और सशक्त करते रहेंगे।

### अब लंका में राम का राज दिखने लगा, सुशासन एक्सप्रेस बनी ग्रामीणों के लिए वरदान

# नारायणपुर के सबसे सुदूर 'लंका' गांव तक पहुंचा प्रशासन

**विकास**

□ प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में नारायणपुर जिला में विकास और सुशासन की एक नई इबारत लिखी जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री नेतृत्व और जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में नारायणपुर जिला में विकास और सुशासन की एक नई इबारत लिखी जा रही है। जिले के ओरछा विकासखंड के सुदूर और दुर्गम छोर पर स्थित लंका गांव में दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कर प्रशासन ने यह सिद्ध कर दिया कि विकास की किरणें अब अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं।



**द्वार पहुंचा 'सुशासन'**

जिला मुख्यालय से लगभग 130 किलोमीटर दूर और इन्द्रावती नदी के किनारे बसा लंका गांव, जो कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता था, वहां आजादी के बाद पहली बार जिला स्तरीय प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की टीम ने नदी-नालों और पहाड़ों के कठिन रास्तों को पार कर ग्रामीणों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को न केवल सुना, बल्कि मौके पर ही उनका समाधान भी किया।



**दुर्गम रास्तों को पार कर ग्रामीणों के**

**सुशासन एक्सप्रेस बनी ग्रामीणों के लिए वरदान**

इस शिविर में सबसे बड़ा आकर्षण 'सुशासन एक्सप्रेस' रही। वाई-फाई युक्त इस मोबाइल सेवा वाहन ने ग्रामीणों की तकनीकी बाधाओं को दूर कर दिया।

इस वाहन के माध्यम से तत्काल आधार कार्ड, जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र सहित 27 प्रकार के आवश्यक दस्तावेज मौके पर ही तैयार किए गए। इससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए बार-बार जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की मजबूरी से मुक्ति मिली। सुशासन एक्सप्रेस के माध्यम से अब तक कुल 17,520 आवेदनों का त्वरित निस्तारण कर रिकॉर्ड बनाया गया है।

# अनिल विज ने संगत सेवा वैन को दिखाई हरी झंडी

**लंगर परोसा**

**फ्री लंगर सेवा वैन के माध्यम से लोगों को अपने हाथों से लंगर परोस कर सेवा की**






**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनका सीना गर्व से चौड़ा हो रहा है, क्योंकि सेवा सिमरन सोसायटी, गुरुद्वारा रेजिमेंट बाजार द्वारा कैपिटल चौक से गुरुद्वारा श्री पंजोखरा साहिब जाने के लिए संगत सेवा फ्री वैन और श्री गुरू नानक की रसोई फ्री लंगर सेवा वैन की शुरूआत की जा रही है। विज ने यह बात कैपिटल चौक पर दोनों निशुल्क सेवा वैन के उद्घाटन अवसर पर मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने फ्री वैन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा फ्री लंगर सेवा वैन के माध्यम से लोगों को अपने हाथों से लंगर परोस कर सेवा की। उन्होंने कहा कि लंगर वैन के माध्यम से कैपिटल चौंक, नागरिक अस्पताल अम्बाला छावनी, रेलवे स्टेशन अम्बाला छावनी, बस स्टैण्ड अम्बाला छावनी व अन्य स्थानों पर जरूरतमंदों को लंगर सेवा दी जाएगी तथा दूसरी वैन के माध्यम से श्रद्धालुओं को कैपिटल चौक से गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब तक छोड़ा व वहां से लाया जा सकेगा।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सेवा सिमरन सोसायटी के इस पुनित कार्य को करने से मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया हैं। इससे जरूरतमंद लोगों को फ्री लंगर सेवा के माध्यम से निशुल्क भोजन उपलब्ध होगा। इसके साथ-साथ संगत सेवा वैन से श्रद्धालुओं को गुरूद्वारा व मंन्दिरों के दर्शन के लिए लाने व ले जाने की फ्री यात्रा सेवा मिलेगी। कैबिनेट मंत्री विज ने कहा कि इंसान को अपने तन-मन को धोने के लिए किसी साबुन या पानी की आवश्यकता नहीं होती, सेवा ही तन-मन को धोने का सर्वोत्तम साधन हैं। सेवा से आत्मा शुद्ध होती है, सेवा से व्यक्ति में अच्छे संस्कार आते हैं, सेवा से पूर्व जन्मों के किए गए गलत कार्य भी मिट जाते हैं, सेवा अपने कर्जे उतारने का साधन हैं।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मेरे शहर की संस्था सेवा सिमरन सोसायटी कुछ न कुछ लोगों की भलाई के कार्य करती रहती हैं। इससे पहले सेवा सिमरन सोसायटी के प्रधान सरदार ब्रहमजीत सिंह खालसा ने मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी के विकास के लिए अनेकों सराहनीय कार्य किए हैं।

## वाहन चैकिंग अभियान में नूंह पुलिस की एक और सफलता



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहन चैकिंग अभियान एवं यातायात नियम उल्लंघन के खिलाफ लगातार कार्रवाई के तहत पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। अभियान के दौरान प्रबंधक थाना सदर पुन्हाना, निरीक्षक सुभाष के नेतृत्व में गठित टीम ने चोरी की एक मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की एक काली रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई, जिसका वास्तविक रजिस्ट्रेशन नंबर पाया गया। मौके से बिलाल पुत्र इब्राहिम निवासी गांव लहरवाड़ी, थाना सदर पुन्हाना, जिला नूंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सदर पुन्हाना में एफआईआर दर्ज की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बरामद मोटरसाइकिल चोरी के एक पुराने मामले से संबंधित है, जिसका मुकदमा वर्ष 2023 में थाना न्यू अशोक नगर, ईस्ट जिला क्राइम ब्रांच दिल्ली में पहले से दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी वाहन चोरी के मामलों में आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ बाइक चोरी से जुड़े 7 मामलें पहले से दर्ज हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## चीका शहर में ड्यूटी पर गई पोस्ट ऑफिस कर्मचारी के घर से 7 लाख की चोरी



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** यहां चीका शहर में एक मकान से करीब 7 लाख रुपए के सोने के गहने चोरी कर लिए गए। मकान मालिक महिला पोस्ट आफिस में काम करती है और चोरी के समय वह ड्यूटी पर गई हुई थी। वापस लौटी तो मकान के ताले टूटे हुए मिले। घर में सामान बिखरा पड़ा था। इस संबंध में महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। इस सम्बन्ध में वार्ड नंबर 3 चीका निवासी सरोज ने चीका थाने में दी शिकायत में बताया कि वे पोस्ट आफिस गांव भागल में नौकरी करती है और 23 अप्रैल की सुबह के समय वह अपने घर के ताले लगाकर ड्यूटी पर गई थी। उसने बताया कि वह शाम को अपने काम से बस के जरिए गांव हरसौला चली गई थी। अगले दिन हरसौला से अपनी ड्यूटी करने चली गई और शाम को ड्यूटी से आने के बाद वह सो गई। करीब छह जब वह उठी, तो उसने पाया कि सीढि?ं की कुंडी ऊपर की करफ से बंद थी नतीजतन जब वह ऊपर गई, तो उसे चौबारे का ताला टूटा व दरवाजा खुला मिला। सरोज ने बताया कि जब उसने अपना बैड और पेटी के कपड़े देखे, तो सभी बिखरे मिले। बैड में रखे गहने गायब थे। चोर उनके घर से तीन तोले सोने के कान के टोप्स के साथ रानी हार, दो चेन सेट, मंगल सूत्र, टीका, दो अंगूठियां व अन्य सामान चोरी करके ले गए। उन्होंने बताया कि चोरी हुए सामान की कीमत सात लाख रुपए है। इस सम्बन्ध में चीका थाना के जांच अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## चीका शहर में पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी के स्थापना दिवस पर सजेगी हंसी की महफिल



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** चीका शहर में पंजाबी वेलफेयर सोसाइटी चीका के स्थापना दिवस पर हंसी की महफिल जमेगी। मालूम रहे कि सोसाइटी अपने गौरवशाली 21वें स्थापना दिवस पर 30 अप्रैल को पंजाबी धर्मशाला में भव्य समारोह आयोजित करने जा रही है, जिसमें हंसी की एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें लोग हंसी ठहाकों का लुत्फ उठाएंगे। इस वर्ष समारोह का मुख्य उद्देश्य पंजाबी परिवार को एकजुट कर समुदाय में आपसी प्रेम बढ़ाना रखा गया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान अशोक भाटला ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह को यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे गौरवशाली पंजाबी विरसे और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने गुहला चीका क्षेत्र के सभी पंजाबी वर्ग से जुड़े लोगों का आह्वान किया कि वे परिवार सहित पहुंचकर उक्त कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण कैथल के प्रसिद्ध हास्य कवि डा. प्रद्युमन भल्ला एवं डा. राजीव शर्मा की शानदार प्रस्तुति रहेगी। दोनों कवि अपनी हाजिरजवाबी और हास्य रचनाओं से कार्यक्रम को यादगार बनाएंगे।

## आज गौ संरक्षण को लेकर निकलेगी यात्रा, राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर,(कुलदीप सैनी) :** गौमाता के संरक्षण और सम्मान को लेकर देशव्यापी अभियान के तहत सोमवार को रादौर में यात्रा निकाली जाएगी। रादौर में आज पत्रकारों से बातचीत में आचार्य विजय गोपाल ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना और देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करवाना है। उन्होंने बताया कि 27 अप्रैल को देश की करीब पांच हजार तहसीलों में एक साथ यह अभियान चलाया जाएगा। रादौर में यात्रा सुबह 9 बजे पुलिस स्टेशन के सामने से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचेगी।

## आरोही मॉडल स्कूल की छात्राओं ने एएमयू में रखा कदम



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** **शैक्षिक** पिछड़ेपन को दूर करने और छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करने की दिशा में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रिवासन (नूंह) ने एक नया इतिहास रच दिया है। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद जुनैद की विशेष रुचि और निष्ठावान मार्गदर्शन में स्कूल की चार छात्राओं– आलिया, रुमाना, अलमा और रिजवाना ने पहली बार देश के प्रतिष्ठित संस्थान अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की 11वीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा में भाग लिया। यह पहला अवसर है जब आरोही स्कूल की छात्राओं ने इतनी बड़ी केंद्रीय यूनिवर्सिटी का रुख किया है, जिसे क्षेत्र में लड़कियों की शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के संदर्भ में एक बड़ी सफलता माना जा रहा है। ?प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद जुनैद ने न केवल इन छात्राओं का उत्साहवर्धन किया, बल्कि उन्हें प्रवेश परीक्षा की तैयारी, फॉर्म भरने की प्रक्रिया और अलीगढ़ के शैक्षिक वातावरण से परिचित कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस शैक्षणिक संरक्षण की बदौलत इन छात्राओं के लिए राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के रास्ते खुले हैं।

अपनी बेटियों को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी जैसे ऐतिहासिक शैक्षणिक संस्थान तक पहुँचाने पर अभिभावकों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रिंसिपल साहब का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया है। अभिभावकों का कहना है कि डॉ. मोहम्मद जुनैद के प्रयासों और सही मार्गदर्शन की वजह से उनकी बच्चियां पहली बार अलीगढ़ पहुँचने में सफल हुईं, जो उनके भविष्य के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। छात्राओं की इस यात्रा से स्कूल के अन्य छात्रों में भी उच्च शिक्षा के प्रति नया उत्साह पैदा हुआ है।

स्थानीय लोगों और शैक्षणिक हलकों ने डॉ. मोहम्मद जुनैद की इस पहल की जमकर सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इस तरह के मार्गदर्शन से आरोही स्कूल के बच्चे भविष्य में भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते रहेंगे।

## शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत जरूरी: कैलाशो सैनी



**बाबैन, 26 अप्रैल (विजय कौशिक):** भारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रांगण में वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव आगाज 2026 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण के रूप में प्रसिद्ध हरियाणवी गायक एवं अभिनेता अजय हुड्डा ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, चेयरमेन ओमनाथ सैनी तथा वाइस चेयरमैन भारत सैनी ने अजय हुड्डा का बुक्का भेंट कर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। जैसे ही अजय हुड्डा मंच पर पहुंचे, पूरा परिसर तालियों और सीटियों की गूंज से गूंज उठा और माहौल पूरी तरह उत्साह एवं ऊर्जा से भर गया। अजय हुड्डा ने अपने सुपरहिट हरियाणवी गीतों और दमदार प्रस्तुति से छात्रों एवं स्टाफ का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया और कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भांगड़ा, हरियाणवी लोक नृत्य, समूह नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## नारनौल में रेहड़ी पर मिला युवक का शव

**नारनौल।** नारनौल के रेवाड़ी रोड स्थित महावीर चौक के पास रविवार को एक रेहड़ी पर युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव का आधा हिस्सा रेहड़ी से नीचे लटका हुआ था, जिसे देखकर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

सूचना मिलते ही महावीर चौक पुलिस चौकी प्रभारी पंकज कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की और प्रारंभिक जांच की।

## पल्ला पहाड़ में नूंह पुलिस और गो-तस्कर की मुठभेड़, आरोपी शकीर घायल



**शिकंजा**

**वांछित गो–तस्कर शाकिर की मुठभेड़ हो गई, जिसमें आरोपी के सीधे पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया**

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले के सदर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सीआईए नूंह और पुन्हाना अपराध शाखा की संयुक्त टीम के साथ वांछित गो-तस्कर शाकिर की मुठभेड़ हो गई, जिसमें आरोपी के सीधे पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल आरोपी की पहचान शाकिर पुत्र नवाबदीन निवासी लुहिंगा कला थाना पुन्हाना के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज नूंह में भर्ती कराया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सीआईए नूंह प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप मोर एवं सीआईए पुन्हाना प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम वांछित आरोपी की तलाश में थी। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी मोटरसाइकिल पर तावडू की तरफ से पल्ला पहाड़ मार्ग से नूंह की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर अरावली हर्बल नर्सरी के सामने नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी नाकाबंदी देखकर भाग निकला और पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। अरावली क्षेत्र में बाइक का संतुलन बिगड़ने से आरोपी गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस के अनुसार उसने अवैध देशी कट्टे से पुलिस पार्टी पर सीधी फायरिंग कर दी, जिसकी गोली इंस्पेक्टर संदीप मोर के पास से निकल गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी को आत्मसमर्पण के लिए चेतावनी दी गई, लेकिन वह दोबारा हथियार लोड करने लगा, जिसके बाद आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी के पैर की ओर फायर किया गया, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा और उसे काबू कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ नूंह सदर थाना में मुठभेड़ के संबंध में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक शाकिर पर पुन्हाना, नूंह सदर व नगीना सहित विभिन्न थानों में गोकशी और अन्य मामलों के करीब 10 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध के विरुद्ध ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**नूंह मेवात (लियाकत अली ): जिले** के थाना सदर तावडू पुलिस ने संगठित अपराध और अवैध हथियार रखने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शकील पुत्र अयूब और जमशेद पुत्र रज्जाक निवासी गांव सालाका, थाना सदर तावडू के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अवैध हथियार और कारतूस के साथ काबू किया है। इस मामले में तावडू सदर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अवैध हथियार अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में अवैध हथियारों के साथ घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर केएमपी टोल के पास रेड कर दोनों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान शकील के कब्जे से देशी कट्टा तथा जमशेद के कब्जे से कारतूस बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में आरोपी शकील के खिलाफ पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले में संगठित अपराध से जुड़ी धारा भी जोड़ी है। जांच के दौरान आरोपियों ने अवैध हथियार और कारतूस खरीदने को लेकर खुलासे किए हैं, जिनके आधार पर सप्लाई नेटवर्क और संभावित अन्य वारदातों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से गहन पूछताछ और हथियार उपलब्ध कराने वालों की तस्दीक के लिए दोनों को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से अन्य आपराधिक वारदातों, हथियार तस्करी कनेक्शन और संगठित अपराध से जुड़े पहलुओं पर पूछताछ करेगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में आगे की जांच जारी है।

## लाडवा में संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल द्वारा 'नो बैग डे' का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 26 अप्रैल (विजय कौशिक) :** संत निश्चल सिंह पब्लिक स्कूल, लाडवा में आज विद्यार्थियों के लिए विशेष नो बैग डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों को किताबों के बोझ से मुक्त रखते हुए विभिन्न शैक्षिक और मनोरंजक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर दिया गया। कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 से 3 तक के छात्रों को ओ.पी. जिंदल पार्क, कुरुक्षेत्र में भ्रमण के लिए ले जाया गया, जहां उन्होंने प्रकृति के बीच खेलकूद और मनोरंजन का आनंद लिया। वहीं कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों ने सलेमपुर फार्म हाउस का दौरा किया और ग्रामीण परिवेश से जुड़ी गतिविधियों का अनुभव प्राप्त किया। वहां सरदार हरजिंदर सिंह और उनकी पत्नी नवदीप गिल ने बच्चों का बहुत अच्छे से स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को पेड़ों से ताजे फल तोड़कर खिलाए, साथ ही रिफ्रेशमेंट भी दी। बच्चों ने वहां ताजे फलों का खूब आनंद उठाया। कक्षा 6 से 8 के छात्रों ने ओल्ड एज होम (वृद्धाश्रम) और मंडोखरा साहिब गुरुद्वारा का दौरा किया। जहां उन्होंने बुजुर्गों के साथ समय बिताया और सेवा भावना का संदेश ग्रहण किया। इसके अलावा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए इंटर-हाउस क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

## जेएमआईटी में पीटीएम आयोजित, 305 अभिभावकों ने लिया भाग



**रादौर, 26 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में सभी विभागों के लिए पेरेंट्स-टीचर्स मीट (पीटीएम) का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 305 अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक प्रगति व सर्वांगीण विकास से अभिभावकों को अवगत कराना रहा। कॉलेज के निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग ने कहा कि संस्थान उद्योगोन्मुखी शिक्षा, इंटर्नशिप व कौशल आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को रोजगार के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 382 प्लेसमेंट ऑफर में से 320 छात्रों का चयन हुआ है, जो संस्थान की उपलब्धि है। इस दौरान अभिभावकों को कॉलेज की आधुनिक सुविधाओं, अतिरिक्त कक्षाओं व छात्रों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन देने की व्यवस्था की जानकारी दी गई।

## एटीएम बदलकर ठगी करने वाला गिरफ्तार, 44 संदिग्ध एटीएम कार्ड व एक मोबाइल फोन बरामद



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** अपराध जांच शाखा फिरोजपुर झिरका (नूंह) ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अलग-अलग बैंकों के 44 संदिग्ध एटीएम कार्ड व एक मोबाइल फोन बरामद किया हैं। मामलें में आरोपी के खिलाफ साइबर थाना नूंह में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार गत शनिवार 25 अप्रैल को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए अपराध जांच शाखा फिरोजपुर झिरका की एक टीम बस स्टैंड फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि आलीमेव निवासी रोबिन पुत्र रहीश खां केनरा बैंक एटीएम के पास लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने की नीयत से खड़ा है और उसके पास कई एटीएम कार्ड हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान रोबिन पुत्र रहीश खां निवासी आलीमेव, थाना बहीन जिला पलवल के रूप में बताई।

# सरकार की अधूरी तैयारी से मंडियों में अव्यवस्था, किसान-व्यापारी परेशानः सैलजा

## वाहनों और मजदूरों की कमी से नहीं हो रहा गेंहू का उठान, सरकार के दावे फेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, सीडब्ल्यूसी की सदस्य एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की अनाज मंडियों में चल रहे खरीद सीजन के दौरान उत्पन्न अव्यवस्थाएं सरकार की कमजोर और अधूरी तैयारियों को उजागर करती हैं। पूरे सीजन में किसान, व्यापारी और मंडी मजदूर सभी वर्ग लगातार परेशान हो रहे हैं, जो अत्यंत गंभीर स्थिति है। सरकार की ओर से किए जा रहे सभी दावे फेल हो चुके है, सरकार दावे पर दावे करे जा रही है और किसान मंडी में धक्के खा रहा है।

यहां जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार द्वारा मेरी फसल मेरा ब्यौरा जैसे पोर्टल के माध्यम से सभी आंकड़े होने का दावा किया जाता है, लेकिन वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई देती है। न तो उत्पादन के सही आंकड़े उपलब्ध थे और न ही मंडियों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। परिणामस्वरूप कहीं मजदूरों की कमी रही, तो कहीं उठान में देरी और अव्यवस्था देखने को मिली। सांसद ने कहा कि प्रदेश में अधिकतर जिला में जिन्हें उठान



का ठेका दिया गया है उनकी ओर से घोर लापरवाही की जा रही है जिसकी सरकार अनदेखी कर रही है। मंडियों में न तो फसल के उठान के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रक है, अधिकतर मंडी में वाहनों की कमी के चलते उठान नहीं हो पा रहा है। दूसरी ओर मंडियों में मजदूरों की संख्या में कमी देखी जा रही है, इस कमी के चलते भी गेंहू की सफाई, भराई, सिलाई और उसका उठान प्रभावित हो रहा है।

**साधा निशाना**

**जरूरत इस बात की है कि व्यवस्थाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए**

सांसद ने कहा है कि इसके साथ ही, किसानों के भुगतान में भी अनावश्यक देरी की शिकायतें लगातार सामने आई हैं। कभी पोर्टल आईडी, कभी व्हाट्सएप प्रक्रिया और कभी जे-फार्म जैसी औपचारिकताओं के कारण भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि सरकार ने जमीनी स्तर पर न तो ठोस योजना बनाई और न ही प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया।

जरूरत इस बात की है कि व्यवस्थाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, ताकि किसान, व्यापारी और मजदूर सभी को राहत मिल सके। कांग्रेस पार्टी किसानों, व्यापारियों और मजदूरों के हितों की आवाज उठाती रही है और आगे भी उनके अधिकारों के लिए मजबूती से खड़ी रहेगी।

# स्वगणना से मिलेगा सटीक आंकड़ा, विकास को मिलेगी नई दिशाः नगराधीश



**सिरसा, (रणबीर खटक)**

नगराधीश अजय सिंह ने कहा कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए स्व-गणना की सुविधा शुरू है। जिला के नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने परिवार एवं मकान से संबंधित जानकारी दर्ज कर रहे हैं। स्व-गणना की प्रक्रिया 30 अप्रैल तक जारी रहेगी। इस दौरान नागरिक घर बैठे ही निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपना डेटा भर सकते हैं। इसके बाद 1 मई से 30 मई 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन एवं सूचीकरण का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि स्व-गणना कार्य में जिला के सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न स्वयंसेवी समूहों का भी सराहनीय सहयोग मिल रहा है, जिससे अभियान को गति मिल रही है। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सरल और पारदर्शी डिजिटल प्रक्रिया का अधिकतम लाभ उठाएं और जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय सहयोग दें। रविवार को स्थानीय जैन पार्क तथा वार्ड नंबर 25 में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्व-गणना की प्रक्रिया, इसके महत्व और ऑनलाइन जानकारी अपलोड करने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर सहायक व सांख्यिकी विभाग की टीम भी उपस्थित रही और लोगों की शंकाओं का समाधान किया। सहायक ललित ने जानकारी देते हुए बताया कि स्व-गणना प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि हर वर्ग का व्यक्ति आसानी से इसमें भाग ले सके। नागरिक / पोर्टल पर जाकर आसानी से पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के दौरान राज्य का चयन कर परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा।

**स्व-गणना**

**प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए स्व-गणना की सुविधा शुरू है**

# प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान एवं कौशल को करते है सुदृढ़, शिक्षा की गुणवत्ता में होता है सुधार- रणदीप आर्य

**प्रशिक्षण**

**व्यक्तियों के रूप में श्रीमती अभिलाषा कादियान एवं अपरा खुराना उपस्थित रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 26 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल, पानीपत में सीबीपी (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) दो दिवसीय प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शैक्षिक नीतियों, शिक्षण पद्धतियों एवं छात्र-केंद्रित शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में श्रीमती अभिलाषा कादियान एवं अपरा खुराना उपस्थित रहे। उन्होंने अत्यंत सरल एवं प्रभावी ढंग से एनसीएफ-एसई 2023 के प्रमुख बिंदुओं जैसे कि समग्र विकास, कौशल आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम एवं मूल्य आधारित शिक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों को अपनाने एवं कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अशोक आर्य ने कहा कि एनसीएफ 2023 शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने सभी शिक्षकों को इस नए ढांचे को अपनाने एवं अपने शिक्षण में नवाचार लाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्रधान रणदीप कादियान ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान एवं कौशल को सुदृढ़ करते हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# जनगणना में ड्युटियों को लेकर हसला प्रधान डीसी को देंगे ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स संगठन हसला के जिला प्रधान अरविंद यादव माजरा ने कहा कि भारतीय जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और आवास गणना के लिए जिले में शिक्षकों की लगाई गई ड्यूटियों को लेकर शिक्षक वर्ग में नाराजगी है।

# गौभक्त गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने व अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेगे आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 26 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत जिला के गौभक्तों द्वारा गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने, देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ सेवा के लिये केंद्रीय स्तर पर कानून बनाने एवं केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय बनाने, गौचर भूमि बोर्ड बनाने व गौ आधारित खेती सुनिश्चित करने की मांग को लेकर 27 अप्रैल को जिला मुख्यालय और जिला की सभी तहसीलों पर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया जाएगा। उसके उपरांत जिला मुख्यालय व तहसील स्तर पर गौभक्तों द्वारा उपरोक्त सभी मांगों को लेकर राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री और राज्यपाल व मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपे जाएगे। यह जानकारी रविवार को सिवाह



गौशाला में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में गौशाला प्रधान एवं गौशाला महासंघ के जिला प्रधान रविंद्र कादियान, गौशाला के चेयरमैन संदीप कादियान, सचिव राजबीर कादियान, गौभक्त प्रवीन शर्मा, मुकेश कादियान, बिजेंद्र कादियान व दीपक कादियान ने दी। प्रधान रविंद्र कादियान ने बताया कि कार्यक्रम में जिला की गौशाला प्रबंधन समितियां भी भाग लेंगी। चेयरमैन संदीप कादियान ने कहा कि आज समय की मांग है कि गाय को राष्ट्र माता का दर्जा मिलना चाहिये। गौभक्त प्रवीन शर्मा ने कहा कि यह ज्ञापन कार्यक्रम देशभर में सभी जिला मुख्यालयों एवं तहसील स्तर पर 27 अप्रैल को आयोजित किये जा रहे है।

पानीपत के सिवाह बस अड्डे से

# मितल मेगा मॉल में आग लगने से जिन दुकानदारों का सामान जला है, उनको मुआवजा दे सरकारः सरदार बलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 26 अप्रैल।** पानीपत के सेक्टर 25 स्थित मितल मेगा माल में शनिवार रात को आग लगने से कई दुकानदारों की दुकानों का सारा माल व अन्य सामान जलकर राख हो गया। जिससे दुकानदारों को आर्थिक रूप से भारी नुकसान हुआ है। वहीं कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष बलजीत सिंह ने रविवार को मितल मेगा माल का दौरा किया और दुकानदारों से बात करके सारी स्थिती का जायजा लिया गया। मॉल के कई दुकानदारों ने बताया कि उनका तो सारा सामान ही जल कर राख हो गया है। दुकानदारों ने सरदार बलजीत सिंह को बताया कि उनसे दुकानों का मेंटेनेंस के नाम पर 20 रुपये प्रति वर्ग





फुट के हिसाब से चार्ज किया जा रहा है। जबकि बिजली का भी नॉर्मली कमर्शियल रेट 8 से 9 रुपये प्रति यूनिट से कही ज्यादा करीब डबल चार्ज मॉल प्रबंधन द्वारा लिया जा रहा है। दुकानदारों ने कहा कि इतना ज्यादा मेंटेंस चार्ज और बिजली के रेट देने के बावजूद मॉल प्रबंधन द्वारा सुविधाएं नहीं दी जा रही है। मॉल के दुकानदारों की सारी बात सुनने के उपरांत सरदार बलजीत सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस आगजनी से जिन-जिन व्यापारियों एवं दुकानदारों का नुकसान हुआ है, सरकार द्वारा उसका निष्पक्षता के साथ आंकलन करवाया जाये और पीडित दुकानदारों को सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिया जाये।

# कठिन समय में धैर्य और हिम्मत ही सबसे बड़ी ताकत होती है : सुमन सैनी

**बाबैन, 26 अप्रैल (विजय कौशिक)** : हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने आज लाडवा विधानसभा क्षेत्र के बीड़ मंगौली, बाबैन, काली रानो, गुढ़ा, कौलापुर सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने उनके दुख में सहभागी बनते हुए उन्हें सांत्वना प्रदान की। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत उन्होंने गांव बीड मंगोली, बाबैन, काली रानो, गुढ़ा एवं कोल्हापुर में पहुंचकर दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों के बीच बैठकर उनकी पीड़ा को सुना और उन्हें मानसिक संबल देने का प्रयास किया। उनके साथ भाजपा मंडल बाबैन के प्रधान विकास शर्मा, गुढ़ा मंडल के प्रधान नरेंद्र दबखेड़ा, मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंदर जस्सी, डिम्पल सैनी, कौशल सैनी, अनिल टाटकी, प्रदीप बिन्ट, बख्तावर भैणी, सूर्या सैनी, सुखजोत कपूर,



राजेश भूरा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति व स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। सुमन सैनी ने कहा कि किसी अपने को खो देना जीवन का सबसे बड़ा दुख होता है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। ऐसे समय में समाज के सभी लोगों का कर्तव्य है कि वे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होकर उन्हें हौसला दें और हर संभव सहयोग करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे हर परिस्थिति में क्षेत्र के लोगों के साथ हैं और जरूरत पडने.पर हरसंभव मदद के लिए तत्पर रहेंगी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि कठिन समय में धैर्य और हिम्मत ही सबसे बड़ी ताकत होती है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर परिवारों का मनोबल बढ़ाने का आह्वान भी किया। सुमन सैनी ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की और कामना की कि प्रभु उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## न्यूज फ्लैश

### वीटा से जुड़ी दूध समितियों को उपलब्ध कराए जा रहे अत्याधुनिक संसाधन, उत्तम क्वालिटी के चारा बीज से लेकर पशु आहार भी कराए जा रहे उपलब्ध

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
**प्रदेश** में दूध उत्पादन को सशक्त बनाने और डेयरी क्षेत्र से जुड़े किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से वीटा मिल्क प्लांट द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत महिला दूध समितियों सहित अन्य दूध समितियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत दूध की गुणवत्ता जांचने के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे डी.पी.एम.सी.यू. उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इससे दूध की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर उत्पाद मिल सकेगा। इसके साथ ही, ह्लहरे चारे का बीज देनेह्व की योजना के तहत दूध संघ सिरसा द्वारा हर वर्ष हरे चारे : ज्वार, बरसीम और जई के उच्च गुणवत्ता वाले हाइब्रिड बीज समितियों को मांग अनुसार वितरित किए जाते हैं। इस पहल से पशुओं के लिए पोषक आहार की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे दूध उत्पादन में वृद्धि की संभावना है। वहीं ह्लपशु आहार देनेह्व की योजना के अंतर्गत समितियों को कैटल फीड, पशु मेश, कैटल मेश, मिनरल मिक्सचर, गोधारा शक्ति, काल सागर सहित पशुओं की अन्य आवश्यक दवाइयां रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे पशुपालकों का खर्च कम होगा और पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। वीटा मिल्क प्लांट के सीईओ दिनेश कुमार ने कहा कि इन योजनाओं से हरियाणा के डेयरी सेक्टर को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया बल मिलेगा। इस पहल को किसानों द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध- दिनेश पुजारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 26 अप्रैल (बिजेंद्र सिंह)।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव दिनेश पुजारा ने उत्तर शहरी मंडल के किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं संग जनसंपर्क अभियान चलाया। दिनेश पुजारा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और जल्द ही किसानों को कयू आर कोड आधारित जे फार्म भेजे जाएंगे। जिससे किसानों को ऋण सहित अन्य प्रकार की सुविधाएं लेने में आसानी होगी। अगले फसल सीजन में किसान एप लॉन्च किया जाएगा, जिससे किसानों को जे फार्म भुगतान की स्थिति, भूमि बुआई एवं उपज सत्यापन की स्थिति एवं भूमि सत्यापन की स्थिति तथा सभी सुचनाएं कसान ई खरीद एप पर उपलब्ध होंगी। किसानों को फसल खराब होने पर पिछले 11 सालों में मुआवजा व फसल बीमा योजना के तहत 16 हजार 160 करोड़ रुपए दिये गए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 20 लाख 18 हजार किसानों को 22 किस्तों में 7 हजार 562 करोड़ रुपये दिए गए है। वहीं दिनेश पुजारा ने बताया कि हरियाणा प्रदेश के आढ़तियों का कमीशन 33 रुपए 75 पैसे प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 55 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान के चलते गुणवत्ता मानकों में छुट देते हुए चमक में में कमी को 70 प्रतिशत तक स्वीकार किया गया है, टुटे व सिकुडे दानों की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष रमेश खन्ना, सचिव विशु सैनी, मंडल महामंत्री विकास गहलौत, अजय कुमार, प्रियांशु यादव, विजयपाल, चन्द्रकेश व सुदामा कुमार आदि मौजूद रहे।

### समाज सेवा संगठन ने भगवान महावीर केवल ज्ञान महोत्सव पर 5 दिव्यांगों को दी हाथ रिक्शा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 26 अप्रैल।** समाज सेवा संगठन द्वारा भगवान महावीर केवल ज्ञान महोत्सव के उपलक्ष्य पर रविवार को 5 दिव्यांगों को हाथ रिक्शा वितरीत की गई। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि संगठन द्वारा दिव्यांग भाइयों को हाथ रिक्शा वितरण अभियान की कड़ी में आज अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 5 दिव्यांग भाइयों को हाथ रिक्शा वितरीत की गई। ताकि वे इस रिक्शा में जाकर अपने कुछ काम कर सके। प्रवीन जैन ने बताया कि आसन कलां, नूरवाला, खटीक बस्ती, भावना चौक, शुगर मिल व सौदापुर से 5 दिव्यांग भाइयों की हाथ रिक्शा की डिमांड आई थी। उन्होने जाकर देखा तो भीषण गर्मी में दिव्यांग सडक पर रेंग कर चलते हैं, जिससे उनको बहुत परेशानी होती है । संगठन द्वारा सभी के सहयोग से इन दिव्यांगों को हाथ रिक्शा दी गई है।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# मन की बात के माध्यम से देशवासियों को मिलती है राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा : सुमन

**सकारात्मक**

- दृष्टिकोण और समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले संदेश हम सभी को निरंतर प्रेरित करते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 26 अप्रैल (विजय कौशिक) :** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के माध्यम से देशवासियों को जनभागीदारी, सेवा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक विचार, देशहित के प्रति उनका दृष्टिकोण और समाज को सकारात्मक दिशा देने वाले संदेश हम सभी को निरंतर प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी रविवार को लाडवा विधानसभा के गांव बदरपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 133 वां संस्करण सुन रही थी। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपाध्यक्षा सुमन सैनी का मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों को उन समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि इस कार्यक्रम में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक महत्व के मुद्दों पर चर्चा की जाती है। सरकार की नीतियों को नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी प्रतिक्रिया जानना भी इसका एक महत्वपूर्ण पहलू है। मन की बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आम जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम के जरिए देशभर में हो रहे सकारात्मक प्रयासों, सामाजिक नवाचारों और जनभागीदारी की प्रेरक कहानियों को सामने लाया जाता है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और समाज में मेलजोल की भावना को बढ़ावा देती है। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर उन व्यक्तियों और समुदायों की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा करते हैं जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर नागरिकों द्वारा भेजे गए विचारों, सुझावों और अनुभवों को भी साझा करते हैं। इसके लिए एक ऑनलाइन पोर्टल माई जीओवी भी बनाया गया है। इस पर नागरिक अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। कुछ चुनिंदा संदेशों को कार्यक्रम में शामिल भी किया जाता है। मन की बात कार्यक्रम का देश में गहरा प्रभाव पड़ा है। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीधे देश के नागरिकों से जुडने का एक अनूठा मंच प्रदान करता है। रेडियो की व्यापक पहुंच के कारण, यह देश के दूर-दराज के क्षेत्रों तक भी पहुंचता है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के लोगों की उपलब्धियों का भी अनेक बार जिकर हुआ है।

## मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र ने 30 मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि देकर किया सम्मानित

**प्रोत्साहन**

- 30 मेधावी छात्रों को जयराम विद्यापीठ कुरुक्षेत्र के पावन प्रांगण में प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र।मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन प्रोफेसर रामरतन शर्मा के आशीर्वाद से 30 मेधावी छात्रों को जयराम विद्यापीठ कुरुक्षेत्र के पावन प्रांगण में प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस पुनीत अवसर पर शशिकांत शर्मा चीफ विजिलेंस ऑफिसर हरियाणा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जबकि डॉ अंशुल मंगला मंगला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरूक्षेत्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । सुजीत सिंह सीनियर एजुकेशन ऑफिसर पैनोरमा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर के समाजसेवी व्यक्तियों को भी जनसेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि शशिकांत शर्मा चीफ विजिलेंस ऑफिसर ने कहा कि मंडल का यह कार्य मेधावी छात्रों को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने गीता के श्लोक के माध्यम से और डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन के अनेक प्रेरणादायक किस्से भी बच्चों को सुनाए। उन्होंने कहा कि मेधावी छात्रों का सर्वांगीण विकास ही मानव मित्र मंडल का उद्देश्य है।कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ अंशुल मंगला, मंगला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र ने कहा कि मेधावी छात्र धन के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहें, मंडल का यह सेवा कार्य वास्तव में ही आत्म संतोष प्रदान करता है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य पर ध्यान रखें और सोशल मीडिया का सदुपयोग करें। विशिष्ट अतिथि सुजीत सिंह सीनियर एजुकेशन ऑफिसर पैनोरमा ने कहा शिक्षित व्यक्ति ही सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। छात्रों को आज की वैज्ञानिक प्रगति में अपडेट रहने की आवश्यकता है और बिना किसी बाधा के अपने कार्य में लगे रहने पर बल दिया। इस अवसर पर सतबीर कौशिक ,रमेश दत्त शर्मा, विक्रम सिंह, सूरज कमल सेठ, गुरप्रीत सिंह, करमचंद, अशोक मेहता, राजेश कुमार हरित एडवोकेट, दीपक शर्मा आदि समाजसेवियों को जनसेवा सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन रमेश शर्मा एवं प्रवीण कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

## तीन दौर की वार्ताएं लगातार विफल होना दर्शाता है सरकार की नियत में खोटः धन्ना

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन द्वारा प्रस्तावित अग्निशमन कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल के आज 19वें दिन धरने पर बैठे कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर रोष प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता कर्मचारी नेता धन्ना राम ने की। जबकि मंच का संचालन विजय सिंह ने किया। इस अवसर पर धन्ना राम ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 16 फरवरी 2026 को कालकाजी स्टील केमिकल फैक्ट्री फरीदाबाद में लगी आग को बुझाते समय हमारे दो कर्मचारी शाहिद भविष्यचंद शर्मा शहीद रणवीर सिंह बुरी तरह आग में झुलस गए थे और इलाज के दौरान 5-6 दिन बाद उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया था और तभी से नगरपालिका




कर्मचारी संघ हरियाणा व हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन अपने शहीद कर्मचारियों के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने, कर्मचारियों को सरकारी तौर पर शहीद का दर्जा देने, प्रभावित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलवाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जब सरकार को मार्च के पहले हफ्ते में हड़ताल का नोटिस दिया गया और 8 अप्रैल जो हड़ताल की तारीख दी गई थी, वह नजदीक आ गई और तब विभागीय महानिदेशक की संगठन के साथ दो-दौर की वार्ता हुई, लेकिन दोनों दौरों की वार्ता विफल रही। उन्होंने कहा कि उसके बाद 9 अप्रैल को विभाग के मंत्री विपुल गोयल के साथ तीसरे दौर की बातचीत हुई परंतु वह भी विफल रही, जिसके कारण अग्निशमन विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर हुए और 8 अप्रैल से लगातार हड़ताल जारी है।

## विवाहिता ने निगला जहर, मौत

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** पति की कथित प्रताड़ना और मारपीट से परेशान एक विवाहिता ने जहर निगलकर जान दे दी। आरोप है कि पति के किसी अन्य महिला के साथ संबंध थे, जिसका विरोध करने पर वह अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। यहां तक कि 16 अप्रैल को शादी की सालगिरह के दिन भी पति ने उसे पीटा। मामले में शहर यमुनानगर थाना पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के जिला फिरोजाबाद के गांव जसराना निवासी मीना देवी ने बताया कि उनकी बेटी प्रीति की शादी वर्ष 2016 में रामपुरा कॉलोनी निवासी राहुल शर्मा के साथ हुई थी। शादी के बाद प्रीति के दो बच्चे हुए। आरोप है कि राहुल आए दिन प्रीति के साथ मारपीट करता था और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। प्रीति समय-समय पर फोन कर अपनी मां को पति की प्रताड़ना के बारे में बताती रहती थी।

## यमुनानदी के किनारों को मिलेगी मजबूती, बाढ़ राहत कार्यों पर होंगे 14 करोड़ खर्च



**रादौर, 26 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** गत वर्ष यमुना नदी के रौद्र रूप से जर्जर हुए किनारों को अब मजबूती दी जाएगी। सिंचाई विभाग द्वारा करीब सवा 14 करोड़ रुपये की लागत से बाढ़ राहत कार्य किए जाएंगे। इसके तहत नदी किनारों को पत्थरों से मजबूत किया जाएगा। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और पत्थरों का स्टॉक करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। बरसात से पहले कार्य पूरा करने का दावा किया गया है।पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान यमुना ने कई स्थानों पर भारी तबाही मचाई थी, जिससे बड़े स्तर पर भूमि कटाव हुआ। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों की रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजी थी, जिसके आधार पर कमालपुर टापू, पोबारी, गुमथला और नगला रांगड़ान में कार्य को मंजूरी मिली है। बाढ़ के दौरान सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि, फसलें, ट्यूबवेल और किसानों के डेरे नदी में समा गए थे। किसानों का कहना है कि हर साल करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। उन्होंने अवैध खनन

## न्यूज फ्लैश

### कोसी कलां के अवर अभियंता आमोद आनंद निलंबित

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** विद्युत विभाग में कार्यरत अवर अभियंता पर बड़ी कार्यवाही हुई है विभाग की संपत्ति को हानि पहुंचाने, ट्रांसफर पर विघुत लोड का सही आंकलन न करने, जनता की शिकायतों का समाधान न करने आदि आरोप पर कार्यवाही हुई है विद्युत विभाग में उक्त कार्यवाही से सभी अन्य स्टाफ सतर्क हो गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार मथुरा के कोसी कलां में विद्युत विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवर अभियंता आमोद आनंद को उनके कार्यों में घोर लापरवाही और उदासीनता बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया है। अधिशासी अभियंता की रिपोर्ट के अनुसार 33/11 के.वी. उपकेंद्र कोसी टाउन में तैनात आमोद आनंद ने अपने क्षेत्र के बिजली ट्रांसफार्मरों के रख-रखाव में भारी कोताही बरती जिसमें मुख्य रूप से उचित क्षमता के फ्यूज न लगाना और लोड बैलेंसिंग न करना शामिल रहा। इसी लापरवाही के चलते अप्रैल माह में लाइफ लाइन हॉस्पिटल और नगर पालिका क्षेत्र के ट्रांसफार्मर बार-बार क्षतिग्रस्त हुए जिससे विभाग को भारी आर्थिक क्षति पहुंची। जांच में उन्हें उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली के नियमों का उल्लंघन करने और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने का प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। इस निलंबन आदेश के साथ ही उन्हें विद्युत वितरण खंड कोसी के कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है । विभाग की इस सख्त कार्रवाई ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अन्य कर्मचारियों को कड़ा संदेश दिया है।

### देह व्यापार के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई




**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। महानगर की कोतवाली क्षेत्र के बीएसए चौकी इलाके में स्थित एक गेस्ट हाउस पर छापेमारी कर पुलिस ने देह व्यापार के मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एएसपी आशना चौधरी के नेतृत्व में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरएस गेस्ट हाउस में लंबे समय से अवैध देह व्यापार संचालित हो रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा जहां से चार युवतियों और तीन युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। साथ ही गेस्ट हाउस संचालकों की भूमिका और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच भी शुरू कर दी गई है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एएसपी आशना चौधरी ने बताया कि जनपद में अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

### जिला में स्व-गणना 30 अप्रैल तक की जाएगी संचालित- डीसी प्रीति

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर, 26 अप्रैल-** उपायुक्त प्रीति ने बताया कि हरियाणा राज्य में जनगणना-2027 के लिए स्व-गणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक संचालित की जाएगी जिसके माध्यम से नागरिक आधिकारिक पोर्टल एसई.सेनसस.जीओवी.इन पर अपनी जनगणना संबंधित जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि सरपंचों के माध्यम से सभी ग्रामीणों का 30 अप्रैल तक स्व-गणना के कार्य को करवाएं। उपायुक्त प्रीति ने जिला वासियों से अपील की कि वे 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के दौरान स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें और सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान करें। आपकी सहभागिता जिला की बेहतर योजना निर्माण, सेवा वितरण में सुधार तथा समग्र विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## डीसी प्रीति के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के तहत विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग स्वयं खनन विभाग की गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन की रोकथाम को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है और संवेदनशील क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ।जिला खनन अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों के चालान किए गए हैं, जिन पर लाखों रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अतिरिक्त व्यासपुर क्षेत्र में भी एक ओवरलोड वाहन का चालान कर उस पर जुमार्ना लगाया गया है ।उन्होंने बताया कि अवैध खनन और खनन सामग्री के अवैध




परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए जिले के सभी नाकों पर चौबीसों घंटे वाहनों की नियमित जांच की जा रही है। साथ ही खनन सामग्री ले जाने वाले वाहनों और अवैध खनन संभावित क्षेत्रों की निगरानी के लिए मोबाइल टीमें दिन-रात गश्त कर रही हैं। डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन उपायुक्त प्रीति के मार्गदर्शन में अवैध खनन रोकने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि खनन गतिविधियां निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गईं तो भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## अग्रवाल समाज पंचकूला ने श्याम लाल बंसल को दिया समर्थन

**फैसला**

- नगर निगम चुनाव में समाज के सभी सदस्य भाई शाम लाल बंसल के पक्ष में मतदान करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला, मैनपाल**
नगर निगम चुनावों को लेकर शहर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संगठनों द्वारा अपने-अपने स्तर पर उम्मीदवारों को समर्थन देने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में पंचकूला के समस्त अग्रवाल समाज ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मेयर पद के उम्मीदवार भाई शाम लाल बंसल को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। अग्रवाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में शहर के विकास, स्वच्छ प्रशासन और जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी पहलुओं पर विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर निगम चुनाव में समाज के सभी सदस्य भाई शाम लाल बंसल के पक्ष में मतदान करेंगे। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि भाई शाम लाल बंसल एक ईमानदार, कर्मठ और समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है और आमजन के बीच उनकी अच्छी छवि है। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचकूला में विकास कार्यों को गति मिलेगी, आधारभूत सुविधाओं में सुधार होगा और शहर को एक नई दिशा प्राप्त होगी। बैठक में उपस्थित प्रमुख सदस्यों में जगमोहन गर्ग, सत प्रकाश अग्रवाल, प्रदीप गोयल, एल.एन. माहेश्वरी, जय राजा गर्ग, मुकेश गर्ग, जनक राज गर्ग, अश्वनी मित्तल, रोशन लाल गर्ग, ओ.पी. गोयल, अरुण सिंघल, दिनेश गुप्ता, लाजपत राय बंसल, राम गोपाल गोयल, तेजिंदर गुप्ता, राकेश गर्ग और संजय जैन शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में भाजपा उम्मीदवार को विजयी बनाने का संकल्प लिया। समाज के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि वे चुनाव के दौरान सक्रिय रूप से प्रचार-प्रसार में भाग लेंगे और अधिक से अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचाएंगे। उनका मानना है कि संगठित प्रयासों से ही शहर के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इसके साथ ही अग्रवाल समाज ने 1 मई 2026 को शाम 6 बजे सेक्टर-16 स्थित अग्रवाल भवन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया है। इस कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल तथा विश्व विख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल के विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे । कार्यक्रम को लेकर समाज के सदस्यों में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी की उम्मीद जताई जा रही है।
अग्रवाल समाज के इस समर्थन को भाजपा के लिए एक बड़ी मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि समाज के एकजुट समर्थन से चुनावी समीकरणों पर प्रभाव पड़ सकता है। वहीं, शहर के अन्य संगठनों की नजर भी अब इस चुनाव पर बनी हुई है, जिससे मुकाबला और दिलचस्प होता जा रहा है।

## यमुनानगर में शांतिपूर्ण संपन्न हुई एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा

**टीम एक्शना इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर।** हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार को आयोजित हरियाणा सिविल सर्विसेज (एचसीएस) एवं एलाइड सर्विसेज प्रारंभिक परीक्षा-2025 जिला यमुनानगर के 23 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा के दोनों सत्रों में जिला प्रशासन ने पारदर्शी और व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया।डीसी प्रीति और एसपी कमलदीप गोयल ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसी प्रीति ने बताया कि यमुनानगर में बनाए गए 23 परीक्षा केंद्रों पर विभिन्न क्षेत्रों से अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। उन्होंने कहा कि दोनों सत्र शांतिपूर्ण माहौल में पूर्ण



पारदर्शिता के साथ संपन्न हुए। डीसी ने बताया कि प्रथम सत्र में 5,520 अभ्यर्थियों में से 3,026 उपस्थित रहे, जबकि 2,494 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम सत्र में 54.81 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं दूसरे सत्र में 5,520 अभ्यर्थियों में से 2,994 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 2,526 अनुपस्थित रहे। दूसरे सत्र में 54.23 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई।
उन्होंने बताया कि दोनों सत्रों में कुल 6,020 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कुल मिलाकर लगभग 55 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर, पेपर डिस्ट्रीब्यूटर, सेंटर सुपरिटेंडेंट और इंविजिलेटर अपनी जिम्मेदारियों पर मुस्तैद रहे, जिसके चलते परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।
डीसी प्रीति ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किए गए बेहतर प्रबंधों की अभ्यर्थियों ने सराहना की। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू संचालन के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

**सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद : एसपी**

एसपी कमलदीप गोयल ने बताया कि एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2025 के दौरान पुलिस प्रशासन ने पूरी सतर्कता और सक्रियता के साथ ड्यूटी निभाई। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी भी असामाजिक तत्व की गतिविधि पर नजर रखी जा सके और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।
उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। प्रत्येक परीक्षार्थी पर पुलिस की विशेष नजर रही और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत जांच की गई। पुलिस प्रशासन ने परीक्षा को भयमुक्त, शांतिपूर्ण और पारदर्शी माहौल में संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।

**दिव्यांग अभ्यर्थियों को दी विशेष सहायता**

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि दिव्यांग अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। जरूरतमंद अभ्यर्थियों को व्हीलचेयर के माध्यम से परीक्षा कक्ष तक पहुंचाने में सहायता प्रदान की गई, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## प्रतिबंध के बावजूद मथुरा में धड़ल्ले से बिक रही पॉलिथीन

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** प्रदेश सरकार द्वारा पॉलिथीन पर सख्त प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद मथुरा शहर के बाजारों में खुलेआम पॉलिथीन की बिक्री जारी है। हालात यह हैं कि दुकानदार बिना किसी डर के ग्राहकों को पॉलिथीन थमाते नजर आ रहे हैं, जबकि जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। शहर में प्लास्टिक के गिलास और पानी की छोटी-छोटी प्लास्टिक थैलियों (पाउच) का उपयोग भी तेजी से बढ़ रहा है, जिन पर नगर निगम द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही। विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह की प्लास्टिक में रखा पानी स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है,



लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के लिए अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर इन नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। बाजारों में पॉलिथीन की बिक्री और उपयोग न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि शहर की सफाई व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहा है। नगर निगम और संबंधित विभाग तत्काल सख्त अभियान चलाकर पॉलिथीन की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाए, दोषियों के खिलाफ जुर्माना और कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# संपादकीय

## परीक्षा परिणामों के लिए अकेले विद्यार्थी जिम्मेदार नहीं

**ज्ञान** से बड़ा कुछ भी पवित्र नहीं है। ज्ञान भौतिक संसार की सभी उपलब्धियों को प्राप्त करने का उपकरण है। जो लोग इस भौतिक संसार से पृथक अन्य लोकों का भी अस्तित्व मानते हैं, वह लक्ष्य भी ज्ञान मार्ग से ही प्राप्त होना संभव बताया गया है। ज्ञान प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ उपकरण है शिक्षा।भारतीय इतिहास के वैदिक काल में शिक्षा प्राप्ति को अन्य उपलब्धियों से श्रेष्ठ बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में शिक्षा को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन बताया गया है। कभी भारतीय ज्ञान का डंका समूचे विश्व में छाया हुआ था। उच्च शिक्षा के कारण ही भारत को विश्वगुरु कहा जाता था। छान्दोग्य उपनिषद में नारद को व्यथित बताया गया है। व्यथित नारद सनत कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने सनत कुमार को अपनी व्यथा बताई। सनत कुमार ने नारद से पूछा कि आपने अब तक क्या-क्या पढ़ा है। नारद ने बताया, ह्लहे भगवन मैंने ऋग्वेद सहित सभी वेद पढ़े हैं। भूगर्भ विद्या, नक्षत्र विद्या, आकाश विद्या, गणित, ज्योतिष आदि अनेक विषय पढ़े हैं। उपनिषद में यह सूची काफी बड़ी है। इसका अर्थ यह निकलता है प्राचीन भारत में अनेक विषय पढ़े और पढ़ाए जाते थे। आज की ज्ञान परंपरा में वैदिक काल और उसके पहले से लेकर आधुनिक काल तक सभी विषय प्रासंगिक हैं। शिक्षा या विद्यार्थी जीवन पुरुषार्थ का स्वर्णकाल है। प्राचीन काल में शिक्षा के सभी अनुशासन पढ़े-पढ़ाए जाते थे। नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहाँ सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है। संप्रति शिक्षा नौकरी और जीवन यापन की सुविधाएं जुटाने का यंत्र बन गई है। सरकारें अपने ढंग से अपने देश और राज्य के क्षेत्र में शिक्षा का प्रबंधन करती हैं। निजी क्षेत्र में भी शिक्षा के तमाम तरह के अनुशासन हैं। शिक्षा महंगी है और वह संस्कृति और दर्शन तथा ज्ञान प्राप्ति का उपकरण नहीं है। परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा अंक पाने की होड़ रहती है। विद्यार्थी अधिक अंक पाने के तनाव में रहते हैं। आत्महत्याएं होती हैं। शिक्षार्थी को अध्ययन के दौरान ज्ञान का आनंद नहीं मिलता। निजी क्षेत्र के विद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम नहीं है। कुछ विद्यालय कक्षा 1 से पढ़ाई शुरू करवाते हैं। कुछ विद्यालय पहली कक्षा से भी पहले की कक्षाएं केजी, नर्सरी आदि नामों से चलवाते हैं। सीबीएसई पूरे देश में लागू केन्द्रीयकृत शिक्षा व्यवस्था है। बेशक इससे पूरे देश में एक समान शिक्षा का पाठ्यक्रम बनाया जाता है लेकिन विद्यार्थियों को अध्ययन के समय आनंदित करने के कोई उपाय नहीं है।

# लोकतंत्र में लोक की आस्था का प्रमाण- बम्पर मतदान

मृत्युंजय दीक्षित

> "बंगाल के विधानसभा चुनावों में इस बार मुर्शिदाबाद और कुछ अन्य जगहों को छोड़कर कहीं और व्यापक हिंसा नहीं हुई। बंगाल के मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर जो बंपर उत्साह दिखाया है उसे ममता दीदी एसआईआर के खिलाफ जनता का आक्रोश बता रही हैं और पहली बार उन्होंने यह कह दिया है कि बीजेपी को कैसे पता कि वह बंगाल में जीत रही है क्या उन्होंने ईवीएम को फिक्स कर लिया है। यह बात तय हो गई है कि अगर 4 मई को बंगाल से ममता की सरकार जाती है तो वह चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली, एसआईआर और ईवीएम पर ही निशाना साधेंगी"

**पांच** राज्यों के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हुआ अभूतपूर्व बम्पर मतदान लोकतंत्र में लोक की आस्था का प्रमाण है। यह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गया है। यह बताता है कि भारत के आम नागरिक का अपने संविधान, संवैधानिक प्रक्रियाओं और संस्थाओं पर कितना अटूट विश्वास है। राजनैतिक दलों के लिए इस मतदान में क्या छुपा है वो तो 4 मई 2026 को ज्ञात होगा किन्तु जनता जनार्दन अपना कर्तव्य निभाने में जीत चुकी है।
राजनैतिक विश्लेषक बंगाल में बंपर मतदान के पीछे कई कारण बता रहे हैं जैसे कि मतदाता जागरूकता अभियानों में लगातार वृद्धि, महिलाओं और युवाओं की बढ़ती भागीदारी, बेहतर चुनाव प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही स्थानीय मुद्दों पर जागरुकता। बंगाल में एक बड़ा कारण जनमानस में राजनीतिक चेतना जाग्रत होना भी माना जा रहा है। कुछ लोग एसआईआर के कारन कम हुए मतदाताओं को ही इसका एकमात्र कारण बता रहे हैं जबकि कुछ लोग टीएमसी व बीजेपी द्वारा अपने- अपने मतदाताओं को मतदान केंद्रो तक पहुंचाने को भी महत्वपूर्ण कारण मान रहे हैं। चुनावी हिंसा के लिए कुख्यात पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव आयोग द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं अतः भयमुक्त वातावरण स्वाभाविक रूप से यहाँ अधिक मतदान का एक कारण है। बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों के 2 लाख 40 हजार जवानों की तैनाती की गई है और अधिकतर सीटों पर मतदान शांत रहा है। पश्चिम बंगाल में रिकार्ड मतदान ने चुनावी मनोविज्ञान पूरी तरह से बदल दिया है और चुनावी सर्वे करने वाली संस्थाओं को भी हैरान कर दिया है। सभी के मन में यह प्रश्न है कि क्या भयमुक्त वातावरण में हुआ भारी मतदान बीजेपी के पक्ष में हो रहा है ? इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि बंगाल में भाजपा बहुत मजबूती से करो या मरो के जूनून से चुनाव लड़ रही है।
स्थानीय कार्यकताओं के साथ भाजपा के चालीस स्टार प्रचारकों ने पूरे बिहार को मथ डाला है। ठेठ बंगाली में बोलती स्मृति ईरानी, भीड़ खींचती कंगना रानौत, लोगों का मन मोहती मैथिली के साथ साथ हिंदुत्व को धर देते योगी जी और हिमंता जी और फिर स्वयं गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी जी। भाजपा इतने उत्साह में है कि उसकी ओर से पहले चरण के बाद ही घोषणा तो कर दी गई है कि महाजंगलराज का समापन हो चुका है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चिंतामुक्त होकर कोलकाता में हुगली नदी के किनारे समय बिता रहे हैं हुए और नौका विहार का आनंद लेते हुए फोटोग्राफी कर पूरी दुनिया को कोलकोता दर्शन करा रहे हैं । ये बात और है कि इससे बंगाल का चुनावी वातावरण गर्म हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ह्लमां गंगा का बंगालियों के जीवन में एक विशेष स्थान है, इसका जल एक प्राचीन सभ्यता की भावना को अपने साथ समेटे हुए हैह्व। उन्होंने लिखा कि कोलकाता में मैंने हुगली नदी के तट पर कुछ समय बिताया यह मा गंगा के प्रति आभार व्यक्त करने का एक अवसर था। हुगली के तट पर मैंने पश्चिम बंगाल के विकास और महान बंगाली लोगों की समृद्धि के लिए काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।
उन्होंने यह भी बताया कि नौका विहार के दौरान उन्हें प्रसिद्ध विद्यासागर सेतु और हावड़ा ब्रिज को देखने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होने नाव की सवारी कराने वाले नाविक को गले लगाया। जब प्रधानमंत्री मोदी नाव की सवारी कर रहे थे उस समय नदी के तट पर हजारों की भीड़ एकत्र हो गई और मोदी -मोदी के नारे लगाने लगी। प्रधानमंत्री मोदी का यह नौका विहार सोशल मीडिया पर खूब वायरल है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि अब भय जा रहा हे और भरोसा आ रहा है। पीएम मोदी ने एक अत्यंत विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से बंगाल में परिवर्तन की जो लहर दिख रही थी पहले चरण के मतदान ने उस पर मुहर लगा दी है। पहले चरण के मतदान से बीजेपी की विजय का शखनाद हो चुंका है। पीएम मोदी ने अगले चरण के लिए कहा कि अब आपको अगले चरण में विजय पताका फहरानी है। उन्होंने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने से पहले फड़फड़ा रहा है। बंगाल को फिर से अवसरों की भूमि बनाने के लिए टीएमसी से आजादी बहुत जरूरी है। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में जिन 152 सीटों पर मतदान संपन्न हो चुका है वहां भाजपा की स्थिति अच्छी थी किंतु अगला चरण भाजपा की अग्निपरीक्षा से कम नहीं है क्योकि इन 140 सीटों पर ममता बनर्जी की टीएमसी का व्यापक प्रभाव है। पिछली बार यहाँ पर टीएमसी ने 89 सीटें जीती थीं। अगर यह बात सही है कि बंगाल के प्रथम चरण के मतदान में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में मुस्लिम मतदाताओं ने एकजुट होकर टीएमसी को और हिंदू बाहुल्य सीटों में 65 प्रतिशत से अधिक हिंदू मतदाताओं ने भाजपा को मत दिया है और यही रुख अगले चरण में भी रहता है तो यह अधिक मतदान बंगाल में परिवर्तन के लिए ही है। प्रथम चरण के मतदान के बाद ममता दीदी के पक्ष में केवल शिवसेना के संजय राउत ने बयान जारी कर कहा है कि बंपर मतदान एसआईआर के खिलाफ आक्रोश है जबकि राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता दबी जुबान से कुछ और ही बयान दे रहे हैं। यद्यपि चुनाव पांच प्रान्तों में हो रहे हैं किन्तु पूरे भारतीय जनमासनस की दृष्टि बंगाल में अटकी है। भीषण गर्मी के बीच लगभग 93 प्रतिशत मतदान हो जाने के बाद भारतीय जनता पाटी और अधिक आक्रामकता के साथ प्रचार कर रही है।
बंगाल के विधानसभा चुनावों में इस बार मुर्शिदाबाद और कुछ अन्य जगहों को छोड़कर कहीं और व्यापक हिंसा नहीं हुई। बंगाल के मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर जो बंपर उत्साह दिखाया है उसे ममता दीदी एसआईआर के खिलाफ जनता का आक्रोश बता रही हैं और पहली बार उन्होंने यह कह दिया है कि बीजेपी को कैसे पता कि वह बंगाल में जीत रही है क्या उन्होंने ईवीएम को फिक्स कर लिया है। यह बात तय हो गई है कि अगर 4 मई को बंगाल से ममता की सरकार जाती है तो वह चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली, एसआईआर और ईवीएम पर ही निशाना साधेंगी।



**नौका विहार के दौरान उन्हें प्रसिद्ध विद्यासागर सेतु और हावड़ा ब्रिज को देखने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होने नाव की सवारी कराने वाले नाविक को गले लगाया। जब प्रधानमंत्री मोदी नाव की सवारी कर रहे थे उस समय नदी के तट पर हजारों की भीड़ एकत्र हो गई और मोदी -मोदी के नारे लगाने लगी। प्रधानमंत्री मोदी का यह नौका विहार सोशल मीडिया पर खूब वायरल है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि अब भय जा रहा हे और भरोसा आ रहा है**


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# रिक्त स्थान भरें

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**उस** घर की देहलीज पर कदम रखते ही उसका नाम किसी पुराने सिक्के की तरह चलन से बाहर हो गया, जिसे रिश्तों के बैंक ने ब्लैकलिस्ट कर दिया था। वह ससुराल की उस प्रयोगशाला का हिस्सा बन गई जहाँ औरत को अमुक की बहू नामक एसिड में घोलकर उसका अस्तित्व जला दिया जाता है। वह उस लोकतंत्र की मूक मतदाता थी जहाँ उसका एकमात्र अधिकार रसोई के चूल्हे को बहुमत से जिताना था। वह वर्मा जी की श्रीमती नामक टाइटल के पीछे ऐसे छिप गई थी जैसे सरकारी फाइलों के पीछे सच और भ्रष्टाचार छिप जाता है। मोहल्ले के लोग उसे एक सचल संपत्ति मानते थे, जिसकी अपनी कोई आवाज नहीं थी, बस बर्तनों की खनक ही उसकी एकमात्र अभिव्यक्ति थी। उसकी पूरी ज़िंदगी प्रेशर कुकर की सीटी और सास के बीपी के बीच एक ऐसा संतुलन थी, जिसे साधते-साधते उसका अपना संतुलन ही बिगड़ चुका था। "सुनो, पनीर में नमक तुम्हारे मायके जैसा है," पतिदेव ने ऐसा तंज कसा कि उसकी स्वाभिमान की पसलियाँ चटख गईं। वह नायिका की तरह सपने तो देखती थी, पर उन सपनों को सुबह की चाय की पत्ती के साथ डस्टबिन में सिझा देती थी। उसके पास डिग्रियाँ तो बहुत थीं, पर उनका उपयोग केवल अलमारी के शेल्फ पर बिछाने वाले कागज के तौर पर हो रहा था। उसे चिंटू की मम्मी का ऐसा सॉफ्टवेयर पहना दिया गया था कि वह खुद को इंसान नहीं, बल्कि एक ऑपरेटिंग सिस्टम समझने लगी थी। घर की नेमप्लेट पर उसका नाम न होना इस बात का पुख्ता सबूत था कि वह उस घर की मालकिन नहीं, बल्कि एक लॉन्ग-टर्म लीज पर आई हुई मशीन थी। हर सालगिरह पर उसे साड़ी तोहफे में दी जाती, ताकि उसके पुराने पड़ते अस्तित्व पर एक नया पर्दा डाला जा सके। अचानक एक दिन घर में मातम छा गया, जब वह कोमा में चली गई और अस्पताल के फॉर्म पर मरीज का नाम लिखने की बारी आई। साहब ने अपनी याददाश्त की पुरानी दराजें खंगालीं, पर वहाँ केवल अजी सुनती हो और ओ भाग्यवान के खाली लिफाफे ही मिले। बच्चों ने माँ को हमेशा मम्मी के टैग में देखा था, इसलिए उनके लिए वह किसी गूगल मैप जैसी थी जिसका अपना कोई घर नहीं होता। पूरे खानदान की इज्जत दांव पर थी, क्योंकि बिना नाम के बीमा का पैसा और वसीयत की मलाई मिलना नामुमकिन था। डॉक्टर ने चेतावनी दी कि अगर अगले दस मिनट में उसका नाम नहीं पुकारा गया, तो वह विस्मृति के अंधेरे में हमेशा के लिए खो जाएगी। साहब पागलों की तरह शादी की एल्बम ढूंढने लगे, पर वहाँ भी वह सिर्फ दुल्हन नामक एक जेनेरिक शब्द के नीचे दबी हुई मिली। जब मौत की हिचकी पास आई, तो साहब ने उसके कान में चीखकर कहा, "अपना नाम बता दो, वरना लोग मुझे विदुर किस नाम की पत्नी का कहेंगे?" उसने धीरे से अपनी आँखें खोलीं, उसकी पुतलियों में पच्चीस सालों का सघन अंधेरा और उपेक्षा का व्यंग्य नाच रहा था। उसने पास पड़ी एक छोटी सी पानी की बोतल उठाई और फर्श पर अपनी उंगली से कुछ लिखना शुरू किया, जिसे देखने पूरा परिवार टूट पड़ा।

# विचार

## समुद्र की गहराइयों में भारत की शक्ति

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

आधुनिक युग में युद्ध की प्रकृति ने पारंपरिक सीमाओं को पूरी तरह पार कर लिया है। अब यह केवल टैंकों, विमानों या सैनिकों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि एक बहुआयामी, जटिल और तकनीक-प्रधान प्रक्रिया बन चुका है, जिसमें ड्रोन, साइबर हमले, अंतरिक्ष-आधारित निगरानी प्रणालियाँ, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हाइपरसोनिक मिसाइलें एक साथ कार्य करती हैं। इस परिवर्तित परिदृश्य में युद्ध किसी एक भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समुद्र, आकाश, भूमि और साइबर स्पेस के बीच निरंतर समन्वय के रूप में संचालित होता है। ऐसे वातावरण में भारत जैसी उभरती क्षेत्रीय एवं वैश्विक शक्ति के लिए अपनी सुरक्षा रणनीति को पुनर्परिभाषित करना अनिवार्य हो गया है। विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का विकास अब विकल्प नहीं, बल्कि रणनीतिक आवश्यकता बन चुका है, क्योंकि यह न केवल भारत की रक्षा क्षमता को सुदृढ़ करता है, बल्कि उसकी वैश्विक सामरिक स्थिति को भी मजबूत बनाता है। हिंद महासागर क्षेत्र की बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियाँ इस आवश्यकता को और स्पष्ट करती हैं। यह क्षेत्र केवल सामरिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग भी है। विश्व के अधिकांश तेल परिवहन और व्यापारिक जहाज इसी मार्ग से गुजरते हैं, और भारत की ऊर्जा सुरक्षा भी काफी हद तक इसी पर निर्भर करती है।
ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अस्थिरता या बाहरी हस्तक्षेप भारत की आर्थिक और रणनीतिक स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। चीन की बढ़ती समुद्री उपस्थिति, बंदरगाहों के विकास की उसकी नीति तथा क्षेत्र में उसकी सैन्य गतिविधियाँ भारत के लिए दीर्घकालिक चुनौती प्रस्तुत करती हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान की परमाणु क्षमताओं और उसकी नौसैनिक शक्ति में हो रही वृद्धि भी चिंता का विषय है। इन परिस्थितियों में भारत के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वह अपनी समुद्री सुरक्षा को केवल पारंपरिक साधनों तक सीमित न रखे, बल्कि उसे परमाणु प्रतिरोधक क्षमता से भी सशक्त बनाए। समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी संभावित विरोधी को यह स्पष्ट संदेश मिले कि यदि वह परमाणु हमला करता है, तो उसे समान या उससे अधिक प्रभावी जवाब का सामना करना पड़ेगा। यही सिद्धांत विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध की अवधारणा को जन्म देता है, जिसके तहत कोई भी देश अपनी सुरक्षा के लिए उतनी ही परमाणु क्षमता विकसित करता है जितनी संभावित खतरे को रोकने के लिए आवश्यक हो। भारत की नो फर्स्ट यूज नीति भी इसी सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि भारत पहले परमाणु हथियार का उपयोग नहीं करेगा, लेकिन यदि उस पर हमला होता है, तो वह पूरी क्षमता के साथ जवाब देगा। इस नीति की विश्वसनीयता तभी संभव है जब भारत के पास ऐसी क्षमता हो जो प्रथम हमले के बाद भी सुरक्षित रहे और प्रभावी जवाब दे सके। यही वह स्थान है जहाँ समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता, विशेष रूप से परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियाँ, अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। पनडुब्बियाँ इस संदर्भ में सबसे प्रभावी माध्यम मानी जाती हैं, क्योंकि वे समुद्र की गहराइयों में लंबे समय तक गुप्त रूप से रह सकती हैं और उनका पता लगाना अत्यंत कठिन होता है। यही उनकी सेकंड स्ट्राइक क्षमता को सुदृढ़ बनाता है। अर्थात यदि देश के स्थलीय या हवाई ठिकाने नष्ट भी हो जाएँ, तो समुद्र में मौजूद पनडुब्बियाँ जवाबी हमला करने में सक्षम रहती हैं। यह क्षमता किसी भी विरोधी के लिए एक मजबूत निरोधक तत्व बन जाती है, क्योंकि उसे यह ज्ञात होता है कि वह पूर्णतः सुरक्षित नहीं है। इस प्रकार, समुद्री परमाणु प्रतिरोधक क्षमता केवल युद्ध की स्थिति में ही नहीं, बल्कि शांति बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारत ने इस दिशा में पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वदेशी तकनीक पर आधारित परमाणु-संचालित पनडुब्बियों का विकास इस बात का संकेत है कि भारत अब अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए बाहरी स्त्रोतों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# आलेख

## पांच साल बाद धार क्या बनेगा?–सुरक्षा का बीज या सिर्फ एक और सपना

**प्रो. आरके जैन**

मप्र के धार की पहचान अब केवल उसके प्राचीन वैभव से नहीं, बल्कि एक नए साहसिक संकल्प से जुड़ने जा रही है। 22 अप्रैल 2026 की घोषणा ने इस शांत, ऐतिहासिक नगर को अचानक राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया–जब इसे सेफ सिटी प्रोजेक्ट 2026 के लिए चुना गया। देश के 10 चुनिंदा शहरों में स्थान पाना और मध्य प्रदेश से अकेले प्रतिनिधि के रूप में उभरना इस बात का संकेत है कि धार अब बदलाव की प्रयोगशाला बनने को तैयार है। ?10 करोड़ का आवंटन और पांच वर्षों की समयसीमा केवल प्रशासनिक आंकड़े नहीं, बल्कि गहरे सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव हैं। प्राचीन मालवा की राजधानी अब महिलाओं की सुरक्षा के आधुनिक प्रतीक की ओर बढ़ रही है–एक ऐसा रूपांतरण, जो शहर का चेहरा ही नहीं, उसकी सोच भी बदल सकता है। यह योजना सिर्फ सुरक्षा के इंतजाम खड़े करने की नहीं, बल्कि हर महिला के भीतर भरोसे का अहसास जगाने की पहल है। इसके तहत संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, बेहतर स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग और सशक्त निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा। महिला हेल्प डेस्क, त्वरित पुलिस प्रतिक्रिया और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन इस ढांचे को और प्रभावी बनाएंगे। पिंक टॉयलेट्स जैसी सुविधाएं स्पष्ट करती हैं कि लक्ष्य केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि सम्मान और सुविधा भी है। निर्भया फंड से जुड़ी इस पहल को धार लोकसभा क्षेत्र की सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के सक्रिय प्रयासों से गति मिली, जबकि जिला प्रशासन ने चरणबद्ध योजना में हाई-रिस्क क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर इसे जमीनी जरूरतों से जोड़ दिया है। धार की मौजूदा तस्वीर ही इस पहल की अपरिहार्यता को रेखांकित करती है। ग्रामीण और शहरी जीवन का संगम जहां इसकी पहचान है, वहीं यही मिश्रण सुरक्षा की चुनौतियों को और पेचीदा बना देता है। अंधेरी गलियां, कमजोर रोशनी वाले बाजार और सूने सार्वजनिक स्थल–ये परिस्थितियां महिलाओं के लिए असहजता और असुरक्षा का माहौल गढ़ती हैं। कामकाजी महिलाएं, छात्राएं और पर्यटक अक्सर भय के साये में गुजरते हैं। ऐसे में यह परियोजना केवल ढांचे का सुधार नहीं, बल्कि भरोसे को फिर से मजबूत करने का प्रयास है।

## लू की हवा का प्रकोप, कैसे सांस लेंगे हम।

**संजीव**

**बेरहम** तथा अप्राकृतिक प्रकृति के दोहन का परिणाम अब अपने चरम परिणामों के साथ हमारे सामने खड़ा है। आने वाले महीनों में मौसम वैज्ञानिकों ने जिस तीव्र गर्मी की आशंका जताई है, वह केवल मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं बल्कि दशकों से जारी प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन का प्रत्यक्ष परिणाम है। इंटरगवर्नमेंटल क्लाइमेटिक चेंज स्टडीज की नवीनतम रिपोर्टें स्पष्ट करती हैं कि वैश्विक तापमान औद्योगिक क्रांति के बाद लगभग 1.1 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है और यदि वर्तमान उत्सर्जन दर जारी रही तो 2030 के दशक में यह 1.5 डिग्री की सीमा को पार कर जाएगा। वर्ल्ड मेटियोरोलिजकल ऑर्गेनाइजेशन ने हाल ही में चेतावनी दी है कि पिछले आठ वर्ष मानव इतिहास के सबसे गर्म वर्ष रहे हैं और दक्षिण एशिया विशेष रूप से चरम हीटवेव की चपेट में है। जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ, परंतु विडंबना यह है कि स्वतंत्रता के बाद भी हमने उसी मॉडल को और तीव्र रूप में अपनाया, परिणामस्वरूप मनुष्य तो स्वतंत्र हुआ पर प्रकृति आज भी बंधनों में जकड़ी रही। यूनाइटेड नेशंस एनवायरमेंटल एजेंसी के अनुसार दुनिया हर वर्ष लगभग 1 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र खो रही है, और भारत भी इससे अछूता नहीं है, जहाँ शहरीकरण और औद्योगीकरण की तेज रफ्तार ने जंगलों, जलस्त्रोतों और जैव विविधता पर गंभीर दबाव डाला है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी, किंतु हमने विकास को उपभोग और विस्तार की अंधी दौड़ बना दिया, मशीनें जितनी विशाल होती गईं, मनुष्य उतना ही प्रकृति से दूर और बौना होता गया। फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के आंकड़े बताते हैं कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से विश्व की लगभग 33 प्रतिशत भूमि की उर्वरता प्रभावित हुई है, भारत में भी कई क्षेत्रों में मिट्टी की गुणवत्ता तेजी से गिर रही है और भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा रहा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व के उन देशों में शामिल है जहाँ जल संकट तेजी से गहराता जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### श्री हजूर साहिब की निशुल्क यात्रा के लिए 30 अप्रैल तक करें आवेदन : विवेक आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्म सिंह जोगनाखेड़ा**

**थानेसर :** अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 5 मई को कुरुक्षेत्र से एक विशेष ट्रेन रवाना होगी, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत यात्रा पूरी तरह नि:शुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इच्छुक श्रद्धालु 30 अप्रैल तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। चयन प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी, इसलिए पात्र लाभार्थियों से समय रहते आवेदन करे। इस यात्रा का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने के लिए कुछ नियम निर्धारित किए हैं। इसके लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। योजना के नियमों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण करवाने वाले सभी लाभार्थियों को 30 अप्रैल से पहले लघु सचिवालय स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में अपनी सूचना देना अनिवार्य होगा, ताकि यात्रा संबंधी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने जिले के पात्र बुजुर्गों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और पवित्र धाम के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें। अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं, जिनमें वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी), परिवार पहचान पत्र (पीपीपी), शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है। आवेदक का हरियाणा का निवासी होना और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है।

### संजय गाँधी स्कूल व इंदिरा गाँधी कॉलेज के प्रबंधन सदस्यों ने किया दिल्ली संसद का किया भ्रमण



**लाडवा 26 अप्रैल (विजय कौशिक) :** इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, धनौरा–लाडवा तथा संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा–लाडवा प्रबंधक समिति प्रधान पवन गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय एवं माननीय सांसद नवीन जिंदल के विशेष प्रयासों के फलस्वरूप शुक्रवार, दिनांक 24 अप्रैल 2026 को इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज, धनौरा–लाडवा तथा संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा–लाडवा की जनरल बॉडी सदस्यों ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन (लोकसभा एवं राज्यसभा) का प्रेरणादायक भ्रमण किया। इस यात्रा के दौरान सभी सदस्यों ने संसद की कार्यवाही को नजदीक से देखा और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की जटिलताओं एवं प्रक्रियाओं को विस्तार से समझा। प्रतिभागियों को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यप्रणाली, विधेयकों के निर्माण, चर्चा एवं पारित होने की प्रक्रिया सहित संसदीय परंपराओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान सदस्यों ने संसद भवन की ऐतिहासिक और संवैधानिक महत्ता को भी समझा, जिससे उनके ज्ञान और दृष्टिकोण में सकारात्मक विस्तार हुआ। इस अवसर को सभी ने अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक और प्रेरणास्रोत बताया। पवन गर्ग ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों और प्रबंधन से जुड़े लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं, क्योंकि इससे उन्हें देश की शासन प्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलता है। अंत में सभी सदस्यों ने इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए सांसद नवीन जिंदल का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

# मन की बात में 1857 का जिक्र, अंबाला स्मारक से जुड़े इतिहास को मिलेगी नई पहचान - विज

## अंबाला छावनी में निर्मित हो रहे भव्य शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र करेंगे

**गाथाओं**

देशभर के लोग यहां आकर उन अनसुने वीरों (अनसंग हीरोज) की गाथाओं को जान सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आशा व्यक्त की कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की स्मृति में अंबाला छावनी में निर्मित हो रहे भव्य शहीद स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र करेंगे। उन्होंने कहा कि इस स्मारक के खुलने के बाद देशभर के लोग यहां आकर उन अनसुने वीरों (अनसंग हीरोज) की गाथाओं को जान सकेंगे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। विज अंबाला छावनी स्थित मॉल रोड पर शालिंदर खन्ना (शैली) के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुनने के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज के मन की बात कार्यक्रम में वर्ष 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख किया, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस ऐतिहासिक संग्राम की स्मृति में अंबाला छावनी में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य शहीद स्मारक का निर्माण किया गया है। इसमें 10 मई 1857 से शुरू हुए स्वतंत्रता संग्राम और देशभर में हुए संघर्षों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। अंबाला, मेरठ, झांसी, कश्मीरी गेट सहित विभिन्न स्थानों पर लड़ी गई लड़ाइयों तथा रानी लक्ष्मीबाई, तात्या टोपे जैसे महान योद्धाओं के योगदान को भी इसमें दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रधानमंत्री ने मन की बात में गणित ओलंपियाड में भारतीय विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उल्लेख किया तथा महात्मा बुद्ध के विचारों को भी सांझा किया। श्री विज ने कहा कि महात्मा बुद्ध का संदेश आत्म-अनुशासन पर आधारित है-पहले स्वयं पर शासन करें, फिर दूसरों का मार्गदर्शन करें।



## बात से नहीं, प्रमाण से सिद्ध होता है कानून : एडवोकेट अंकित गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने अपने कार्यालय में आए आम नागरिकों को संबोधित करते हुए यह महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कानून जानिए सीरीज के अंतर्गत उन्होंने कहा कि किसी भी कानूनी विवाद में सबसे महत्वपूर्ण तत्व साक्ष्य होता है, और साक्ष्य का समय पर सुरक्षित किया जाना ही केस की दिशा और परिणाम तय करता है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने बताया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के अनुसार किसी भी तथ्य को सिद्ध करने के लिए विश्वसनीय और वैध साक्ष्य आवश्यक होता है। बिना ठोस साक्ष्य के मजबूत से मजबूत दावा भी न्यायालय में कमजोर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कानून में बात नहीं, प्रमाण बोलता है और जो समय पर प्रमाण सुरक्षित करता है, वही



अपना अधिकार प्रभावी रूप से साबित कर पाता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल युग में व्हाट्सएप चैट, ईमेल, बैंक ट्रांजेक्शन, सीसीटीवी फुटेज आदि भी महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में स्वीकार किए जाते हैं, बशर्ते उन्हें सही तरीके से सुरक्षित रखा जाए। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने आम नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी विवाद या घटना की स्थिति में तत्काल साक्ष्य को सुरक्षित करें और आवश्यकता पड़ने पर विधिक सलाह लेकर उसे व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करें।

### अपहरण कर वसूली दस हजार की फिरौती

**जींद।** स्कोर्पियो सवार युवकों ने गांव खरड़वाल से युवक का अपहरण कर लिया और उसकेखाते से दस हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। जिसके बाद आरोपित युवक को धमकी देकर उसके मामा के घर के निकट छोड़ कर फरार हो गए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने तीन युवकों को नामजद कर एक अन्य के खिलाफ अपहरण करने फिरौती वसूलने तथा धमकी देने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गांव खरडवाल निवासी अंकुश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस शाम को वह दूध लेकर घर की तरफ आ रहा था। रास्ते में स्कोर्पियो में सवार गांव सातरोड कलां निवासी प्रिंस, साहिल, गोल्डी व एक अन्य ने उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया।

## अंडर 18 ब्लास्टर कप ट्राई सीरीज टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन

**समालखा (संजय नरवाल)** डी पी एस पानीपत सिटी में 17 अप्रैल से चल रहे अंडर 18 ब्लास्टर कप ट्राई सीरीज टूर्नामेंट का 25 अप्रैल 2026 को सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच मुंबई बूमर्स और दिल्ली रॉकेटस के बीच खेला गया ।दिल्ली रॉकेटस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवरों में 197 रन बनाए। उन्होंने मुंबई बूमर्स के लिए 198 रन का लक्ष्य रखा । दिल्ली रॉकेटस की तरफ से अमन जैन ने 50 रन और विहान सिंगला ने 40 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया ।लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई बूमर्स की टीम ने बल्लेबाजी तो अच्छी की किंतु वह लक्ष्य का पीछा ना कर सकी। उनकी पूरी टीम 187 पर ऑल आउट हो गई।




दिल्ली रॉकेटस की टीम ने यह फाइनल मैच 10 रनों से जीत लिया ।फाइनल मैच में अमन जैन मैन ऑफ द मैच रहे ।इस अवसर पर एकैडमिक एडवाइजर योगराज सर एवं कुछ छात्रों के अभिभावक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । इसके साथ साथ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए विद्यालय की उपप्रधानाचार्या आभा विषाद एवं डी पी एस जूनियर अंसल की मुख्याध्यापिका सरिता विज भी उपस्थित थे। इस सीरिज में लक्ष चुघ मैन ऑफ द सीरिज, अंकन बेस्ट बैट्समैन , सिद्धार्थ बेस्ट बॉलर, तेजस ठाकुर बेस्ट फील्डर , विहान सिंगला बेस्ट कैच , रुद्र अपकमिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट एवं कुणाल डिसिप्लिन प्लेयर रहे। फाइनल खेलने वाली दोनों टीमों को व्यक्तिगत रूप से ट्रॉफी दी गई और रनर अप और विनर ट्रॉफी दी गई। एकैडमिक एडवाइजर योगराज सर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों से हमारा शारीरिक और मानसिक विकास होता है । इससे हमारे अंदर आत्मविश्वास एवं नेतृत्व करने की क्षमता आदि गुणों का विकास होता है । उपप्रधानाचार्या आभा विषाद एवं मुख्याध्यापिका सरिता विज ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि आगे चलकर विद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने विद्यालय , अपने माता पिता और देश का नाम रोशन करेंगे।

### नूंह में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से सुधर रहा लिंगानुपात



**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का सकारात्मक असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। जिले में लिंगानुपात में पहले की तुलना में सुधार दर्ज किया गया है और यह फिलहाल 938 के आसपास पहुंच चुका है। स्वास्थ्य विभाग लगातार जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बेटियों के महत्व के प्रति प्रेरित कर रहा है। इसी कड़ी में जिले के बदरपुर गांव, जहां लिंगानुपात 1000 से ऊपर दर्ज किया गया है, को एक उदाहरण के तौर पर देखा जा रहा है। बेटियों को प्रोत्साहित करने और शिक्षा के प्रति उनका मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से गत वर्ष स्वास्थ्य विभाग द्वारा बदरपुर गांव के सरकारी स्कूल में दसवीं कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। था प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को 75 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर रहने वाली छात्रा को 40 हजार रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को 35 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

## उठान में देरी की समस्या की जिम्मेदार सरकार है....

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा (संजय नरवाल)** सुबह अनाज मंडी समालखा में अफरा तफरी का माहौल फैल गया लोगों ने देखा कि कुछ युवाओं के साथ दर्जन भर लोग अनाज मंडी में घुम रहें हैं। वे कभी किसी आढ़ती की दुकान में चले जाते तो कभी काम कर किसी मजदूर से बात करने लग जाते तो कभी अनाज मंडी आए हुए किसी के पास खड़े होकर बात चित करने लग जाते। मार्किट कमेटी के वाइस चेयरमैन सतबीर शर्मा के पास यह बात पहुंची तो वे मार्किट कमेटी कार्यक्रम पहुंचे और विभिन्न लोगों से बात कर रहे लोगों को अपने कार्यालय पर बुला लिया। साथ में अनाज मंडी के दोनों फेशों के प्रधानों को इसकी सूचना दी। कुछ आढ़ती भाइयों को भी बुला लिया। जब ये दर्जन भर लोग मार्किट कमेटी कार्यालय पर पहुंचे तो इन्होंने बताया कि हम लोग भारतीय किसान यूनियन (छोटू राम)के पदाधिकारी प्रदेश महासचिव रिंकू सरपंच मालपुर और भारतीय किसान यूनियन (छोटू राम) ब्लॉक समालखा युवा प्रधान हैं अनाज मंडी का दौरा कर रहे हैं। उनसे पूछा गया कि दौरे में आपको क्या बात पता चली तो उन्होंने बताया कि उठान का कार्य काफी कम हो रहा है तीन चार उठान एजेंसियां होने के बाद भी उठान नहीं हो पा रहा है। और कोई समस्या हमें खास नहीं लगी। उठान में देरी की समस्या की जिम्मेदार सरकार है। सीजन से पहले साइलो और अन्य फसल जमा स्थान तक सड़के सही नहीं है आने जाने में जरुरत से ज्यादा समय लगता है सही तरीके से जाने के लिए लम्बा रास्ता तय करना पड़ता है। लेकिन इतनी सारी समस्याओं के बाद भी अनाज मंडी के दोनों फेशों के प्रधानों, सभी आढ़तियों और मार्किट कमेटी के कर्मचारियों ने मिलकर पुरी व्यवस्था को बारीकी और भली भांति से संभाल रखा है। किसानों की हर सम्भव सहायता ये लोग कर रहे हैं जिससे किसानों को ज्यादा निराश नहीं होना पड़ रहा है। इसलिए हम अपनी यूनियन और किसानों की ओर से इन्हें फुल मालाओं से सम्मानित करते हैं और इनका बहुत बहुत धन्यवाद करते हैं जो कार्य सरकार को करना था उसे ये अपने लेवल पर कर रहे हैं।



## भारत विकास परिषद ने वृद्ध आश्रम में राजिंदर कुमार की पुण्य तिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**

**लाड़वा 26 अप्रैल (विजय कौशिक) :** भारत विकास परिषद लाडवा की ओर से बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम लाड़वा में समाजसेवी स्वर्गीय राजिंदर कुमार सैनी की पुण्य स्मृति में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रकल्प प्रमुख नवनीत सिंहल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ स्वर्गीय राजिंदर कुमार सैनी की धर्मपत्नी सुदेश सैनी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। सुबह से ही रक्तदाताओं में रक्तदान के लिए काफी उत्साह देखने को मिला। लगभग 85 रक्तदाताओं ने रक्तदान करने के लिए अपना पंजीकरण कराया जिसमें से 72 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर लाड़वा पुलिस के महिला व पुरुष जवानों के द्वारा रक्तदान किया गया। संस्था की ओर से रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया गया। लाड़वा थाना प्रभारी गुरनाम सिंह ने समाजसेवा करते हुए लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हम रक्तदान के द्वारा किसी व्यक्ति की जान बचाने में योगदान दे सकते हैं। हमे समय समय पर रक्तदान करना चाहिए उससे हमारा स्वास्थ्य भी ठीक रहता है।




### निवेश का झांसा देकर लाखों ठगे

**जींद।** साइबर थाना पुलिस ने शिक्षा विभाग से रिटायर्ड व्यक्ति को झांसे में लेकर शेयर मार्केट मे निवेश करने के नाम पर 25.15 लाख रुपये ठगने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिक्षा विभाग से रिटायर्ड अर्बन एस्टेट निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सीबी द्वारा पंजीकृत वर्ष 2025 में निवेश पर देश का नेतृत्व कर चुके आरव गुप्ता से जुड़ा व्हाट्सअप ग्रुप ज्वायन किया था। फिर उसने ग्रुप में चल रही गतिविधियों को देखा। जिससे प्रभावित होकर उसने ट्रेडिंग एप पंजीकृत कर लिया। खाता रजिस्ट्रड होने के बाद मीना जोशी को कस्टमर प्रतिनिधी बनाया।

## टक्कर मारकर घायल करने के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**नितिन सिंगला जगाधरी**

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए सेक्टर-17 हुड्डा जगाधरी क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी को तेज रफ्तार बाइक सवार द्वारा टक्कर मारकर घायल करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि 24 अप्रैल की रात करीब 11:15 बजे सिपाही नवीन कुमार अपनी टीम के साथ सत्संग विहार नाका प्वाइंट पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बुलेट मोटरसाइकिल चालक ने नाके पर खड़े सिपाही नवीन कुमार को टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही सड़क पर गिरकर घायल हो गया। मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने घायल सिपाही को पहले सिविल अस्पताल यमुनानगर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिविल अस्पताल जगाधरी रेफर कर दिया गया।



मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार सिपाही के दाहिने पैर, कंधे और घुटने में चोटें आई हैं तथा सूजन पाई गई। पुलिस ने घायल सिपाही के बयान पर आरोपी बाइक चालक अरुण पुत्र असलम निवासी गांव दड़वा माजरी थाना सदर जगाधरी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 109, 121(1), 132 और 324(4) के तहत मामला दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी की बुलेट मोटरसाइकिल नंबर ल्फ01अव-6077 और घटना के समय सिपाही की टूटी वर्दी तथा क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन को कब्जे में लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## चतुर्थ पूर्व छात्र मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंद्री (मैनपाल कश्यप)** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय, मटक माजरी में चतुर्थ पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। यह कार्यक्रम माननीय प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी एवं उपप्राचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिल कुमारी रहे, जबकि आयोजन समिति में डॉ रणबीर सिंह, डॉ मीरा कश्यप, डॉ. प्रदीप वत्स, डॉ. गुलाब सिंह, डॉ. अनीता, डॉ मीनाक्षी देवी, डॉ ममता रानी, प्रो डिंपल, डॉ. सविता रानी तथा डॉ. एस. बी. भारद्वाज, डॉ गीता देवी, प्रोफेसर नरेश, डॉ बोहती ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस एलुमनाई मीट में लगभग 100 पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया जिनमें प्रमुख जिला परिषद श्री कुलदीप,जिला परिषद श्री सचिन बुढ़नपुर, श्री पंकज कंबोज (मीडिया रिपोर्टर), श्री राजकुमार, श्री सोहन लाल, प्रो. संदीप, डॉ सुमन देवी, श्री विनोद कुमार, श्री राजेश कुमार, श्री जसविंदर सिंह, श्री मनीष कुमार, श्री सुनील मान, श्री नवीन, श्री साहिल, श्री मिलन, श्री हर्ष शर्मा, एवं श्रीमती शिवानी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पदाधिकारियों में सचिव एवं सहसचिव श्रीमान सोहन सिंह एवं श्रीमान सुनील कुमार ने की । कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अनिला ढिल्लों द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने सभी पूर्व छात्रों का हार्दिक अभिनंदन किया। मंच संचालन डॉ. डिंपल ने किया, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ा। पूर्व छात्र मिलन समारोह में श्री मुकेश ने सभी पूर्व छात्रों को संबोधित किया। एलुमनाई मीट के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय के साथ अपने जुड़ाव को पुनर्जीवित किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधियों और संवाद सत्रों ने कार्यक्रम को और अधिक रोचक बना दिया। पूर्व छात्र प्रवेश ने शहीद उधम सिंह पर आधारित रागिनी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूर्व छात्र सचिन ने ... हरियाणा में आई रे बिजली... पर नृत्य के माध्यम से सबका मन मोह लिया। यशवनी ने ....हाल क्या है दिलो का ना पूछो सनम ... गाकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। पूर्व छात्र सुश्री रजनी, पंचायत सेक्रेटरी, लाडवा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व छात्र पंकज ने हरियाणवी गीत पर नृत्य के माध्यम से माहौल से सबको मनमोहक कर दिया' महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी ने अपने संबोधन में सभी को शुभकामनाएँ दीं तथा एक हरियाणवी रागिनी प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी आनंदमय बना दिया।महाविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर डॉ. रीटा अरोरा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और अधिक बढ़ा दिया। अंत में डॉ. मीरा कश्यप ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समग्र रूप से यह एलुमनाई मीट अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा, जिसने पुराने संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ नए अवसरों के द्वार भी खोले।



## नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को सभी के साझे प्रयासों से ऐतिहासिक और सफल बनाया जाएगा : कंवलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल को सुबह 9 बजे पंचायत भवन के सभागार में होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मुख्य अतिथि होंगी। इतना ही नहीं जिप चेयरपर्सन ने कहा कि नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को सभी के साझे प्रयासों से ऐतिहासिक और सफल बनाया जाएगा। जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मुख्य अतिथि के रूप में 27 अप्रैल को पंचायत भवन के सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शिरकत करेंगी और सैंकडों महिलाओं को सम्बोधित करेंगी। इस कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों , कर्मचारियों की कार्यक्रम के लिए प्रबंध करने और सफल बनाने के लिए ड्यूटियां भी लगाई है। सभी संबंधित विभागों द्वारा अपने अपने विभाग से सम्बन्धित सभी तैयारियां पूरी कर ली है। इस कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि सभी बीडीपीओ, सैल्फ हैल्प ग्रुप से सम्बन्धित अधिकारी महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी को सुनिश्चित करेंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा संगठन की तरफ से भी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।



## न्यूज फ्लैश

### नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने 16 ग्राम 38 मिलीग्राम हेरोइन सहित युवक दबोचा



**सिरसा (शुभम-खटक)**
पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देशानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की एंटी नारकोटिक सेल की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान रोड़ी क्षेत्र में एक युवक को हजारों रुपए की 16 ग्राम 38 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान जसविंदर सिंह उर्फ अमृत पुत्र जटा सिंह निवासी विक्रम बस्ती रोड़ी के रूप में हुई है । उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गुरुद्वारा वाली गली से होते हुए रोड़ी की तरफ जा रही थी । इस दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया । उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वापस मोड़कर खिसकने का प्रयास करने लगा तो पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 16 ग्राम 38 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । एंटी नारकोटिक सेल सिरसा प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना रोड़ी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच थाना रोड़ी को सौंपी गई । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी । सेल प्रभारी ने बताया कि नशा तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सिरसा पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है ।

### फरीदाबादः शराबी पति की हत्या करने वाली पत्नी व साला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पति द्वारा शराब पीकर रोज-रोज मारपीट करने की आदत से परेशान एक महिला ने अपने भाई व जीजा के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी और उसके शव को जंगल में फांसी पर लटका दिया। घटना के तीन दिन बाद रविवार को पुलिस ने आरोपित पत्नी व उसके भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार धर्मबीर निवासी यूपी ने थाना डबुआ में दी अपनी शिकायत में बताया कि 23 अप्रैल को उसके भाई जयबीर की किसी ने हत्या कर दी थी तथा सबूत मिटाने के लिए डेड बॉडी को कूडे में फेंक दिया। जिस शिकायत पर थाना डबुआ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

# एक्सटॉर्शन धमकी भरी कॉल्स के लिए अभेद्य एप बना सुरक्षा कवचः एसपी

## डिजिटल अरेस्ट पर लगेगी लगाम, डबल ओटीपी बनेगा सुरक्षा की नई पहचान :-एसपी

**सिरसा (शुभम.खटक)**
आमजन की सुरक्षा को और अधिक सशक्त एवं तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस द्वारा शुरू किए गए अभेद्य एप को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सिरसा पुलिस ने अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने जिले के सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में विस्तृत जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि माननीय पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल द्वारा लॉन्च किया गया अभेद्य एप नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक प्रभावी डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह एप विशेष रूप से विदेशी नंबरों से आने वाली संदिग्ध एवं धमकी भरी कॉल्स की पहचान करने और उनसे बचाव के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, ऐसे में आमजन को सतर्क रहना और तकनीक का सही उपयोग करना

**निर्देश**

**दोहरी पुष्टि की सुविधा उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है**

अत्यंत आवश्यक हो गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अभेद्य एप केवल एक एप नहीं बल्कि एक भरोसेमंद सुरक्षा कवच है, जो नागरिकों को संदिग्ध कॉल्स की पहचान करने, उनकी रिपोर्टिंग करने और समय रहते सतर्क रहने में मदद करता है। इसके माध्यम से लोग न केवल स्वयं सुरक्षित रह सकते हैं, बल्कि दूसरों को भी जागरूक कर सकते हैं।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस एप के प्रचार-प्रसार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसके लिए रेडियो, टीवी, केबल नेटवर्क, सोशल मीडिया, ग्राम चौपाल, स्कूल-कॉलेज, सार्वजनिक कार्यक्रमों और अन्य



सभी उपलब्ध माध्यमों का अधिकतम उपयोग किया जाए। प्रत्येक स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक नागरिक इस एप के बारे में जानकारी प्राप्त करें और इसका लाभ उठाएं।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि कोई नागरिक ॥अभेद्य एप॥ डाउनलोड करना चाहता है, तो संबंधित अधिकारी स्वयं उसकी सहायता करें। इसमें एप डाउनलोड करवाने, पंजीकरण कराने और इसके उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी देना शामिल है। इस कार्य के लिए साइबर सेल इंचार्ज को विशेष रूप से अधिकृत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को संदिग्ध कॉल्स प्राप्त होती हैं, तो उसे एप से जोड़ना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान को केवल औपचारिकता न समझा जाए, बल्कि इसे जनसुरक्षा के मिशन के रूप में गंभीरता से लिया जाए।उन्होंने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि कोई भी पुलिस अधिकारी फोन पर कभी भी डळळ या पैसे नहीं मांगता। यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार की कॉल प्राप्त होती है, तो उसे घबराने की बजाय सतर्क रहना चाहिए और उसकी सत्यता की जांच करनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से बताया कि यह एप 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों, पेंशनधारकों तथा अकेले रहने वाले व्यक्तियों के लिए अत्यंत उपयोगी है, क्योंकि साइबर अपराधी अक्सर इस वर्ग को निशाना बनाते हैं। बड़ी राशि के लेन-देन के समय दोहरी पुष्टि की सुविधा उन्हें आर्थिक नुकसान से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि सतर्क नागरिक ही सुरक्षित समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

## बंगाल में एक ही नारा चल रहा है चुपचाप, कमल पर छापः प्रो. रामबिलास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा ने आम आदमी पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ये सभी सांसद आप पार्टी में घुटन महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन नेताओं को लगा कि आम आदमी पार्टी में रहते हुए वे जनता की भलाई के लिए प्रभावी कार्य नहीं कर पा रहे थे, इसलिए उन्होंने भाजपा में शामिल होकर जनहित में काम करने का निर्णय लिया, जो सराहनीय है। प्रो. शर्मा ने पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम को लेकर भी भविष्यवाणी करते हुए कहा कि भाजपा 170 से 190 विधानसभा सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उल्लेखनीय है कि कि पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा की पूर्व में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान सहित कई राज्यों के चुनाव परिणाम से पहले चुनाव परिणामों को लेकर की गई भविष्यवाणियां सही साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम



बंगाल में पिछले वर्षों में हिंदुओं के उत्पीड़न के कारण जनता मे दीदी ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ गहरा रोष है। उनके अनुसार, चुनाव में बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत भाजपा के पक्ष में गया है। उन्होंने इसे 1977 में इमरजेंसी के समय कांग्रेस के खिलाफ बने माहौल जैसा बताते हुए कहा कि इस बार बंगाल में जनता तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ खड़ी नजर आई। उन्होंने कहा कि पूरे बंगाल में चुपचाप कमल पर छाप भय जा रहा है, भरोसा आ रहा है का नारा गूंज रहा है और राज्य में परिवर्तन का माहौल बन चुका है।

## नशा मुक्त अभियानः पुलिस ने गांव बास व खुडाना में चलाया जागरूकता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** डोर-टू-डोर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत समाज को नशा मुक्त करने के लिए जिला पुलिस द्वारा निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में एसपी दीपक के दिशा-निर्देशों पर गठित विशेष टीम ने थाना सदर के अंतर्गत आने वाले गांव बास और खुडाना का दौरा किया। टीम ने गांव बास के मंदिर और गांव खुडाना की धर्मशाला में सभी वर्गों के लोगों को एकत्रित कर नशे के गंभीर दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान विशेष रूप से युवा वर्ग को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में भी जागरूक किया गया। नशा मुक्ति के साथ-साथ पुलिस टीम ने आमजन को नए आपराधिक कानूनों के प्रति भी जागरूक किया। उपस्थित लोगों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में समझाया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों और महिला विरुद्ध अपराधों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई, जिस पर महिलाओं ने भी खुलकर अपने विचार पुलिस टीम के साथ साझा किए।

## हजारों रुपए की 10 ग्राम 58 मिलीग्राम हेरोइन बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

**सिरसा (शुभम-खटक)**
पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देशानुसार सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की विभिन्न पुलिस टीमों ने गश्त के दौरान अलग-अलग जगहों से महिला सहित तीन आरोपियों को हजारों रुपए की 10 ग्राम 58 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए नाथूसरी चोपटा थाना प्रभारी ने बताया की कागदाना पुलिस चौकी की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव कागदाना से होते हुए नाथूसरी चोपटा की तरफ जा रही थी । इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव कागदाना के नजदीक पहुंची तो सामने की तरफ से बाइक सवार एक युवक व महिला आते दिखाई दिए। उक्त बाइक सवार युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो बाइक अचानक बंद हो गई । पुलिस पार्टी ने शक के



आधार आरोपी युवक संदीप पुत्र इमरता राम निवासी गांव कागदाना व विमला उर्फ रेनू पत्नी रमेश निवासी गांव कुम्महारिया जिला सिरसा को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्ज से 6 ग्राम 30 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । वहीं एक अन्य घटना में रोड़ी थाना की एक पुलिस टीम गांव रोड़ी की तरफ जारी थी । इस दौरान सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया । उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर वापस मुड़कर खिसकने का प्रयास करने लगा तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार आरोपी बंटू पुत्र भगवान सिंह निवासी बंदर पट्टी रोड़ी को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी ली तो उनके कब्जे से 4 ग्राम 28 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई । गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर जांच संबंधित थानों को सौंपी गई है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में सीयूएच का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच), महेंद्रगढ़ ने 2026-27 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए सरकारी बहुविषयक विश्वविद्यालय श्रेणी में हरियाणा में दूसरा तथा राष्ट्रीय स्तर पर 22वां स्थान प्राप्त किया है।
इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित पुरस्कार समारोह 25 अप्रैल 2026 को द ग्रैंड, वसंत



कुंज, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय की ओर से समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा एवं प्रो. सुरेन्द्र सिंह (निदेशक, आईक्यूएसी) ने यह सम्मान ग्रहण किया। यह पुरस्कार डॉ. जो डी मे, डलास कॉलेज (यूएसए) एवं डेविड दास, सीईओ, यूडब्ल्यूएएस इंडिया ऑपरेशन्स द्वारा प्रदान किया गया।
यह प्रतिष्ठित रैंकिंग देशभर के 2,100 से अधिक शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों के फील्ड इंटरव्यू के आधार पर तैयार की जाती है, जो इसे उच्च शिक्षा क्षेत्र की विश्वसनीय और व्यापक रैंकिंग में स्थान दिलाती है।

**सामूहिक**

**विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है**

इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा, यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। हम गुणवत्ता, नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेंगे।

## गुरुद्वारा कलगीधर साहब गांव महमड़ा में अखंड पाठ साहिब हेतू 8500 भेंटा तय

**टीम एक्शन इंडिया**
**एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर**
**रतिया, 26 अप्रैल :**
गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब गांव महमड़ा में सिक्ख संगत की विशेष बैठक का आयोजन किया गयो जिसमें गुरुद्वारा साहब प्रबंधक कमेटी व गांव वासियों ने सर्वसंमति से प्रस्ताव पारित किया कि श्रीआखंड पाठ साहिब के लिए 8500 रुपए श्री सहज पाठ साहिब के लिए 5100 और सुखमणि साहिब के पाठ के लिए 1100 रुपए भेंटा स्वरूप रखे गए हैं
बाबा दया सिंह व अन्य ने



बताया कि यह प्रस्ताव गांव में स्थित दोनों गुरुद्वारा साहब की कमेटी द्वारा पारित किया गया है
इस अवसर पर बाबा दया सिंह, बाबा कुलविंदर सिंह, मास्टर मनजीत सिंह, पूर्व सरपंच रंगा सिंह, बुद्ध प्रकाश, हंसराज, साहब सिंह, डॉक्टर सुखा सिंह,रामचंद्र, बाबा प्यारा सिंह, संदीप सिंह, गुलजार सिंह, रमेश, गुरमीत सिंह सहित सिख संगत उपस्थित थी।

### पानीपतः परीक्षा में कम अंक आने पर छात्र ने की आत्महत्या

**पानीपत।** पानीपत के मांडी गांव में एक 15 वर्षीय नाबालिग छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। पेपर ठीक से न हो पाने से रिजल्ट खराब आया जिस कारण वह मानसिक तनाव में आ गया इसी के चलते नाबालिग ने यह घातक कदम उठाया। गांव मांडी निवासी मृतक छात्र के दादा ओम प्रकाश ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि उसका पोता अक्षय दसवीं कक्षा का छात्र था। उसने हाल ही में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा दी थी कम अंक आने से वह दुखी था। शनिवार की शाम को वह घर के ऊपर बने कमरे में मौजूद था।

## साइंस ऑफ हैप्पीनेस विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र (कइर) एवं विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में साइंस ऑफ हैप्पीनेस विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन विधि विभाग में किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध लाइफ कोच श्री महेश बजाज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि समस्त शिक्षा का अंतिम उद्देश्य एक सुखी और सार्थक जीवन की प्राप्ति है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता



महत्वपूर्ण है, किंतु वास्तविक सफलता आंतरिक शांति, भावनात्मक संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण के विकास में निहित है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र एवं विधि विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान आयोजित करने के लिए सराहना की तथा विद्यार्थियों को ॥साइंस ऑफ हैप्पीनेस॥ के सिद्धांतों को अपनाकर अपने शैक्षणिक जीवन के साथ मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रो. प्रदीप सिंह ने कहा कि प्रसन्न मन स्पष्ट सोचता है, प्रभावी ढंग से तर्क करता है और न्याय के प्रति अधिक संवेदनशील होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को ध्यान एवं माइंडफुलनेस को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी, जिससे दीर्घकालिक सफलता

**संतुलन**

**आधुनिक जीवन के साथ संतुलन बनाते हुए स्थायी सुख प्राप्त करने का व्यावहारिक मार्ग प्रदान करती है**

एवं संतुष्टि प्राप्त की जा सके। भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के निदेशक प्रो. आनंद शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वास्तविक खुशी बाहरी उपलब्धियों में नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन में निहित है। उन्होंने बताया कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा आधुनिक जीवन के साथ संतुलन बनाते हुए स्थायी सुख प्राप्त करने का व्यावहारिक मार्ग प्रदान करती है।

# फरीदाबाद : पांच बेटियों के बाद हुई बेटी तो मां ने नाले में फैंका,पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** करीब तीन दिन पहले डेढ़ साल की बच्ची को नाले में फेंकने वाली महिला को पुलिस ने रविवार को हिरासत में ले लिया है। बच्ची की मौत हो चुकी है। पूछताछ में महिला ने बच्ची को नाले में फेंकने की बात कबूल की है। बताया कि उसकी पांच बेटियां पहले से है, यह सबसे छोटी थी। गरीबी में उसने यह कदम उठाया। फिलहाल, पुलिस को महिला की यह बात खटक रही है। अब पुलिस जानकारी जुटाई रही है कि मामले में उसके पति का तो कोई रोल नहीं है। पुलिस के मुताबिक, तीन दिन पहले यानि 23 अप्रैल को पल्ला थाना क्षेत्र में नाले में एक बच्ची का शव बरामद हुआ था। धीरज नगर और टीटू कॉलोनी पार्ट-2 के बीच से गंदे पानी का एक बड़ा नाला गुजरता है, जिसे स्थानीय लोग बुढिया नाला कहते हैं। नाले के ऊपर से आने-जाने के लिए स्थानीय लोगों ने एक कच्ची पगडंडी बना रखी है। दो स्कूली बच्चे वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने ही पगडंडी के नीचे नाले के किनारे बच्ची का शव लोहे के जाल में फंसा देखा। इसके बाद दोनों बच्चों ने घर जाकर परिवार को इसकी जानकारी दी। लोग मौके पर पहुंचे और करीब जाकर देखा तो पता चला कि बच्ची मृत अवस्था में नाले के किनारे फंसी हुई थी। इसके बाद तुरंत पल्ला थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद पल्ला थाना पुलिस मौके पर



पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची के शव को नाले से बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद पता चला कि बच्ची की उम्र करीब डेढ़ साल है, जिसकी पानी में डूबने से मौत हुई है। डेढ़ साल की मासूम बच्ची को नाले में फेंकने की बात सामने आने के बाद क्राइम ब्रांच ने इस मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगे एरिया के सारे सीसीटीवी खंगाले। दो दिन बाद पुलिस के साथ

**हत्या**

**अब पुलिस जानकारी जुटाई रही है कि मामले में उसके पति का तो कोई रोल नहीं है।**

कामयाबी लगी, जिसमें एक महिला मासूम बच्ची को गोद में लेकर जाती दिखाई दी। मगर, कुछ देर बाद जब वह लौटी, तो उसकी गोद में कोई नहीं था। सीसीटीवी 23 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे का था। इसके बाद पुलिस ने इस सीसीटीवी के आधार पर महिला की तलाश शुरू की। पुलिस कर्मियों का आसपास के एरिया में महिला की फोटो लेकर भेजा गया। धीरज नगर एरिया में जब टीम पहुंची तो वहां के रहने वाले लोगों ने महिला को पहचान लिया। बताया कि यह महिला नीलम है, जो मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और यहां अपने पति संजय के साथ कई सालों से स्लम एरिया में रहती है। इसके बाद टीम ने बताई गई जगह पहुंच कर नीलम को हिरासत में ले लिया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला से पूछताछ की जा रही है। उसे पति, बच्चों और आसपास के रहने वालों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## जनगणना में ड्युटियों को लेकर हसला प्रधान डीसी को देंगे ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स संगठन हसला के जिला प्रधान अरविंद यादव माजरा ने कहा कि भारतीय जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और आवास गणना के लिए जिले में शिक्षकों की लगाई गई ड्यूटियों को लेकर शिक्षक वर्ग में नाराजगी है। उन्होंने बताया कि कई शिक्षकों की ड्यूटी उनके निवास स्थान और कार्य स्थल से 20 से 30 किलोमीटर दूर निर्धारित की गई है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस व्यवस्था को लेकर शिक्षकों



में रोष है। अरविंद यादव माजरा ने कहा कि इन ड्यूटी से संबंधित विसंगतियों के समाधान के लिए हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स संगठन हसला द्वारा 27 अप्रैल को जिला उपायुक्त अनुपमा अंजलि को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# सेक्टर-15 में सुधा भारद्वाज का डोर-टू-डोर प्रचार, कांग्रेस के पक्ष में मांगे वोट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला मैनपालः** नगर निगम चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी सुधा भारद्वाज ने रविवार को सेक्टर-15 मार्केट में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों, स्थानीय लोगों और क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

इस मौके पर वार्ड से पार्षद पद के प्रत्याशी विजय कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने लोगों से मेयर चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि इस बार पंचकूला में बदलाव की लहर है और कांग्रेस पार्टी का मेयर बनने जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की जीत के बाद शहर की मूलभूत समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।



**अपील**

☐ क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की

सुधा भारद्वाज ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार में पंचकूला के विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 160 करोड़ रुपये के गबन ने शहर के विकास को नुकसान पहुंचाया है और जनता के हितों को प्रभावित किया गया।

उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस का मेयर बनता है तो इस पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने भी अपनी समस्याएं जैसे सफाई, पेयजल, सड़कें और बाजार की व्यवस्थाओं को लेकर प्रत्याशी के समक्ष अपनी बात रखी। सुधा भारद्वाज ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी और पंचकूला के विकास को नई दिशा देगी।

# संस्कार भारती विद्या पीठ में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जांच के बाद दी सलाह

**परामर्श**

☐ ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच के साथ घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण से संबंधित परामर्श दिया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** गांव कामी स्थित संस्कार भारती विद्या पीठ में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीएमडी, ब्लड प्रेशर व शुगर की जांच के साथ घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण से संबंधित परामर्श दिया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी जांच करवाई। शिविर में नई दिल्ली के बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. ईश्वर बोहरा ने मरीजों की जांच की और उन्हें उचित उपचार संबंधी सुझाव दिए। उन्होंने आधुनिक रोबोटिक तकनीक से होने वाले घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। डॉ. ईश्वर बोहरा ने कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ती उम्र के साथ जोड़ों की समस्याएं आम हो रही हैं। समय पर जांच और सही इलाज से इन समस्याओं से राहत पाई जा सकती है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और डॉक्टर की सलाह अनुसार उपचार लेने की अपील की। विद्यालय के प्रधानाचार्य समय सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों का आयोजन जारी रहेगा।

## न्यूज फ्लैश

### माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ मे चलाया स्वच्छता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** स्वच्छता ही सेवा है, इस अभियान को लेकर माता भूरा भवानी मंदिर कमेटी सिसोठ के सदस्यों ने सफाई अभियान चलाकर माता भूरा भवानी मंदिर परिसर की सफाई की। मंदिर कमेटी के प्रेस सचिव एवं मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम के सदस्य मुकेश चौहान व मंदिर कमेटी के सह कोषाध्यक्ष शिवकुमार ने बताया कि जहां स्वच्छता होती है, वहां देवता का वास होता है और मन आनंदित रहता है। इसलिए प्रत्येक रविवार को मंदिर में सफाई अभियान चलाया जाता है। कमेटी सदस्य दिनेश कुमार व दीपक कमांडो ने बताया कि वैसे तो मंदिर कमेटी सदस्य प्रतिदिन सुबह एक घंटा मंदिर में सफाई करते हैं, लेकिन रविवार के दिन सुबह आठ से 10 बजे तक विशेष सफाई अभियान चलाकर पूरे मंदिर परिसर, मंदिर मार्ग एवं उसके आस-पास के स्थान पर सफाई की जाती है, पेड़ पौधों में खोदी लगाकर पानी डाला जाता है। सफाई अभियान के दौरान मंदिर परिसर में बने पार्क की घास की कटाई भी की गई है। सफाई अभियान में समस्त कमेटी सदस्य अपना पूरा योगदान देते हैं।

### चुनावी दंगल शुरूः वार्ड 13 में दीपक गर्ग का जनसंपर्क तेज, लोगों की समस्याएं सुनकर दिया समाधान का भरोसा



**पंचकुला मैनपाल**
**नगर** निगम चुनाव को लेकर अब चुनावी दंगल पूरी तरह से शुरू हो चुका है और सभी उम्मीदवार अपने-अपने वार्डों में सक्रिय होकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 13 से भाजपा के दीपक गर्ग ने वार्ड वासियों के बीच जाकर जनसंपर्क अभियान को गति दी।

दीपक गर्ग ने घर-घर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि नगर निगम में उनकी भागीदारी से वार्ड के विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं—सड़क, सफाई, पानी और स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

इस दौरान वार्ड वासियों ने भी अपनी समस्याएं खुलकर रखीं और गर्ग को समर्थन देने का आशवासन दिया। दीपक गर्ग ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए एक बेहतर और विकसित शहर का निर्माण करना है।

चुनावी माहौल में अब हर प्रत्याशी जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटा हुआ है, जिससे चुनावी मुकाबला और भी दिलचस्प होता जा रहा है।

# सेक्टर वासियों की मांग के अनुसार तय होगी नीड बेस्ड विकास एजेंडा

**पंचकूला मैनपाल ।** पंचकूला के वार्ड नंबर 6 से निर्दलीय प्रत्याशी प्रवीण गोयल ने कहा है कि चुनाव जीतने के बाद उनकी सबसे पहली प्राथमिकता यहां के लोगों की मांग के अनुसार विकास कार्यो के लिए नीड बेस्ड एजेंडा बनाना होगा। प्रवीण कुमार गोयल आज वार्ड नंबर छह के अंतर्गत आते सेक्टर 17 व 18 में लोगों के घरों में गए तथा उनकी समस्याओं को जाना। इसके बाद उन्होंने यहां के दुकानदारों से मुलाकात करके विकास कार्यों पर चर्चा की। उन्होने लोगों को आश्वासन दिया कि उन्हें नगर निगम से संबंधित कार्यों के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे वह स्वयं लोगों के विकास कार्य पहल के आधार पर करवाएंगे। नगर निगम में काम करवाने के लिए पार्षद प्रतिनिधि उपलब्ध रहेंगे। मार्केट एसोसिएशन की तरफ से प्रवीण गोयल को चुनाव में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। प्रवीण गोयल ने वार्ड वासियों को आश्वासन दिया कि वह हर समय उनके लिए उपलब्ध रहेंगे। वार्ड में अभी भी बहुत से काम ऐसे हैं जिनकी तरफ ध्यान नहीं दिया गया। चुनाव के बाद वह इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर हल करवाएंगे। प्रवीण गोयल ने वह अपने विकास का एजेंडा लेकर लोगों में जा रहे हैं,जिसे लोग स्वीकार कर रहे हैं। लोगों को अब



**एजेंडा**

☐ लोगों की मांग के अनुसार विकास कार्यो के लिए नीड बेस्ड एजेंडा बनाना होगा

कोई और विकल्प नहीं तलाशना पड़ेगा। प्रवीण गोयल ने कहा कि वह लोगों से बातचीत करके ही यहां के विकास का मास्टर प्लान तैयार कर रहे हैं। इस अवसर पर समाज सेवी मुकेश अग्रवाल, हरीश जिंदल, पवन गोयल, तेज गोयल, विशाल चौहान, रिकी, एडवोकेट विशाल ठकराल, मनमोहन मोदगिल रितु अभय कुमार समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# नूंह में मुठभेड़ के बाद गो-तस्करी का वांछित आरोपी काबू

**नूंह।** नूंह पुलिस ने गो तस्करी के मामले में वांछित आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पांव में गोली लगी है। घायल आरोपी की पहचान शाकिर पुत्र नवाबदीन निवासी लुहिंगा कला थाना पुन्हाना के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज नूंह में भर्ती कराया है। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि सीआईए नूंह प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप मोर एवं सीआईए पुन्हाना प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीम वांछित आरोपी की तलाश में थी। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी मोटरसाइकिल पर तावडू की तरफ से पल्ला पहाड़ मार्ग से नूंह की ओर आने वाला है। सूचना के आधार पर अरावली हर्बल नर्सरी के सामने नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपी नाकाबंदी देखकर भाग निकला और पुलिस टीम ने उसका पीछा किया।

अरावली क्षेत्र में बाइक का संतुलन बिगड़ने से आरोपी गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस के अनुसार उसने अवैध देशी कट्टे से पुलिस पार्टी पर सीधी फायरिंग कर दी, जिसकी गोली इंस्पेक्टर संदीप मोर के पास से निकल गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी को आत्मसमर्पण के लिए चेतावनी दी गई, लेकिन वह दोबारा हथियार लोड करने लगा, जिसके बाद आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी के पैर की ओर फायर किया गया,।

# परीक्षा में कम अंक आने पर छात्र ने की आत्महत्या

**पानीपत।** पानीपत के मांडी गांव में एक 15 वर्षीय नाबालिग छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। पेपर ठीक से न हो पाने से रिजल्ट खराब आया जिस कारण वह मानसिक तनाव में आ गया इसी के चलते नाबालिग ने यह घातक कदम उठाया। गांव मांडी निवासी मृतक छात्र के दादा ओम प्रकाश ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि उसका पोता अक्षय दसवीं कक्षा का छात्र था। उसने हाल ही में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा दी थी कम अंक आने से वह दुखी था। शनिवार की शाम को वह घर के ऊपर बने कमरे में मौजूद था, काफी देर तक जब वह नीचे नहीं आया। परिवार के सदस्य ऊपर कमरे में गए तो अक्षय फंदे पर लटका हुआ था।

परिजन उसे तुरंत एनसी मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने तुरन्त इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। ओमप्रकाश ने बताया कि परीक्षा सही न होने के कारण कम अंक आने से वह परेशान रहता था। इसी तनाव के कारण उसने फंदा लगाकर जान दे दी। रविवार को इसराना पुलिस ने दादा की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

# रेलवे पार्क में योग शिविर आयोजित, साधकों को सिखाई गई शुद्धि क्रियाएं

**गन्नौर ।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में रेलवे पार्क में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 48 साधकों को शुद्धि क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में आचार्य छबील दास ने जल नेती व सूत्र नेती की विधि विस्तार से समझाते हुए उनका व्यावहारिक अभ्यास करवाया। डॉ. प्रेम और आर्य महिपाल ने शुद्धि क्रियाओं के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित अभ्यास से शरीर की आंतरिक सफाई होती है और कई प्रकार की बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि ये क्रियाएं विशेष रूप से श्वसन तंत्र को मजबूत करने में सहायक होती हैं। जिला प्रधान मास्टर ओमप्रकाश ने उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिविर में यशवीर धामा, राजेंद्र वर्मा, बलबीर सिंह आर्य, अजीत, नवीन वशिष्ठ, बीके जी, शशि, आर्य संतोष, नीरू अधलखा, नवीन त्यागी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# नारनौल में सड़क हादसे में युवक की मौत

**नारनौल।** नारनौल में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और तीन साल का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान गांव अकबरपुर रामू निवासी साहिल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, साहिल अपनी पत्नी उषा भारती (25) और तीन वर्षीय बेटे इशान के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल राजस्थान के झुंझुनूं जिले के गांव सागा जा रहा था।

जब वे नेशनल हाईवे पर बलाहां

# छात्रों ने ताईकमांडो मेमोरियल कप में प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीते

**नाम रोशन**

☐ खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है

**गन्नौर ।** ताईक्वांडो चैंपियनशिप में चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने रेवाड़ी में हुई लक्ष्मी देवी ताई कमांडो मेमोरियल कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक जीते है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। कोच सन्नी चौधरी,कोच अंजू ने बताया कि प्रतियोगिता में आलोक, परीक्षित और सुशांत ने अपने-अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर टीम को बढ़त दिलाई। वहीं चरणजीत, युग, जश और मयंक ने भी शानदार खेल दिखाते हुए रजत पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने कठिन मुकाबलों में संघर्ष करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। स्कूल निदेशक अजय यादव ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# केमिकल भंडारण को लेकर कंपनी के खिलाफ मुरथल पुलिस को शिकायत

**राई।** मुरथल स्थित एचएसआईआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी के खिलाफ खतरनाक रसायनों के भंडारण को लेकर पुलिस में शिकायत दी गई है। शिकायतकर्ता एस.के. राठी ने थाना मुरथल में दी शिकायत में कंपनी पर नियमों की अनदेखी करते हुए ज्वलनशील और खतरनाक रसायनों के भंडारण का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार संबंधित कंपनी द्वारा ऐसे रसायनों का भंडारण किया जा रहा है, जिनके लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों और लाइसेंस की आवश्यकता होती है। आरोप है कि पूर्व में भी कंपनी परिसर में आग लगने और विस्फोट जैसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कर्मचारियों के झुलसने की बात सामने आई थी। शिकायतकर्ता ने वर्ष 2022 और 2024 में हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए प्रशासन को अवगत कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा एचएसआईआईडीसी में उनके प्लॉट के सामने ही रसायनों का भंडारण किया जा रहा है, जिनमें एसीटोन, मेथनॉल, टोल्यून, टेट्राहाइड्रोफ्यूरान, हाइड्रोफ्लोरिक एसिड, आइसोप्रोपाइल अल्कोहल और पेट्रोलियम ईथर जैसे पदार्थ शामिल बताए गए हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच करने की मांग की है, ताकि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# अनिल कौशिक की निर्देशित फिल्म का अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव के लिए चयन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** रंगमंच और टीवी कलाकार शहर निवासी अनिल कौशिक की निर्देशित शॉर्ट फिल्म, सपने ऊंचे नहीं सच्चे होने चाहिए का चयन अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव के लिए किया गया है। स्मरण रहे कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित रत्नावली उत्सव में इस फिल्म को बेस्ट शॉर्ट फिल्म अवार्ड मिल चुका है। एसवीएसयू विश्वविद्यालय के लिए निर्मित इस फिल्म को रत्नावली उत्सव कुरुक्षेत्र में बेस्ट शॉर्ट फिल्म में नवाजा गया। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव में फिल्म सपने ऊंचे नहीं सच्चे होने चाहिए का अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव में चयन होने पर

**बधाई**

☐ विवि कुलपति दिनेश कुमार ने युवा कार्यक्रम निदेशक अनिल कौशिक को बधाई दी

विवि कुलपति दिनेश कुमार ने युवा कार्यक्रम निदेशक अनिल कौशिक को बधाई दी। शीघ्र ही यह शॉर्ट फिल्म हरियाणा अंतरराष्ट्रीय फिल्म उत्सव में बेस्ट फिल्म के चयन के लिए रखी जाएगी। युवाओं को हुनर अनुसार स्किल शिक्षा पर जोर दिए जाने वाले विषय पर बनी फिल्म सपने ऊंचे नहीं सच्चे होने चाहिए की पटकथा व निर्देशन का कार्य महेंद्रगढ़ निवासी अनिल कौशिक ने किया है। इस फिल्म में विश्वविद्यालय के ही कलाकारों ने अभिनय किया। कौशिक ने बताया कि इस फिल्म का निर्माण पटकथा लेखन से शूटिंग, एडिटिंग के सभी कार्य केवल तीन दिन में पूरे किए गए। अनिल कौशिक इससे पूर्व भी डाक्यूमेंटरी व शॉर्ट फिल्मों का निर्माण करते थे।



**हरियाणा पुलिस के लिए भी बना रहे शॉर्ट फिल्म**

अनिल कौशिक के निर्देशन में हरियाणा पुलिस के लिए एंटी ड्रग्स विषय पर बनने वाली शॉर्ट मूवी के निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही यह फिल्म विवि और शिक्षण संस्थाओं व पंचायतों में भेजी जाएगी। शीघ्र ही भारत सरकार का एनसीवी मंत्रालय भी उनके अनुभव को मान्यता प्रदान कर अलग से जिम्मेदारी सौंपने जा रहा है।

# गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने व गौ हत्या समाप्त करने के लिए अभियान आज

**गन्नौर ।** गौ माता को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने व गौ हत्या समाप्त करने के लिए अभियान के तहत 26 अप्रैल को सभी गन्नौर की सभी गौशाला व सेवा समिति के पदाधिकारी द्वारा गन्नौर एसडीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा। गौशाला सेवा समिति के प्रधान सतपाल ने ज्ञापन कार्यक्रम में सभी से पहुंचने की अपील करते हुए बताया कि 27 अप्रैल और 27 जुलाई 2026 को ह्यगो सम्मान दिवसह्न के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है, जिसके माध्यम से गोवंश संरक्षण, सेवा और सम्मान को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत देशभर में जनसमर्थन जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि गोवंश से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ उठाया जा सके। समिति द्वारा रखी गई प्रमुख मांगों में गोवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करना, गोसेवा के लिए सुदृढ़ व्यवस्था विकसित करना तथा इस दिशा में प्रभावी कानून बनाने की आवश्यकता शामिल है। उन्होंने बताया कि इन विषयों को लेकर विभिन्न स्तरों पर संवाद स्थापित किया जा रहा है। समिति प्रधान सतपाल ने सामाजिक संगठनों, युवाओं, किसानों और आम नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान का हिस्सा बनकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और अधिक से अधिक लोगों को भी इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि गोसेवा भारतीय संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग रही है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। यदि समाज एकजुट होकर आगे बढ़ेगा, तो इस दिशा में सकारात्मक बदलाव संभव है। अभियान से जुड़ने के लिए लोगों को मिस कॉल के माध्यम से पंजीकरण करने की सुविधा भी दी गई है।

# उत्तराखंड में मैदानी इलाकों में झुलसा रही धूप, 28 अप्रैल के बाद बदलाव के संकेत

**चिलचिलाती**

**मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना रह सकता है**



**देहरादून।** उत्तराखंड इस समय तेज गर्मी की चपेट में है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। मौसम विभाग के ताजा आकलन के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत की संभावना कम है, हालांकि 28 अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं।

रविवार को मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के मैदानी इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर दर्ज किया गया। दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। आगामी 1झ2 दिनों तक यही स्थिति बनी रह सकती है।

पूर्वानुमान के मुताबिक अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और गरज-चमक की संभावना है। वहीं 4400 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी भी हो सकती है। राज्य के अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि मैदानी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना रह सकता है। इससे लू जैसे हालात बनने की आशंका जताई गई है। पूर्वानुमान के अनुसार 28 अप्रैल के बाद मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान बादल छाने, हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिससे अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। पर्वतीय क्षेत्रों में यह बदलाव पहले से ही आंशिक रूप से नजर आ सकता है, जहां मौसम अपेक्षाकृत संतुलित बना हुआ है।

देहरादून में आसमान साफ से आंशिक बादलों से घिरा रह सकता है। कुछ स्थानों पर गर्जन वाले बादल विकसित होने के आसार हैं। यहां अधिकतम तापमान करीब 39त्सेल्सियस और न्यूनतम 22त्ञ के आसपास रहने का अनुमान है।

तेज गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर में अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी है।

# बिजनौर से बरामद हुईं बालिकाएं, दो गिरफ्तार

**बरामद**

**दो आरोपितों को रविवार को बिजनौर उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर दोनों बालिकाओं को बरामद कर लिया**



**हरिद्वार।** पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को बहला-फुसलाकर भगाने वाले दो आरोपितों को रविवार को बिजनौर उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर दोनों बालिकाओं को सकुशल बरामद कर लिया है। मामला कोतवाली भगवानपुर क्षेत्र का है, जहां 21 अप्रैल को एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री और भतीजी बिना बताए घर से लापता हो गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी मंगलौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आसपास के क्षेत्रों और हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और डिजिटल सर्विलांस की मदद से लगातार जांच जारी रखी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने आरोपित मोहित कुमार को बिजनौर से हिरासत में लेकर नाबालिग भतीजी को सकुशल बरामद किया। इसके अगले ही दिन 26 अप्रैल को दूसरे आरोपी नितीश उर्फ मन्नू को भी बिजनौर से गिरफ्तार कर नाबालिग पुत्री को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

# देहरादून के सहसपुर में रसोई की चिंगारी से जले छह गुज्जर डेरे

**अफरा-तफरी**

**अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते छह डेरे उसकी चपेट में आ गए**

**विकासनगर (देहरादून)।** सहसपुर क्षेत्र के इंद्रा कॉलोनी मेदनीपुर स्थित गुजरों के डेरों (घरों) में रविवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते छह डेरे उसकी चपेट में आ गए। पुलिस और अग्निशमन विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि या पशुहानि नहीं हुई।

पुलिस के अनुसार, कंट्रोल रूम के जरिये सहसपुर क्षेत्र के इंद्रा कॉलोनी मेदनीपुर में आग लगने की सूचना मिली थी। इस पर कोतवाली सहसपुर, चौकी धमावाला की पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। बताया गया कि सभी डेरे मिट्टी और घास-फूस से बने होने के कारण आग तेजी से फैल गई। शुरूआती जांच में सामने आया कि एक डेरे की रसोई से उठी चिंगारी ने आग पकड़ ली, जो देखते ही देखते आसपास के अन्य डेरों तक पहुंच गई।

आग की चपेट में आने से छह परिवारों का घरेलू सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। प्रभावित डेरों में मुस्तका, सदाम, याकूब, यामीन, जाफर और बसीर के डेरे शामिल हैं।

पुलिस और अग्निशमन टीम की सतर्कता से आग को अन्य डेरों तक फैलने से रोक लिया गया।

# टिहरी में शादी की पहली सालगिरह पर नवविवाहिता की हुई मौत, पति समेत 3 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**घनसाली (टिहरी)।** घनसाली थाना क्षेत्र के सांकरी गांव में एक नवविवाहिता की शादी की पहली सालगिरह पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है।

मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए उत्पीड़न और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल की रात सांकरी गांव निवासी 22 वर्षीय पूनम की हालत बिगड़ने पर ससुराल पक्ष उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलेश्वर लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ससुराल पक्ष का कहना है कि पूनम ने अपने कमरे में पंखे से फांसी लगा ली थी और उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया।

वहीं, मायके पक्ष ने इस दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि पूनम ने आत्महत्या की थी तो इसकी सूचना तत्काल उन्हें और प्रशासन को दी जानी चाहिए थी। उनका आरोप है कि दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ित किए जाने के बाद उसकी हत्या की गई है।

बताया गया कि पूनम का विवाह पिछले वर्ष इसी माह में हुआ था। उसका पति गौरव सिंह दुबई में एक होटल में काम करता है और कुछ दिन पहले ही घर लौटा था।

# हरिद्वार के रानीपुर क्षेत्र की फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के बहादराबाद इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्ट्री में रविवार को अचानक भीषण आग लग गई। जिससे कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई।

फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में फैक्ट्री की मशीनरी और तैयार माल जलकर क्षतिग्रस्त हो गया है।

## न्यूज फ्लैश

### वूलन एक्सटेंशन काउंटर का शुभारंभ, सैनिकों और वीर नारियों को मिलेगा लाभ

**हल्द्वानी।** काठगोदाम स्थित कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर कैंप में आज रविवार को वूलन एक्सटेंशन काउंटर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस काउंटर का उद्घाटन ब्रिगेडियर संजय कुमार यादव, विशिष्ट सेवा मेडल, कमांडेंट कुमाऊँ एवं नागा रेजिमेंट सेंटर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मेजर अनीश चन्द्रन (सेना मेडल), सूबेदार मेजर, जेसीओ एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।इस वूलन एक्सटेंशन काउंटर का मुख्य उद्देश्य सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और आम नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाले ऊनी वस्त्र आसानी से उपलब्ध कराना है।

पहले इन उत्पादों की खरीद के लिए लोगों को रानीखेत या नैनीताल जाना पड़ता था, लेकिन अब यह सुविधा काठगोदाम और आसपास के क्षेत्रों में ही उपलब्ध होगी।यह पहल न केवल लोगों को सुलभ और उचित मूल्य पर ऊनी वस्त्र उपलब्ध कराएगी, बल्कि कुमाऊँ रेजिमेंट सेंटर से जुड़ी वीर नारियों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी। इससे उनके जीवनयापन में सुधार होगा और उनके परिवारों, विशेषकर बच्चों की शिक्षा व सुविधाओं में सकारात्मक सहयोग मिलेगा।

### घुड़दौड़ी संस्थान व एपीएसइनोवेटिव के बीच हुआ एमओयू

**पौड़ी गढ़वाल।** गोविंद बल्लभ पंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन्स विभाग द्वारा आईटी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था एपीएसइनोवेटिव के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। संस्थान के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य उद्योग-संस्थान सहभागिता को सुदृढ़ करना व छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है।

संस्थान के निदेशक डा. वीके बंगा ने बताया कि इस एमओयू के अंतर्गत एमसीए छात्रों के लिए संरचित बूटकैम्प कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रोग्रामिंग, डाटाबेस प्रबंधन, डेटा स्ट्रक्चर्स, एप्टीट्यूड, संचार कौशल व इंटरव्यू तैयारी जैसे विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण ऑनलाइन एवं ऑफलाइन (हाइब्रिड मोड) में संचालित होगा, जिससे छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक ज्ञान एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

बताया कि इससे पूर्व संस्थान द्वारा सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम देहरादून के साथ भी एमओयू साइन किया गया। जिसके तहत दोनों संस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी, विद्युत अभियांत्रिकी, कंप्यूटर विज्ञान, ट्राइबोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में सहयोग, शैक्षणिक आदान-प्रदान एवं संयुक्त अनुसंधान गतिविधियों पर कार्य करेंगे। बताया कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण एवं उद्योगोन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर डा. राजेश कुमार, डा. प्रीति डिमरी, डा.केकेएस मेर आदि शामिल रहे।

### जनगणना में लगे शिक्षकों व कर्मचारियों ने कार्यमुक्त करने की उठाई मांग

**पौड़ी गढ़वाल।** राजकीय शिक्षक संघ व जूनियर हाईस्कूल(पूमा) शिक्षक संघ ने जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों व कर्मचारियों को कार्यमुक्त किए जाने की मांग की है। संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द समस्या का हल निकालने की मांग की है।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए विभागीय शिक्षकों व कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। कहा कि जिले के कई क्षेत्रों में स्कूलों से कार्यस्थल की दूरी अधिक होने के चलते शिक्षकों के लिए शैक्षिक कार्य के साथ-साथ जनगणना का कार्य करना अत्यंत कठिन हो रहा है। कहा कि जनगणना का कार्य महत्वपूर्ण कार्य है। जिसके लिए नियुक्त किए गए शिक्षकों व कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया जाना आवश्यक है। जिससे वे जनगणना का कार्य समर्पण के साथ समय पर कर सके। उन्होंने जनगणना में लगे शिक्षकों व कर्मचारियों को कार्यमुक्त करने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भवान सिंह नेगी, जिलामंत्री बिजेंद्र सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष पूरण सिंह, अनिल नेगी, दिनेशचंद्र पाठक, ऋषि रावत, अवनीश नेगी, मनीष बिष्ट, पूरण चंद्र धुलिया, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भगत सिंह भंडारी, जिलामंत्री भोपाल सिंह रावत शामिल रहे।

### सम्मोहन कर ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** बुजुर्गों को निशाना बनाकर सम्मोहन के जरिए ठगी करने वाले एक शातिर अपराधी को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 24 अप्रैल 2026 की है, जब एक बुजुर्ग महिला रूड़की सब्जी मंडी से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे बातों में उलझाकर कथित रूप से सम्मोहित कर लिया और उसका बैग लेकर फरार हो गया। बैग में मोबाइल फोन, करीब 6-7 हजार रुपये नकद, पहचान पत्र और घर की चाबियां रखी हुई थीं। पीड़िता की शिकायत के आधार पर कोतवाली गंगनहर में मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी रुड़की के पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम गठित की गई।

प्रभारी निरीक्षक मणि भूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया और सुरागरसी-पतारसी शुरू की। लगातार प्रयासों के बाद 26 अप्रैल को कब्रिस्तान मार्ग से एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया।

# बोर्ड परीक्षार्थियों का अक आधारित मूल्यांकन व फीडबैक सिस्टम तैयार




**देहरादून।** उत्तराखंड में बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए एआइ आधारित तैयारी, मूल्यांकन और फीडबैक की नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। इस हाइटेक पहल का उद्देश्य 10वीं और 12वीं के छात्रों के परीक्षा परिणामों में सुधार लाना है। योजना के तहत छात्रों की पढ़ाई का आकलन वर्षभर आनलाइन एआइ सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा और उनकी कमजोरियों के आधार पर उन्हें मार्गदर्शन दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से हर स्कूल से उन 25 प्रतिशत छात्रों को शामिल किया जाएगा जो पढ़ाई में अपेक्षाकृत कमजोर हैं। इनका चयन बेसलाइन टेस्ट के जरिए होगा।

चयनित छात्रों को एक लागिन आइडी दी जाएगी, जिससे उनका व्यक्तिगत अकाउंट बनाया जाएगा। इसके माध्यम से छात्रों को विषयवार अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी और उनकी प्रगति का नियमित मूल्यांकन किया जाएगा। शिक्षक इस आधार पर फीडबैक देंगे और कमजोर विषयों में अतिरिक्त सामग्री देकर छात्रों को बेहतर तैयारी करवाई जाएगी।

कार्यक्रम के तहत ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जुलाई के तीसरे सप्ताह में छात्रों का टेस्ट लिया जाएगा, जिससे मई से जुलाई के बीच की तैयारी का आकलन हो सके।

इसके बाद जुलाई से सितंबर तक लगातार फीडबैक की प्रक्रिया चलेगी और छात्र स्वयं भी अपनी प्रगति का मूल्यांकन कर सकेंगे।

अक्टूबर में पुनः आनलाइन आकलन होगा। जिन छात्रों का प्रदर्शन औसत से कम रहेगा, उनके शिक्षकों को भी कक्षावार विशेष ध्यान देकर सुधारात्मक कार्य करना होगा। फरवरी में अंतिम एंडलाइन टेस्ट आयोजित किया जाएगा।

यदि चयनित 25 प्रतिशत छात्रों का स्कोर 90 प्रतिशत या उससे अधिक पहुंचता है, तो इस योजना को सफल माना जाएगा। इस पूरी व्यवस्था के लिए शिक्षकों की भी आनलाइन आइडी बनाई जाएगी।

# शिक्षकों व कर्मचारियों ने कार्यमुक्त करने की उठाई मांग

**पौड़ी गढ़वाल।** राजकीय शिक्षक संघ व जूनियर हाईस्कूल(पूमा) शिक्षक संघ ने जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों व कर्मचारियों को कार्यमुक्त किए जाने की मांग की है। संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द समस्या का हल निकालने की मांग की है।

जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए विभागीय शिक्षकों व कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। कहा कि जिले के कई क्षेत्रों में स्कूलों से कार्यस्थल की दूरी अधिक होने के चलते

# मन की बात बना जनप्रेरणा का सशक्त माध्यमः मंत्री गणेश जोशी

**भागीदारी**

**नियमित रूप से इस कार्यक्रम को सुनें और इससे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र के हाथीबड़ाकला स्थित बूथ संख्या 69 में पार्टी कार्यकर्ताओ एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133 वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात से समाज में जागरूकता लाने के साथ ही जनप्रेरणा का सशक्त माध्यम बना है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के लिए प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल जानकारी प्रदान करता है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने और आमजन को सशक्त बनाने का प्रभावी मंच भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नियमित रूप से इस कार्यक्रम को सुनें और इससे प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता डंडरियाल, आरएस परिहार, निरंजन डोभाल, अशोक गुप्ता, संजय नौटियाल, अर्जुन सिंह, कैप्टन दिनेश चंद्र सकलानी (सेनि) सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केदारनाथ में प्रशासन व पुलिस श्रद्धालुओं से कर रही सीधा संवाद

**सुखद**

**जनपद पुलिस व प्रशासन का मुख्य उद्देश्य केदारनाथ आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की यात्रा सुरक्षित और सुखद बनाना है**



**देहरादून।** श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए रोजाना पहुंच रहे हैं। पहले चार दिनों में यह संख्या सवा लाख तक पहुंच चुकी है। सुगम एवं सुरक्षित यात्रा को लेकर प्रशासन और पुलिस द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर यात्रियों ने संतोष व्यक्त किया है।

धाम पहुंचे श्रद्धालुओं के एक समूह ने पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर से अनुभव साझा करते हुए बताया कि यात्रा मार्ग और मंदिर परिसर में तैनात पुलिस व प्रशासनिक टीम द्वारा यात्रियों का उचित मार्गदर्शन किया जा रहा है। रात्रि के समय कपाट खुलने का इंतजार कर रहे यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से दर्शन कराए गए। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करने से न केवल व्यवस्था बनी रही, बल्कि सभी को सुगमता से दर्शन प्राप्त हुए।

श्रद्धालुओं ने विशेष रूप से ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के व्यवहार और सेवा भाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, जिससे उन्हें एक सकारात्मक माहौल मिल रहा है।

जनपद पुलिस व प्रशासन का मुख्य उद्देश्य केदारनाथ आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु की यात्रा को सुरक्षित और सुखद बनाना है। सभी स्तरों पर यात्रियों की सहायता हेतु टीमें निरन्तर मुस्तैद हैं।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे की धीमी प्रगति पर डीएम सख्त



**हरिद्वार।** जनपद में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कड़ा रुख अपनाया है। रविवार को जिला कार्यालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए।

बैठक में कृषि, उद्यान एवं गन्ना विकास विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने स्पष्ट कहा कि किसानों के खसरा-खतौनी के डिजिटल सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समयसीमा में कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि किसानों के खसरा-खतौनी में अंश निर्धारण का कार्य तेजी से पूरा कराया जाए। इसके लिए लेखपालों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाई जाए और किसी भी स्तर पर देरी न हो।

इसके साथ ही उन्होंने प्रमाण पत्रों के निर्गमन की प्रक्रिया को समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को समय पर सेवाएं मिल सकें। सीएचसी सेंटरों के माध्यम से जारी आधार कार्ड और अन्य प्रमाण पत्रों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण करने को कहा गया।

आपदा प्रबंधन को लेकर भी डीएम ने गंभीरता दिखाई और कहा सभी उपजिलाधिकारी अपने क्षेत्रों के जलभराव वाले स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करें। नालों, गदेरों और कलमटों की सफाई मानसून से पहले पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि जलभराव की समस्या से बचा जा सके।

बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ, अपर जिलाधिकारी पी.आर. चौहान, एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव गुप्ता, एसडीएम भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी, एसडीएम लक्सर अनिल कुमार शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# देवप्रयाग-पौड़ी मार्ग पर कार खाई में गिरी, एक ही परिवार के 6 लोग घायल

**पौड़ी गढ़वाल।** देवप्रयाग-पौड़ी मोटर मार्ग पर कुंडाधार के समीप रविवार को एक एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कफलना (पौड़ी) निवासी परिवार चंद्रबदनी मंदिर में दर्शन कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब तीन बजे कुंडाधार से लगभग एक किलोमीटर पहले वाहन अचानक नियंत्रण खो बैठा और खाई में जा गिरा।

## न्यूज फ्लैश

### फरीदाबाद : पिता के डर से नाबालिग बच्चे ने फांसी लगाकर दी जान

**फरीदाबाद।** छांयसा थाना क्षेत्र में 11 वर्षीय एक नाबालिग बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि बच्चे ने घर से 50 से 100 रुपए निकाल लिए थे। जब उसकी मां को इस बात का पता चला तो उसने बच्चे से सिर्फ इतना कहा कि जब उसके पापा घर आएंगे तो वह बताएगी कि वह बिना बताए घर से पैसे निकाल लेता है। मां की यही बात सुनकर बच्चा घबरा गया और घर की छत पर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि घटना से कुछ देर पहले बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेलकर घर लौटा था। जानकारी के अनुसार, शनिवार देर शाम छांयसा गांव में रहने वाला 11 वर्षीय बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेलकर घर वापस आया था। इसी दौरान उसने घर से करीब 50 से 100 रुपए निकाल लिए थे। कुछ समय बाद उसकी मां को पैसे निकालने की बात पता चल गई। मां ने बच्चे को ज्यादा डांटा नहीं, बल्कि केवल इतना कहा कि वह उसके पिता के आने पर इस बारे में बताएगी। मां की यह बात सुनकर बच्चा डर गया और चुपचाप घर की छत पर चला गया। बताया जा रहा है कि छत पर पहुंचने के बाद बच्चे ने कपड़े सुखाने वाली रस्सी को पानी की टंकी की पाइप से बांध दिया। इसके बाद उसने छत पर रखी एक टेबल को सहारे के रूप में इस्तेमाल किया। बच्चा टेबल पर चढ़ा और रस्सी का फंदा बनाकर अपने गले में डाल लिया। इसके बाद उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ समय बाद जब बच्चे की मां ने उसे घर में ढूंढना शुरू किया तो वह कहीं दिखाई नहीं दिया। इसके बाद वह उसे तलाशते हुए घर की छत पर पहुंची। वहां पहुंचने पर उसने देखा कि उसका बेटा रस्सी के फंदे से लटका हुआ है। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चे को तुरंत अस्पताल लेकर गए। लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बच्चा करीब 15 से 20 मिनट तक फंदे पर लटका रहा, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही छांयसा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया। छांयसा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली थी कि एक 11 वर्षीय बच्चे ने फांसी लगा ली है। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। परिजनों से पूछताछ में सामने आया कि बच्चे ने घर से 50 से 100 रुपए निकाल लिए थे और मां के पिता को बताने की बात कहने के बाद वह छत पर जाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर बैठा।

### फरीदाबाद : ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तरप्रदेश निवासी सुमित(21) व मनवेंद्र(22) के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों को आज अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस प्रवक्ता अनुसार एस.जी.एम नगर निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि जनवरी 2026 में उसकी फेसबुक आईडी पर एक मैसेज आया। जिन्होंने बताया कि वे ग्लोबल प्राइम ट्रेड का काम करते है और लोगों के पैसे को ग्लोबल ट्रेड में लगवाते है और उसका मोटा मुनाफा दिलाते है। फिर उसके मोबाईल पर एक लिंक भेजा जिसमें शिकायतकर्ता ने अपनी सारी डिटेल्स भर दी, फिर एक ग्रुप पर उसका एक अकाउंट खोल दिया और उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में ऐड किया। जिसके बाद ठगो के कहने पर शिकायतकर्ता ने ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा कमाने के लालच में अलग-अलग खाता में कुल 54 लाख 85 हजार रुपए भेज दिये। जिसके बाद उसे कोई पैसा वापस नही मिला। जिस संबंध में साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित सुमित विदेश में बैठे ठगो के साथ संपर्क में था। जिनके कहने पर सुमित ने मनविंद्र को नवीन(खाताधारक) के पास दिल्ली के एक होटल में भेजा था। जहां बैठकर उन्होंने खाता का एक्सेस टेलीग्राम के जरिये विदेश में बैठे ठगो को दिया था। मनविंद्र बीसीए व आईटीआई पास व सुमित 12वीं पास है।

# उफ्फ ये गर्मी ! चीका शहर में गर्मी का पारा पहुंचा 41 डिग्री के पार....

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला चीका में मौसम का मिजाज काफी बदला हुआ और पूरी तरह से गमार्ता दिखाई दे रहा है। हालात यह बन गए हैं कि चिलचिलाती गर्मी ने अभी से कहर बरपाना शुरू कर दिया है और अभी तो अप्रैल का महीना भी खत्म नहीं हुआ है। सूर्य देवता प्रकट होते ही आग बरसाना शुरू कर देते हैं। आज दोपहर का तापमान 41 डिग्री को पार कर गया। भीषण लू के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आमतौर पर जून में महसूस होने वाली तेज गर्मी अभी अप्रैल में ही महसूस की जा रही है। तापमान में कोई राहत न मिलने के कारण, रातें भी लगातार गर्म होती जा रही हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग नींबू पानी, लस्सी और छाछ का सहारा ले रहे हैं। हैरत वाली बात यह है कि जब अप्रैल में ही तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार



कर गया है, तो इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि आने वाले समय में गर्मी का क्या रुख रहेगा नतीजतन लू के और तेज होने की उम्मीद है, जिससे जनता को काफी परेशानी हो सकती है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के कारण, लोग अब केवल जरूरी कामों के लिए ही अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, दिन के समय सड़कों और बाजारों में एक अजीब सी खामोशी देखी जा सकती है। गर्मी से निपटने के लिए, लोग नींबू पानी, ठंडे पेय और सादा पानी ज्यादा मात्रा में पी रहे हैं। यहां ताजा स्थिति यह है कि रात में भी मौसम गर्म रहता है और दिन में गर्म मौसम के साथ साथ भीषण गर्मी की लहर जैसी स्थिति देखी जा सकती है। मौसम विभाग से मिली जानकारी जानकारी के मुताबिक, मौसम विभाग ने मई और जून के महीनों में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और लू वाले दिनों की संख्या बढ? की आशंका जताते हुए एक चेतावनी जारी की है, जिसके चलते इस मौसम में लू से बचने के लिए एहतियाती उपाय करना बेहद जरूरी है।

**गर्मी से बचने के लिए ये किए जाएं उपायः डा. बंसल**

शहर के प्रतिष्ठित डाक्टर विरेंद्र बंसल से सम्पर्क कर जब भीषण गर्मी और लू से बचने के लिए कुछ जरूरी टिप्स पूछी गई, तो उन्होंने बताया कि शरीर को हाइड्रेटेड रखें, दिन में 8-10 गिलास पानी, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी और सत्तू का सेवन करें। सुबह 10 से शाम 4 बजे के बीच बाहर न निकलें, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर ढककर रखें। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए शराब, कैफीन और ज्यादा मीठे पेय पदार्थों से बचें। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि प्यास न लगने पर भी पानी पिएं। उन्होंने कहा कि अगर चक्कर आएं, सिरदर्द हो, उल्टी लगे या बहुत तेज बुखार हो, तो यह लू के लक्षण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में तुरंत छायादार या ठंडी जगह पर जाएं और किसी अच्छे चिकित्सक से सम्पर्क करें।

## हाईवे पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत, चार घायल

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में कानपुर सागर हाईवे पर हुई बाइक दुर्घटना में रविवार को एक अधेड़ व दो सगे भाइयों समेत चार घायलों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक घायल को मृत घोषित कर दूसरे को जिला अस्पताल रेफर किया है।

जनपद बांदा के थाना मटोंध के ग्राम जखौरा निवासी शारदा सिंह (50) पुत्र भगवानदीन गांव के ही जितेंद्र उर्फ जीतू सिंह (27) पुत्र रमेश कुमार के साथ जनपद से एक विवाह समारोह में शामिल होकर बाइक से गांव लौट रहे थे। जीतू बाइक चला रहा था तभी हाईवे पर ग्राम नरायच के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने शारदा सिंह को मृत घोषित कर दिया। जीतू की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर किया है।




इधर ग्राम मकराव निवासी लवलेश (3) व लालू (25) पुत्र लल्लू मौदहा से एक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी राजमार्ग पर मौदहा व मकराव के बीच संतुलन बिगड़ने से दोनों गिरकर घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना प्रभारी संतोष सिंह ने रविवार को बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है वहीं चार लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बताया कि शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कराई जा रही है।

### गुरुग्राम के बजघेड़ा में प्लास्टिक फैक्ट्री में आग का तांडव

**गुरुग्राम।** जिला में आगजनी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। रोजाना कहीं ना कहीं आग की घटना हो रही है। रविवार की अलसुबह यहां बजघेड़ा क्षेत्र में एक प्लास्टिक की फैक्ट्री व उसके गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि आग बुझाने के लिए कर्मचारी पास भी नहीं जा पा रहे थे। 10 किलोमीटर से अधिक दूरी से धुंआ आसमान में नजर आ रहा था। आसपास बनीं सोसायटियों में भी आग की इस घटना से दहशत रही। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## देवरिया में बहू-बेटी अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश शासन की ओर से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद देवरिया में विशेष पहल ह्लबहू-बेटी अभियानह्व व्यापक स्तर पर चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आयोजित अभियान में जिले के सभी थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान के तहत परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित तथा दहेज उत्पीड़न की शिकार महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर चौपाल,



जनसंवाद और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना रुद्रपुर, लार, बरहज, भाटपार रानी और सुरौली समेत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने गांवों व कस्बों में पहुंचकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रमों में महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराध, लैंगिक भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें इनसे बचाव के उपाय और कानूनी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिससे महिलाओं और बालिकाओं का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

स दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें डायल 112, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090, जननी सुरक्षा 102, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एंबुलेंस सेवा 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त निराश्रित महिला पेंशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना समेत अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

### खाली प्लॉट के कचरे में लगी भीषण आग, दमकल विभाग ने 3 घंटे में पाया काबू

**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में रेलवे रोड स्थित बक्शी ग्राउंड के समीप एक खाली प्लॉट में शनिवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि इसने आसपास के क्षेत्र में दहशत फैला दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की दो गाडि?ों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। गनीमत यह रही कि आग को समय रहते रोक लिया गया, अन्यथा पास ही स्थित बैंकों और दुकानों को भारी नुकसान हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार, बक्शी ग्राउंड के पास खाली प्लॉट में शनिवार रात करीब 11 बजे आग की लपटें दिखाई दीं। आसपास के दुकानदारों और राहगीरों द्वारा फेंके गए कचरे के ढेर ने आग को तुरंत पकड़ लिया और उसने विकराल रूप ले लिया। स्थानीय निवासी रविंद्र ने बताया कि रोड से गुजरते समय जब उन्होंने लपटें देखीं, तो तुरंत दमकल विभाग और पार्षद रिंकू गर्ग को इसकी सूचना दी। इसके बाद दमकल की दो गाडियां मौके पर पहुंचीं और देर रात करीब दो बजे आग को बुझाया जा सका। जिस स्थान पर आग लगी, उसके ठीक सामने एसबीआई बैंक, पीएनबी बैंक और रेलवे रोड की कई प्रमुख दुकानें व सैलून स्थित हैं। इन बैंकों में एटीएम भी लगे हुए हैं।

## फरीदाबाद में गोवंश काटे जाने की सूचना पर हंगामा, मांस बरामद

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सेक्टर-19 ओल्ड मार्केट के पास रविवार उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब बजरंग दल के कार्यकताओं को सूचना मिली कि एक दुकान के अंदर गोवंश काटा जा रहा है। सूचना मिलने के बाद संगठन के कार्यकताओं ने एक युवक का पीछा किया और उसके पीछे-पीछे दुकान तक पहुंच गए, जहां कथित रूप से मांस काटा जा रहा था। राष्ट्रीय बजरंग दल के वार्ड अध्यक्ष दीपक शाक्य ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सुबह फतेहपुर तगा से कुछ लोग बाइक पर गोवंश काटकर ला रहे हैं और उसे



सेक्टर-19 ओल्ड मार्केट के पास एक दुकान में रखा गया है। इस सूचना के बाद कार्यकताओं ने बाइक सवार युवक का पीछा किया। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि युवक कपड़े में लिपटा हुआ मांस दुकान के अंदर ले जा रहा था। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सेक्टर-19 पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दुकान के अंदर जांच की तो वहां से काफी मात्रा में मांस बरामद हुआ। पुलिस ने मांस को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिया और दुकान पर मौजूद दो से तीन लोगों को पूछताछ के लिए चौकी ले गई। राष्ट्रीय बजरंग दल के दीपक शाक्य ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि ओल्ड रेड लाइट से सेक्टर-19 मार्केट के पास एक दुकान में गोवंश काटकर लाया गया है। उन्होंने कहा कि मौके से काफी मात्रा में मांस बरामद हुआ है और उन्हें शक है कि यह गोवंश का मांस हो सकता है। उन्होंने मांग की कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जाए और जिस दुकान में मांस रखा गया था उसके सभी कानूनी दस्तावेजों की भी जांच की जाए। वहीं, सेक्टर-19 पुलिस चौकी इंचार्ज अजय कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दुकान के अंदर मौजूद सभी मांस को जब्त कर लिया। चौकी इंचार्ज अजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, जहां एक दुकान के अंदर काफी मात्रा में मांस बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि मौके पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौजूद थे, जिससे कुछ समय के लिए हंगामे जैसा माहौल बन गया था।

## किठवाड़ी में मां-बेटी की निर्मम हत्या, दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप

**पलवल।** हरियाणा के पलवल जिले के किठवाड़ी गांव में रविवार को बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 26 वर्षीय महिला मिथिलेश और उसकी करीब 4 वर्षीय मासूम बेटी मुकरी की गला दबाकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस जघन्य वारदात के बाद आरोपी परिवार के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत और रोष का माहौल है। घटना का पता उस समय चला जब पड़ोसियों को घर के भीतर असामान्य स्थिति नजर आई और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर



पहुंची पुलिस और मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने देखा कि मां-बेटी के शव घर के फर्श पर पड़े हुए थे। दोनों के गले पर गहरे निशान पाए गए हैं, जिससे गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

चांदहट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरिकिशन ने रविवार को बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी गई है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं और सीआईए यूनिट को भी अलर्ट किया गया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है और उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### सोनीपतः हादसे में कैंटर हेल्पर की मौत, चालक घायल

**सोनीपत,।** सोनीपत में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। सेक्टर सात फ्लाईओवर के पास हुए सड़क हादसे में दूध के कैंटर के हेल्पर की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब दूध से भरा कैंटर हाईवे पर जा रहा था। सेक्टर सात फ्लाईओवर के पास कैंटर का टायर पंचर हो गया। इस पर चालक सोनू और हेल्पर प्रवीण वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर टायर ठीक करने के लिए नीचे उतर गए। उसी दौरान

## जींद : ज्ञान गंगा केंद्र हमारे युवाओं के भविष्य का प्रतीक : कार्तिकेय

**जींद।** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि जिस तरह मंदिर हमारी आस्था का प्रतीक है। उसी तरह यह ज्ञान गंगा केंद्र हमारे युवाओं के भविष्य का प्रतीक है। ज्ञान गंगा केंद्र ऐसी जगह होगी जहां हमारे बच्चे, जिनमें प्रतिभा व क्षमता है उनको एआई की ट्रेनिंग मिल सके ताकि आने वाले समय में वो नौकरी मांगने वाले नही देने वाले बन सकें।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा रविवार को पिल्लूखेड़ा में भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं शोभा यात्रा पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा को बाइक रैली




के माध्यम से आयोजन स्थल तक लाया गया। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और भगवान परशुराम की जयकार की गई। उन्होंने मंदिर के लिए पांच लाख रुपये व 10 लाख रुपये ज्ञान गंगा केंद्र धर्मशाल में स्थापित करने के लिए देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि वास्तविक सत्य है कि हर बच्चा डाक्टर, इंजीनियर नही बन सकता और न ही हर बच्चे को सरकारी नौकरी मिल सकती है। हमें ऐसा प्रयास करना है कि हमारे बच्चे तकनीक का इस्तेमाल कर आगे बढें और नौकरी लेने वाले नही बल्कि नौकरी देने वाले बनें। उन्होंने कहा कि आज का दिन इसलिए विशेष है कि हम हम भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। ऐसा कर हम अपनी आने वाली पीढि?ों को बता रहे हैं कि ब्राह्मण समाज 36 बिरादरी को साथ लेकर चलता है।

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि हमारे बच्चों में टैलेंट की कोई कमी नही है। पिल्लूखेड़ा में ज्ञान गंगा केंद्र के माध्यम से बच्चों को एआई और अन्य टेक्नोलॉजी के बारे में पता

## फायरिंग करने वाले बदमाश व स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट के बीच हुई मुठभेड़

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** आज यहां पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट (एसडीयू) की गुहला थाने के अन्तर्गत आने वाले गांव रत्ताखेड़ा लुकमान के पास एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। उक्त जानकारी देते हुए एस.डी.यू. के इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि गत 4 अप्रैल को चीका में एक मोबाइल शाप पर फायरिंग करने के आरोपियों में से एक फरार आरोपी, रवि जो कि गांव रम्भा जिला करनाल का रहने वाला है और आज वह गुहला क्षेत्र में घूम रहा है और जब पुलिस ने इसका पीछा किया, तो वह अपने मोटरसाइकिल को लेकर गांव रत्ताखेड़ा लुकमान के पास से गुजर रही घग्गर नदी के



बांध के ऊपर से भागने लगा परंतु उसका मोटरसाइकिल अचानक फिसल गया और जैसे ही पुलिस ने इसके चारों तरफ घेरा पाया, तो इसने पुलिस के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी परंतु सौभाग्यवश पुलिस कर्मचारी ने बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुई थी, जिसके चलते वह बाल बाल बच गया। परंतु पुलिस की जवाबी फायरिंग में इसके घुटने पर गोली लगी और वह वहीं गिर गया, जिसके बाद पुलिस ने फुर्ती दिखाते हुए इसे धर दबोचा। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश को तुरंत इलाज के लिए गुहला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसका औपचारिक उपचार करने के बाद उसे कैथल रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि गत 4 अप्रैल को चीका में शहर के बीचोंबीच एक गिल मोबाइल शॉप पर अज्ञात दो लोगों ने गोलियां चलाई थी। उन्होंने बताया कि अमन नाम के एक युवक ने मोबाइल की एक दुकान की हुई है और घटना के दिन वह एक शादी के सिलसिले में शापिंग के लिए अम्बाला गया हुआ था और दुकान पर एक अन्य कर्मचारी बैठा हुआ था। उन्होंने बताया कि देर सांय लगभग 6 बजे दो अज्ञात युवक एक बाइक पर सवार होकर आए और उन्होंने दुकान के ठीक सामने बाइक रोककर गोलियां चलानी शुरू कर दी। राणा ने बताया कि उन्होंने लगभग चार गोलियां चलाई, जिसमें दो गोलियां दुकान के बाहर लगे शीशे के दरवाजे को चीरती हुई दुकान के अन्दर जा घुसी परंतु दुकान के अंदर बैठे एक युवक को संयोगवश कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि दो गोलियां चल नहीं सकी, जो बाहर ही गिर गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई थी परंतु आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले ही वहां से फरार हो चुके थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू की और फिरौती के लिए उक्त वारदात को अंजाम देने वाले पांच युवकों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि यह छटा आरोपी अभी तक फरार था, जिसे आज गिरफ्तार कर लिया गया।

## एचसीएस परीक्षा के बायोमेट्रिक जांच में पकड़ा गया फर्जी अभ्यर्थी, असली उम्मीदवार भी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा में फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है। फरीदाबाद के सेक्टर 7सी स्थित परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक जांच के दौरान एक युवक को दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया। पुलिस ने फर्जी परीक्षार्थी और असली अभ्यर्थी दोनों को हिरासत में ले लिया है।जिला प्रशासन के अनुसार, शहर में एचसीएस प्रारंभिक परीक्षा के सुबह के पहले सत्र में केएल महता दयानन्द पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 7सी में बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान




यह युवक पकड़ा गया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए युवक का नाम विशाल कुमार है, जो किसी अन्य अभ्यर्थी की जगह परीक्षा देने पहुंचा था। असली अभ्यर्थी भी परीक्षा केंद्र के आसपास मौजूद था। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कर लिया है।

डीसी आयुष सिन्हा ने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गडबड़ी नही होने दी जायेगी। पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि शहर में इस परीक्षा के लिए 80 सेंटर बनाए गए हैं। इन पर 22 हजार 776 अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे है। हर सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन सिस्टम और जैमर की लगाया गया है। सेंटर के 200 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू की गई है।

# चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए गंगोत्री-केदारनाथ के बीच वैकल्पिक मोटर मार्ग का प्रस्ताव

**सीमांत क्षेत्र**

**सीमांत क्षेत्रों में त्वरित सैन्य एवं प्रशासनिक आवागमन सुनिश्चित करेगा आर्थिक विकास को नई गति देगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** ब्रिडकुल के पूर्व महाप्रबंधक आरपी उनियाल ने चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए गंगोत्री से केदारनाथ के मध्य भटवाड़ी-बुढाकेदार-घुत्तू-पनवाली-त्रियुगीनारायण पैदल मार्ग को मोटर मार्ग में परिवर्तित करने का प्रस्ताव रखा है। इससे केदारनाथ की दूरी लगभग 70 किलोमीटर कम हो जाएगी। आरपी उनियाल ने परेड ग्राउंड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों को बताया कि यह विषय उत्तराखंड सरकार से लेकर भारत सरकार तक अनेक बार उठाया गया, किंतु आज तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021-22 में उत्तराखंड सरकार द्वारा इस मार्ग का सर्वेक्षण भी कराया गया था, परंतु उसके बाद की आवश्यक कार्यवाही अब तक लंबित है। वर्ष 2022 में सीमा सड़क संगठन द्वारा भी इस विषय पर सकारात्मक पहल की गई थी। उत्तराखंड राज्य की दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, सीमांत क्षेत्रों की सामरिक महत्ता, आपदा प्रबंधन की आवश्यकता व क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए बीआरओ द्वारा कुछ



महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं का प्रारंभिक प्रस्ताव राज्यपाल, उत्तराखंड को अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया था। राज्यपाल की संस्तुति के बाद उक्त प्रस्ताव राज्य शासन को समीक्षा एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया, किंतु आज तक इस पर अपेक्षित निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उनके इस प्रस्ताव में जो प्रमुख परियोजनाएँ सम्मिलित रही हैं उनमें घनसाली से घुत्तू (भिलंगना क्षेत्र, जनपद टिहरी गढ़वाल) के मध्य लगभग 31 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण।

इसके साथ ही घुत्तू से गुप्तकाशी (जनपद रुद्रप्रयाग) के मध्य लगभग 12 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण। उनका कहना है कि यदि इन परियोजनाओं को मूर्त रूप दिया जाता है, तो यह गंगोत्री से केदारनाथ के मध्य एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक मार्ग सिद्ध होगा, जिससे वर्तमान मार्ग की तुलना में केदारनाथ की दूरी लगभग 70 किलोमीटर तथा देहरादून-ऋषिकेश से केदारनाथ की दूरी लगभग 30 किलोमीटर कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त यह मार्ग क्षेत्रीय संपर्क को सुदृढ़ करेगा, आपदा के समय सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराएगा, सीमांत क्षेत्रों में त्वरित सैन्य एवं प्रशासनिक आवागमन सुनिश्चित करेगा तथा स्थानीय जनता के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति देगा।

# बेटियों ने पुलिस ट्रेनिंग में दिया मजबूती, तत्परता, समर्पण व अनुशासन का परिचयः मुख्यमंत्री योगी

**दीक्षांत समारोह**

**2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरक्षी प्रशिक्षण के दौरान बेटियों ने जिस मजबूती, तत्परता, समर्पण व अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत है। इन सबको समाहित करते हुए देश के लिए सर्वोत्कृष्ट योगदान देने की भावना वदीर्धारी बल का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती है। प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद के जीवन में उतना ही कम खून बहाने की



नौबत आती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत वर्ष 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों को दीक्षांत परेड समारोह में संबोधित कर रहे थे। रिजर्व पुलिस लाइन में हुए आयोजन में मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी भी ली। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाली महिला आरक्षियों को बधाई दी और कहा कि सभी ने लगन व अनुशासन के साथ कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अब आप सबको जनपदों की फील्ड ड्यूटी में जाना है। याद रखिए, कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी आरक्षी प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, कौशल व मूल्यों का उपयोग करते हुए निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से यूपी पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। योगी ने कहा कि आज प्रदेश के 10 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों, 73 जनपदों की पुलिस



लाइंस, 29 पीएसी बटालियनों, 112 रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटरों में एक साथ आरक्षी दीक्षांत परेड आयोजित की जा रही है।

15 जून 2025 को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 60,244 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे। 21 जुलाई से इनका प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस दौरान मैं भी विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में गया और देखा कि प्रशिक्षण व सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले यूपी पुलिस के सामने चुनौती व संकट था, लेकिन हमने इसे देश के बेहतरीन पुलिस बल के रूप में स्थापित किया। हमने 2.18 लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती और 1 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों का प्रमोशन किया। 2017 में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता महज 3 हजार थी, लेकिन हमने 60244 पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण यूपी के केंद्रों में ही एक साथ संपन्न किया है।

# वाराणसी में 491 प्रशिक्षु महिला आरक्षियों ने पासिंग आउट परेड में लिया हिस्सा

**भागीदारी**

**491 प्रशिक्षु महिला आरक्षियों ने पासिंग आउट परेड में पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की**



**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में रिजर्व पुलिस लाइन वाराणसी में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रविवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में 491 प्रशिक्षु महिला आरक्षियों ने पासिंग आउट परेड में पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने परेड का निरीक्षण किया और पहली सलामी ली। इस दौरान लखनऊ में आयोजित परेड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण भी पुलिस लाइन मैदान में किया गया। पासिंग आउट परेड में कुल 18 टोलियों में आरक्षी शामिल हुई। परेड के बाद प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रथम परेड कमांडर रेनू, द्वितीय रोशनी गुप्ता और तृतीय रोशनी देवी सहित कुल 18 महिला आरक्षियों को सम्मानित किया गया। पासिंग आउट परेड और शपथ ग्रहण के बाद आरक्षियों ने अपने परिजनों के साथ मैदान पर खुशियां मनाई। पुलिस आयुक्त ने मोहित अग्रवाल के अनुसार, महिला आरक्षियों को नौ महीने तक बाह्य और आंतरिक सुरक्षा की फिजिकल-पुलिसिंग की ट्रेनिंग दी गई थी। सभी महिला आरक्षियों को विभिन्न थानों पर तैनात किया जाएगा, जहां वे महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण तथा आमजन की सेवा एवं सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इससे पहले महिला आरक्षियों की पहली ड्यूटी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसभा में लगाई गई है।

पुलिस आयुक्त ने विश्वास जताया कि ये प्रशिक्षु महिला आरक्षी भविष्य में पुलिस विभाग की सशक्त पहचान बनकर समाज में सुरक्षा, विश्वास और सेवा का वातावरण मजबूत करेंगी। पासिंग आउट परेड के दौरान डीसीपी वरुणा एवं लाइन प्रमोद कुमार, डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल, एडीसीपी वैभव बांगर सहित अन्य पुलिस अफसर भी मौजूद रहे।

# हेमकुंट साहिब के अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की भेंट



**व्यवस्था**

**हेमकुंट साहिब यात्रा 2026 को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुख्यमंत्री आवास में गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने भेंट की। इस दौरान आगामी हेमकुंट साहिब यात्रा 2026 को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। ट्रस्ट अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को 20 मई को आयोजित होने वाले यात्रा के पहले जत्थे के विदाई समारोह में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यात्रा मार्ग, आवास, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की निरंतर निगरानी की जा रही है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यात्रा को सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

ट्रस्ट अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि 20 मई को पहले जत्थे का विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका नेतृत्व पारंपरिक रूप से पंज प्यारों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि श्री हेमकुंट साहिब के कपाट 23 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में शामिल होकर गुरु गोबिंद सिंह की तपोभूमि के दर्शन करते हैं।

# 'ग्राम-2026' से किसान बनेगा सशक्त और खेती होगी आधुनिक : मुख्यमंत्री

**निवेश**

**राइजिंग राजस्थान ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देकर उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी गांव के विकास का आधार है। वे जरूरतमंदों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाते हैं तथा ग्रामीणों के सपनों को पूरा करने में योगदान भी देते हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को धरातल पर उतारने में ग्राम विकास अधिकारी अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के अभिनन्दन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



सुशासन से ही राजस्थान समृद्ध बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार प्रशासन का मूल मंत्र ह्यनागरिक देवो भवह्व होना चाहिए। इसी कड़ी में ग्राम विकास अधिकारी आमजन की सेवा में दिन-रात समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में बड़ी संख्या में लाभार्थी जनकल्याणकारी एवं आधारभूत विकास की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने सरकारी कार्मिकों की कार्यक्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए मिशन कर्मयोगी की शुरूआत की है। इसके जरिये कार्मिक विकसित भारत-विकसित राजस्थान के सपने को पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में पानी एवं बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं प्रारंभ की हैं। पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम हो रहा है। वहीं, ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि कर किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देकर उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया है। राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरी के भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

# उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी संग कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का रविवार को जयपुर में उत्साह और जोश के साथ सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुना।

कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर आपस में चर्चा भी की।

# शिव मंदिर पर 29 को ध्वजारोहण करेंगे मुख्यमंत्री योगी

**ध्वजारोहण**

**ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर में दर्शन कर सकेंगे: चम्पत राय**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के सभी मंदिरों में देवी-देवताओं के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों के शिखरों पर ध्वजारोहण हो चुका है। वहीं अब



शिव मंदिर पर ध्वजारोहण की तैयारी है। शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को करेंगे।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय ने बताया कि आगामी वैशाख शुक्ल त्रयोदशी 29 अप्रैल (बुधवार) को शाम 5 बजे शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कराया जाएगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद श्रद्धालु मंदिर परिसर में दर्शन कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में करीब 700 मेहमान शामिल होंगे।

**मेहमानों के लिए व्यवस्था**

आमंत्रित मेहमानों को रंगमहल आश्रम (रामकोट) की ओर से, अमावा राम मंदिर होते हुए रामगुलेला मंदिर बैरियर की ओर से और बिरला धर्मशाला के सामने जगद्गुरु रामानन्दाचार्य द्वार से प्रवेश मिलेगा। वहीं इनके लिए पार्किंग व्यवस्था टेढ़ी बाजार चौराहे पर अरुन्धती भवन पार्किंग, टेढ़ी बाजार से गोकुल भवन की ओर और ब्रह्मकुंड गुरुद्वारा के पास की गई है।

वहीं कार्यक्रम के लिए अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता की जा रही है।

# तारापुर से पहली बार विधायक बने और मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिलाः सम्राट

**स्वागत किया**

**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपने विधानसभा क्षेत्र तारापुर शनिवार को पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंगेर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपने विधानसभा क्षेत्र तारापुर शनिवार को पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 133वें एपिसोड को सुना। इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि वे तारापुर से पहली बार विधायक बने और पहली बार ही मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला, जो उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी और चुनौती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें अपने क्षेत्र की सेवा करने का अवसर मिला है और वे अधूरे कार्यों को



पूरा करने के लिए आए हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय तक बिहार को सजाने और विकास देने का काम किया। साथ ही उन्होंने प्रशासनिक सख्ती का संकेत देते हुए कहा कि अब मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा ब्लॉक और अंचल स्तर तक मॉनिटरिंग की जाएगी और यदि कोई पदाधिकारी एक महीने से अधिक फाइल लंबित रखता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। सम्राट चौधरी ने खुले मंच से कहा कि प्रखंड, अंचल और पुलिस थानों के कामकाज की निगरानी अब सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई अधिकारी बिना किसी वैध कारण के जानबूझकर किसी फाइल में एक महीने (30 दिन) से अधिक की देरी करता है या उसे दबाकर बैठ जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के लिए किए जाने वाले काम में जानबूझकर देरी करना भ्रष्टाचार का ही एक रूप है, जिसे अब किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को स्पष्ट करते हुए सम्राट चौधरी ने खुद का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि तारापुर में उनके अपने घर की सीढ़ी भी सरकारी जमीन पर पाई गई थी, जिसे प्रशासन द्वारा ध्वस्त किया जा रहा है।

# ऐतिहासिक कानून का विरोध कर विपक्ष ने महिला विरोधी मानसिकता उजागर कीः अर्जुनराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेर।** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने रविवार को बीकानेर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि महिलाओं को संसद एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले इस ऐतिहासिक कानून का विरोध कर विपक्ष ने एक बार फिर अपनी महिला विरोधी मानसिकता उजागर कर दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब देश की मातृशक्ति को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का अवसर आया तो विपक्षी दलों



ने बहानेबाजी, भ्रम फैलाने और प्रक्रिया को बाधित करने का काम किया। महिलाओं के अधिकारों को टालने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। मेघवाल ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक बिल नहीं, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं के सपनों और उनकी भागीदारी का प्रतीक है।